


वर्ष : 2 अंक: 175 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

मंगलवार, 16 फरवरी 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## दिशा रवि की गिरफ्तारी के बाद सियासत तेज

### विपक्षी दलों ने केंद्र पर साधा निशाना, कहा यह लोकतंत्र पर हमला



**नई दिल्ली।** पर्यावरण कार्यकर्ता दिशा रवि की गिरफ्तारी को लेकर विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार को निशाने पर ले लिया है। प्रियंका गांधी वाड्रा, शशि थरूर, कपिल सिब्बल समेत कांग्रेस के कई नेताओं ने दिशा रवि की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। डीएमके नेता कनिमोझी, आम आदमी पाट्री के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी इसे 'लोकतंत्र पर हमला' करार दिया है। किसान आंदोलन के बीच यह दूसरा मौका है, जब विपक्षी दलों ने एक सुर से केंद्र सरकार का विरोध करना शुरू किया है। विपक्षी नेताओं ने दिशा रवि की कम उम्र का तर्क दिया है, जिसपर बेंगलुरु से भाजपा सांसद ने कुछ आतंकवादियों के नाम लिए और कहा कि उनकी उम्र भी तो लगभग इतनी ही थी। दिशा रवि की गिरफ्तारी का कई गैर-सरकारी संगठनों ने भी विरोध किया है।

दिशा रवि ने बेंगलुरु के एक निजी कॉलेज से बीबीए की डिग्री हासिल की है। वह 2019 से 'फ्राइडेज फॉर फ्यूचर इंडिया' नाम के क्लाइमेट ऐक्टिविस्ट ग्रुप की फाउंडर मेंबर है। 'फ्राइडेज फॉर फ्यूचर' एक ग्लोबल ऑर्गनाइजेशन है जिसकी शुरूआत 2018 में स्वीडिश क्लाइमेट ऐक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग ने की थी। दिशा रवि ने क्लाइमेंट चेंज को लेकर देशभर में कई कैंपेन चलाई हैं। बेंगलुरु में पर्यावरण के मुद्दे पर कई प्रदर्शनों में वह शामिल रही हैं। दुनियाभर के मीडिया में दिशा रवि क्लाइमेंट चेंज के असर को लेकर लिखती रही हैं।

दिशा रवि के पक्ष में किसानों की यूनियनों के निकाय संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने आवाज बुलंद की है। इसके अलावा कांग्रेस, लेफ्ट, आम आदमी पार्टी समेत विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं ने भी दिशा की गिरफ्तारी को गलत बताया है। कोअलिशन फॉर एंवायर्नमेंटल जस्टिस इन इंडिया (सीईजीआई) ने देशभर के 78 एक्टिविस्ट्स की तरफ से बयान जारी कर दिशा की गिरफ्तारी की निंदा की है। कई सेलिब्रिटीज ने भी दिशा रवि के समर्थन में ट्वीट किए हैं।

**विदेश से भी दिशा रवि के पक्ष में आवाजें उठ रही हैं।**

अमेरिकी उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस की भांजी मीना हैरिस ने सरकार पर 'ऐक्टिविस्ट्स की आवाज दबाने' का आरोप लगाया है। अमेरिकन सिंगर रूपी कौर ने भी इसे लेकर ट्वीट किया है। ब्रिटिश सांसद क्लॉडिया वेबे ने दिशा की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए सबसे इसका विरोध करने की अपील की है। भाजपा के लोग दिशा रवि की गिरफ्तारी को सही ठहरा रहे हैं। गिरफ्तारी के विरोध में एक तर्क ये दिया जा रहा है कि दिशा रवि '21 साल' की हैं। इसपर बेंगलुरु सेंट्रल से भाजपा सांसद पीसी मोहन ने लिखा है कि बुरहान वानी 21 साल का था। अजमल कसाब 21 साल का था। उम्र केवल एक संख्या है। कोई कानून से ऊपर नहीं है। कानून अपना काम करेगा। अपराध, अपराध होता है।

दिल्ली पुलिस की साइबर सेल ने दिशा रवि पर 'भारत के खिलाफ नफरत' फैलाने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि दिशा उन लोगों में से एक थीं जिन्होंने ग्रेटा थनबर्ग के साथ 'टूलकिट' साझा की। दिशा पर 'टूलकिट' को सोशल मीडिया पर शेयर और उसे एडिट करने का भी आरोप है। दिशा रवि का लैपटॉप और मोबाइल फोन आगे की जांच के लिए जब्त किया गया है।

## फेसबुक और व्हाट्सएप को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सऐप/फेसबुक से यह लिखित में देने को कहा कि लोगों के मैसेज नहीं पढ़े जाते। इस मामले की अगली सुनवाई अब चार हफ्ते बाद होगी। याचिका में बताया गया था कि यूरोप और भारत के लिए अलग पैमाने अपनाए जा रहे हैं। भारत में डेटा प्रोटेक्शन कानून बनने वाला है, उसका इंतजार किए बिना पहले व्हाट्सऐप नई पॉलिसी ले आया है। व्हाट्सऐप की नई प्राइवेसी पॉलिसी पर हो रहे विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने आज फेसबुक और व्हाट्सएप को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर यूरोप और भारत में अलग अलग पैमानों को लेकर भी नाराजगी जाहिर की है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सऐप/फेसबुक से यह लिखित में देने को कहा कि लोगों के मैसेज नहीं पढ़े जाते। इस मामले की अगली सुनवाई अब चार हफ्ते बाद होगी। कोर्ट फेसबुक और व्हाट्सएप से कहा आप 2 या 3 ट्रिलियन की कंपनी होंगे। लेकिन लोग अपनी निजता की कीमत इससे ज्यादा मानते हैं और उन्हें ऐसा मानने का हक है। याचिका में बताया गया था कि यूरोप और भारत के लिए अलग पैमाने अपनाए जा रहे हैं। भारत में डेटा प्रोटेक्शन कानून बनने वाला है, उसका इंतजार किए बिना पहले व्हाट्सऐप नई पॉलिसी ले आया है। यह मामला व्हाट्सऐप की उस प्राइवेसी पॉलिसी से जुड़ा है, जो 2016 में आई थी। इसे लेकर भी मसला कोर्ट तक पहुंचा था। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि नागरिकों के निजी डेटा को सुरक्षित रखने और उसके गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए क्या वह कोई कानून बनाएगी? सरकार को इस पहलू पर जवाब देना है।

**संक्षिप्त समाचार**

### पीएम ने जलगांव में सड़क दुर्घटना में मौत पर जताया दुःख

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के जलगांव में सड़क दुर्घटना में घायल हुए और मृत लोगों के परिजनों के प्रति दुःख और संवेदना व्यक्त की गई है। पीएम मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि 'महाराष्ट्र के जलगांव में हृदय विदारक सड़क दुर्घटना में मृत और घायल लोगों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना। घायल लोगों के जल्दी ही स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'

### दिल्ली विवि ने शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए खोले चार और पुस्तकालय

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने शोधार्थियों और संकाय सदस्यों को अपने परिसर में स्थित चार और पुस्तकालयों का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है। दिल्ली विश्वविद्यालय कोरना महामारी से उबरने के बीच अपने परिसर को चरणबद्ध तरीके से खोल रहा है। विश्वविद्यालय ने पिछले महीने ह्यसेंट्रल लाइब्रेरीह्न का इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी थी। इसके बाद पीएचडी-एमफिल छात्रों एवं संकाय के सदस्यों को सेंट्रल साइंस लाइब्रेरी, रतन टाटा पुस्तकालय, दक्षिण दिल्ली परिसर पुस्तकालय और विधि संकाय पुस्तकालय के उपयोग की भी सोमवार को इजाजत दे दी है। दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि आंगतुकों और संकाय सदस्यों को पुस्तकालय आने से पहले पंजीकरण कराना होगा। विश्वविद्यालय ने एक नोटिस में कहा गया है कि दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय प्रणाली (डीयूएलएस) के तहत पुस्तकालय सुविधाएं चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध होंगी।

### पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों को लेकर सरकार पर बरसीं मायावती

नई दिल्ली। बहुजन समाज पार्टी के मुखिया मायावती ने महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा है। पेट्रोल-डीजल की बढ़ते दामों पर बसपा सुप्रीमो ने ट्वीट करते हुये कहा कि तेल की कीमत अनियंत्रित है और ये आसमान छू रही है। यही नहीं, उन्होंने कहा कि जनता के बीच त्राहि-त्राहि मची हुई है। मायावती ने कहा कि सरकार को इस पर तुरंत नियंत्रण करना चाहिये। अपने ट्वीट पर उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि, सरकार का महंगाई को लेकर खामोश दर्शक बने रहना बेहद दुःखद है। उन्होंने कहा कि करोड़ों मध्यम वर्ग के लोग अब परेशान हो गये हैं। गौरतलब है कि, देश भर में पेट्रोल-डीजल की कीमतें लगातार आसमान छूती जा रही हैं। रविवार को लगातार छठे दिन देश में पेट्रोल-डीजल की कीमत में वृद्धि दर्ज की गयी।

## एलआर- एसएएम मिसाइलों के अंतिम उत्पादन बैच का फ्लैग ऑफ समारोह




नई दिल्ली। बीडीएल द्वारा एकीकृत तथा विभिन्न उद्योग भागीदारों के सहयोग से रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा डिजाइन और विकसित लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों (एलआर-एसएएम) के अंतिम उत्पादन बैच को दिनांक 14 फरवरी 2021 को डीआरडीएल के एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल कॉम्प्लेक्स, हैदराबाद में डीडीआर एंड डी के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. जी सतीश रेड्डी और डिफेंस मशीन डिजाइन एस्टेब्लिशमेंट (डीएमडीई) के निदेशक रियर एडमिरल वी राजशेखर, वीएसएम की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया।

भारतीय नौसेना के नवीनतम जहाजों को सुसज्जित करने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और आईएआई इजराइल द्वारा संयुक्त रूप से एलआर-एसएएम को विकसित किया है। यह एलआर-सैम मिसाइल प्रणाली लड़ाकू विमान, सबसोनिक और सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों सहित विभिन्न हवाई लक्ष्यों के खिलाफ निश्चित क्षेत्र में एवं इलाके में रक्षा प्रदान कर सकती है। यह मिसाइल टर्मिनल चरण में आवश्यक गतिशीलता प्रदान करने के लिए स्वदेश में विकसित डूल पल्स रॉकेट मोटर और दोहरी नियंत्रण प्रणाली से संचालित है।

## चमोली हादसा ,तपोवन सुरंग से अब तक 53 शव बरामद बचाव कार्य जारी



**चमोली।** उत्तराखंड में चमोली की तपोवन सुरंग से अब तक कुल 53 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल ने इन आंकड़ों की पुष्टि की है। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी बचाव कार्य जारी है और कम से कम 154 लोग अब भी लापता हैं। तबाही होने के तुरंत बाद से लोगों को बचाने का हर संभंव प्रयास किया जा रहा है। बीते कई दिनों से लगातार लोगों को बचाने का काम जारी है लेकिन मलबा इतनी ज्यादा तादाद में जमा है कि काम की गति धीमी है। 7 फरवरी को उत्तराखंड में आई तबाही ने कई लोगों की जान लेली। कई परिवार तबाह हो गए। सैलाब में पुल बह जाने की वजह से कई गांव भी जिले से कट गए जिन्हें पुल बनाकर फिर से जोड़ने का काम भी किया जा रहा है। चमोली की जिला मजिस्ट्रेट स्वाति एस भदौरिया ने रविवार को कहा, सुबह में 125-130 मीटर की दूरी तक मलबे को साफ करने के बाद सुरंग के अंदर दो शव बरामद किए गए। इसके बाद, रविवार दोपहर तक तीन और शव बरामद किए गए। किसी के जीवित मिलने की स्थिति में उसके इलाज के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। भदौरिया ने कहा, प्रशासन ने सात एम्बुलेंस और एक हेलिकॉप्टर को स्टैंडबाय पर रखा है, जब कोई भी कार्यकर्ता सुरंग से जीवित पाया जाता है।

## आरबीआई निदेशकों की बजट के बाद बैठक को संबोधित करेंगी वित्त मंत्री



**नई दिल्ली।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की बजट के बाद पहली बैठक को मंगलवार को संबोधित करेंगी। जानकारी के अनुसार यह बैठक पहली बार वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से होगी। वह केंद्रीय बैंक के निदेशकों को बजट की मूल भावना, मुख्य दिशा और राजकोषीय स्थिति मजबूत करने की योजनाओं की जानकारी दे सकती हैं। सीतारमण ने पहली फरवरी को प्रस्तुत 2021-22 के बजट में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। इस घाटे को मार्च 2026 में समाप्त वित्त वर्ष तक 4.5 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य है। कोविड-19 महामारी से प्रभावित चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 9.5 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। बजट में अगले वित्त वर्ष के दौरान 12 लाख करोड़ रुपए का बाजार से कर्ज जुटाने का लक्ष्य रखा है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास कह चुके हैं कि केंद्रीय बैंक घरेलू बाजार से कर्ज जुटाने के सरकार के कार्यक्रम को संभालेगा। बजट में अगले साल बाजार मूल्य पर जीडीपी की वृद्धि दर 14.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सीतारमण ने राजस्व में अगले साल 16.7 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है। वर्ष के दौरान जीडीपी की वास्तविक वृद्धि दर 10-10.5 प्रतिशत के दायरे में रहने का अनुमान है। वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए अगले वित्त वर्ष में पूंजीगत खर्च को वर्तमान वर्ष के संशोधित 4.2 लाख करोड़ रुपए से बढ़ा कर 5.54 लाख करोड़ रुपए करने का लक्ष्य है।

## गणतंत्र दिवस 2021 की सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग ट्रॉफी से रक्षा मंत्री भारत सरकार ने दिल्ली पुलिस को सम्मानित किया



» **विजय गौड़ विशेष संवाददाता**

नई दिल्ली।2021 को राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री ने साउथ ब्लॉक में भव्य समारोह के बीच गणतंत्र दिवस 2021 के दौरान दिल्ली पुलिस को सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग ट्रॉफी से सम्मानित किया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त पुलिस सशस्त्र पुलिस रॉबिन हिबू, ने दिल्ली पुलिस की ओर से ट्रॉफी प्राप्त की। हाल के अत्यधिक तनावपूर्ण समय में असाधाण प्रोफेशनलिजम दिखाने के लिए रक्षा मंत्री ने दिल्ली पुलिस की अत्यधिक सराहना की। उन्होंने दिल्ली पुलिस के सभी अधिकारियों और जवानों को पिछले कुछ महीनों से बहुत तनावपूर्ण कर्तव्यों का सामना करने और अस्थिर स्थिति का सामना करने के बावजूद इस तरह की प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग कंसेंट ट्रॉफी जीतने के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ, चीफ ऑफ द एयर स्टाफ, चीफ ऑफ नेवल स्टाफ, सचिव रक्षा मंत्रालय एवं गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के अन्य उच्च पदस्थ अधिकारी भी इस सम्मान समारोह के दौरान मौजूद थे।

## अगर भारत को समर्थ बनाना है, तो हमें देश को आत्मनिर्भर बनाना होगा: बिरला



**जयपुर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आज भारत किसी भी चुनौती का सामना करने में समर्थ है। यह हमारी शक्ति है कि जब भी कोई चुनौती सामने आती है, तो हमारे भीतर उसका सामूहिक रूप से मुकाबला करने की सामर्थ्य भी पैदा हो जाती हैं। उन्होंने कहा आज अगर हमें समर्थ भारत बनाना है, तो हमें देश को आत्मनिर्भर बनाना होगा।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला धानक्या रेलवे स्टेशन पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पर आयोजित 'आत्मनिर्भर भारत, सक्षम भारत' विषय पर आयोजित व्याख्यान में बोल रहे थे। उन्होंने कहा उस समय जब हम विचार करते थे कि बिना चीन के माल के फर्नीचर और बिजली कैसे होगी और गांव में भी छोटी सी टार्च मेड इन चाइना मिलती थी। चप्पल मिलेगी तो मेड इन चाइना मिलेगी। कितने कम समय के अंदर इतना बड़ा बदलाव पैदा हो गया था कि हम हर चीज पर चीन या अन्य देशों पर निर्भर हो गए थे।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा लगने लगा था कि अगर अन्य देशों से कच्चा माल या तैयार माल नहीं मिलेगा तो भारत में उत्पाद नहीं बन पाएंगे। लेकिन इतने कम समय के अंदर ही हमने उन सब चीजों में परिवर्तन करने का काम किया। बिरला ने कहा कि यह विचार से होता है, संकल्प से होता है और यह विचार संकल्प पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने दिया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले व्यक्तियों और पंडित दीनदयाल उपाध्याय पर शोध करने वाले शोधार्थियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### रसोई गैस सिलिंडर की कीमतें बढ़ने पर केंद्र पर तंज

## जनता से लूट, सिर्फ 'दो' का विकास: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** रसोई गैस की कीमतों में एक बार फिर वृद्धि को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र पर तंज कसते हुए केंद्र सरकार पर हमला बोला है। राहुल ने इसे 'जनता से लूट' करार देते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार केवल 'दो लोगों का विकास' कर रही है। रविवार को राजधानी दिल्ली में रसोई गैस सिलिंडर के दाम 50 रुपये बढ़ा दिए गए थे। बढ़ी हुई कीमत रविवार रात 12 बजे से लागू भी हो गई है। यह बढ़ोतरी घरेलू एलपीजी सिलिंडर (14.2 किलोग्राम) की कीमतों में हुई है। अब दिल्ली में गैस सिलिंडर 719 रुपये के बजाय 769 रुपये में मिलेगा। एलपीजी सिलिंडर के रेट में दिसंबर 2020 के बाद से तीसरी बार बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले 4 फरवरी को नॉन-सब्सिडी वाले गैस सिलिंडर की कीमत में 25 रुपये का इजाफा किया गया था। जिसके बाद एक सिलिंडर की कीमत 694 रुपये से बढ़कर 719 रुपये हो गई थी। एक तरफ पेट्रोल-डीजल की कीमत भी लगातार बढ़ रही है, दूसरी तरफ गैस सिलिंडर के दाम बढ़ने से जनता के लिए मुसीबत बढ़ गई है।

क्रूड ऑयल और नैचनल गैस से कुकिंग गैस निकाली जाती है। एलपीजी गैस सिलिंडर्स के दाम सरकारी तेल कंपनियां हर महीने समीक्षा के बाद तय करती हैं। अंतराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों और अमेरिकी डॉलर-रुपये के एक्सचेंज रेट के आधार पर कीमतें ऊपर-नीचे हो सकती हैं। राहुल ने पिछले गुरुवार को बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि यह यह सरकार 'हम दो, हमारे दो' की सरकार है। इशारा किन लोगों की तरफ है, यह देश के लोग अच्छी तरह जानते हैं। कांग्रेस के लोकसभा सदस्य ने आरोप लगाया था, 'एक नारा था, हम दो हमारे दो। यह हम दो हमारे दो की सरकार है।' उन्होंने यह आरोप भी लगाया, 'प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि उन्होंने विकल्प दिया है। इन्होंने भूख, बेरोजगारी और आत्महत्या का विकल्प दिया है।'

## 'जय बांग्ला' नारे से पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश बना देना चाहती हैं ममता : शुभेन्दु

दार्जिलिंग। 'जय बांग्ला' के नारे को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश बनाना चाहती है। सिलीगुड़ी में मीडिया से बातचीत में शुभेंदु अधिकारी ने एक बार फिर दावा किया कि इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा भारी बहुमत से राज्य में सरकार बनाने जा रही है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि टीएमसी क्या करती है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, पश्चिम बंगाल के लोगों ने डबल इंजन की सरकार को वोट देने का फैसला कर लिया है।

इस बार भाजपा भारी बहुमत से राज्य में सरकार बनाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने नारा दिया था-2019 में हाफ और 2021 में साफ। अब यह नारा सच होने जा रहा है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि टीएमसी पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश बना देना चाहती, इसलिए उन्होंने 'जय बांग्ला' नारा आयात किया है। हमारा नारा भारत माता की जय और जय श्री राम है।

## देशभर के शिल्पकारों के स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'हुनर हाट' एक 'उपयुक्त मंच'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय 20 फरवरी से नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में देशभर के स्वदेशी कारीगरों और शिल्पकारों का 26वां 'हुनर हाट' आयोजित कर रहा है जिसका औपचारिक उद्घाटन दिनांक 21 फरवरी 2021 को केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान करेंगे। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मनसुख मंडाविया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। 26वें 'हुनर हाट' का आयोजन 20 फरवरी से 01 मार्च 2021 तक 'वोकल फॉर लोकल' विषय के साथ किया जाएगा, जिसमें 31 से अधिक राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की बड़ी संख्या में महिला कारीगरों समेत 600 से अधिक कारीगर और शिल्पकार भाग लेंगे।



केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्यमंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि देश भर के कारीगरों और शिल्पकारों के स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक 'उपयुक्त मंच' हुनर हाट ने अभी तक 5 लाख से अधिक कारीगरों, शिल्पकारों और कलाकारों को रोजगार या रोजगार अवसर प्रदान किए हैं।

# पानी में गंदगी की समस्या को दूर कर दिया गया: दिल्ली जलबोर्ड



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में आई आपदा के कारण दिल्ली के कुछ इलाकों में जलापूर्ति प्रभावित हुई है। हालांकि दिल्ली जलबोर्ड का दावा है कि समस्या को दूर कर दिया गया है। अब भागीरथी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट 100 प्रतिशत और सोनिया विहार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट 80 प्रतिशत क्षमता से काम कर रहे हैं। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष राघव चड्ढा ने कहा उत्तराखंड में आई आपदा के बाद अपर गंगा कैनाल में लकड़ी, पौधे, कीचड़ और मलबा आदि के आ जाने से एंटीयू का स्तर 100 से बढ़कर 8 हजार के पार पहुंच गया था। इसकारण सोनिया विहार और भागीरथी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की उत्पादन क्षमता बहुत कम हो गई थी। इससे दक्षिणी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली के इलाकों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई।'

सोमवार को राघव चड्ढा ने भागीरथी ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा करने के उपरांत कहा कि, 'अपर गंगा कैनाल से मुरादनगर होते हुए जो कच्चा पानी दिल्ली आता है, उस पानी को हम ट्रीट करके दिल्ली वालों को दिया करते हैं। उत्तराखंड में जो प्राकृतिक आपदा आई और ग्लेशियर टूटा, उसकी वजह से जो कच्चा पानी आ रहा था, उसमें बहुत गंदगी पाई गई है। उस पानी में लकड़ी के टुकड़े, कुछ पौधे, कीचड़, मलबा आदि कई सारी चीजें आई हैं। उसकी वजह से पानी में गंदगी का स्तर काफी बढ़ गया। इसे एंटीयू में मापा जाता है। पानी में एंटीयू का स्तर 8000 पर पहुंच गया।'

उन्होंने कहा कि अक्सर फरवरी के महीने में यह गंदगी करीब 100 एंटीयू के आसपास होती है, लेकिन वह गंदगी का स्तर 100 एंटीयू से बढ़कर 8000 एंटीयू हो गया, जिसके चलते हमें अपने दो बड़े वाटर ट्रीटमेंट प्लांट सोनिया बिहार और भागीरथी, इन दोनों की क्षमता को काफी हद तक कम करना पड़ा और पानी का उत्पादन कम करना पड़ा। अपनी पूरी क्षमता के साथ ही ये प्लांट काम नहीं कर पा रहे हैं। यह दोनों प्लांट मिलकर के प्रतिदिन करीब 250 एमजीडी पानी दिल्ली वालों को देते हैं। इन दोनों ट्रीटमेंट प्लांट से जिन इलाकों में पानी जाता है, उनमें दक्षिणी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली के इलाके हैं। ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता प्रभावित होने के कारण इन इलाकों में 2 दिनों से पानी की आपूर्ति काफी खराब रही है। इसकी पूर्ति के लिए हमने टैंकर लगाकर के जल आपूर्ति करने का प्रयास किया।

राघव चड्ढा ने कहा कि, 'मुझे अब यह बताकर खुशी है कि दिल्ली जल बोर्ड के सभी अधिकारियों और इंजीनियर ने दिन रात मेहनत करके इस गंदगी को, उत्तराखंड में आई आपदा की वजह से जो गंगा नदी में आ रही थी, उसे कम किया है। 8000 एंटीयू गंदगी का आंकड़ा पहुंचा था, उसे घटाकर इस समय 960 एंटीयू तक ले आए हैं। यानी अब गंदगी लगभग 10 प्रतिशत रह गई है। 90 प्रतिशत तक साफ किया जा चुका है।' उन्होंने कहा, उसकी वजह से हमारे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता है जो आधी से भी कम हो गई थी, आज उस क्षमता को हमने बढ़ाकर फिर से हमारा भागीरथी ट्रीटमेंट प्लांट अब 100 प्रतिशत क्षमता के साथ चलने लगा है।

## दिल्ली नोएडा और गाजियाबाद के लाखों लोगों के लिए बुरी खबर

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के साथ-साथ नोएडा और गाजियाबाद के लाखों लोगों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, उत्तराखंड में पिछले दिनों आई प्राकृतिक आपदा के कारण ऊपरी गंगा नहर से पेयजल के लिए दिल्ली में अधिक गंदा पानी आ रहा है। पानी में गंदगी का स्तर 8,000 एनटीयू (नेफेलोमेटिक टर्बिडिटी यूनिट) पर पहुंच गया है। इस वजह से दिल्ली जल बोर्ड के सोनिया विहार व भागीरथी जल शोधन संयंत्र से पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है। इसके चलते दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद के लाखों घरों में पानी की आपूर्ति कम है या फिर धीमी है। इस परेशानी के मद्देजर दिल्ली जल बोर्ड उपाध्यक्ष राघव चड्ढा ने ट्वीट कर लोगों से अपील की है कि पानी का संभलकर इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि दक्षिणी, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी दिल्ली के इलाकों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके मद्देनजर टैंकरों की व्यवस्था की गई है। पेयजल किल्लत होने पर लोग पानी के टैंकर मंगा सकते हैं। इससे लोगों को कुछ राहत मिलने की आस है। उन्होंने कहा कि पानी केसाथ कीचड़, मिट्टी, पौधों के टुकड़े इत्यादि आ रहे हैं। दोनों जल शोधन संयंत्रों से जल बोर्ड 240 एमजीडी (मिलियन गैलन डेली) पानी की आपूर्ति करता है। सोनिया विहार जल शोधन संयंत्र से जल बोर्ड सामान्य दिनों में 140 व भागीरथ से 100 एमजीडी पानी आपूर्ति करता है। बताया जा रहा है कि सोनिया विहार संयंत्र से 70 एमजीडी पानी की आपूर्ति हो पा रही है।

लोनी में लगी कांग्रेस की किसान चौपाल

# जिला उपाध्यक्ष चौ. आबिद अली के दफ़्तर पर प्रेस वातालीप

» मौसम खान






लोनी। हमारा समाज अपने अधिकारों से वंचित हो रहा है। आज संविधान बचाने की जरूरत है। किसानों के अधिकारों की रक्षा करने की जरूरत है। ये बातें कांग्रेस पार्टी के विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह ने कहीं। वह उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से लोनी ब्लॉक के बंथला में आयोजित कांग्रेस की किसान चौपाल को संबोधित कर रहे थे। चौपाल का संचालन जिला अध्यक्ष बिजेन्द्र यादव ने किया और अध्यक्षता चौ. सेंसरपाल ने की। इसके बाद जिला उपाध्यक्ष चौ. आबिद अली के कार्यालय पर एक प्रेसवार्ता की गई। इस दौरान विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह ने कहा कि दलितों, गरीबों, मजदूरों एवं किसानों को बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने संविधान में अधिकार दिया है। इससे ये आजादी के बाद प्रगति कर रहे हैं। लेकिन आज भाजपा सरकार संविधान प्रदत्त अधिकारों को समाप्त करने का कार्य कर रही है। किसानों की बिना सहमति के कृषि कानून बनाया गया। जिसका विरोध लगातार देश के किसान कर रहे है। जिला अध्यक्ष बिजेंद्र यादव ने कहा कि प्रियंका गाधी लगातार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सभाएं करके किसानों को कांग्रेस की तरफ लाने में लगी है। वहीं प्रदेश संगठन की तरफ से भी सभी जिलों के लिए प्रोग्राम जारी कर दिया गया। जिसमें संगठन द्वारा हर तहसील पर किसान चौपाल का आयोजन किया जा रहा है, उसी कड़ी में आज लोनी के बंथला में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष चौ. आबिद अली ने कहा कि इस दौरान जय जवान जय किसान नारे के साथ किसानों और आमजन को कार्यकर्ता व पदाधिकारी कांग्रेस द्वारा अपनी सरकार के दौरान किए गए कार्यो के बारे में अवगत कराएंगे, वहीं पार्टी की योजनाओं के बारे में भी बताएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक सिपाही देश के किसानों के साथ है, उन्हें उनका अधिकार दिलाकर ही रहेंगे। कार्यक्रम को एमएलसी दीपक सिंह, सहारनपुर से विधायक नरेश सैनी, जिला अध्यक्ष बिजेन्द्र यादव, जिला उपाध्यक्ष चौ. आबिद अली, अशोक सैनी, संदीप शर्मा, चौ. दिलबर अली, चौ. अरबाज, चौ. तफ़्सीर अहमद, शकील पहलवान, सखावत, डॉ. महेंद्र खटीक, करीम भाई, अजय सिंह अजय, सलीम मलिक, डॉ. लुकमान समेत मीडिया प्रभारी हैदर अली आदि ने संबोधित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सात दिनों से देश के 188 जिलों में कोरोना का एक भी नया केस नहीं : डॉ. हर्षवर्धन

नई दिल्ली। कोरोना के खिलाफ जारी चौतरफा लड़ाई अब रंग लाती नजर आ रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने सोमवार को बताया कि बीते सात दिनों में देश के 188 जिलों में कोरोना के एक भी नया मामला सामने नहीं आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार मार्च में 50 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को कोविड वैक्सीन लगाने की स्थिति में होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण है कि लोग कोविड गाइडलाइन का पालन करते रहें। इसे मैंने सोशल वैक्सीन नाम दिया है जो कोरोना के खिलाफ असल टीका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा कि आज देश में दो वैक्सीन उपलब्ध हो गई है। 80-85 लाख स्वास्थ्यकर्मी और फ्रंट लाइन वर्कर्स को वैक्सीन दी जा चुकी है। मौजूदा वक्त में भारत 20-25 देशों को वैक्सीन देने की स्थिति में आ गया है। मार्च के महीने में हम 50 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को वैक्सीन देंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी बताया कि मौजूदा वक्त में देश में 18-20 वैक्सीन पर अलग-अलग स्तरों पर काम चल रहा है। इनमें से कुछ वैक्सीन अगले कुछ महीनों में आ सकती हैं।

### देश में बीते 24 घंटे में सामने आए 11,649 नए कोरोना केस



नई दिल्ली। देश में एक दिन में कोरोना महामारी संक्रमण के 11,649 नए केस सामने आने के बाद पीड़तों की कुल संख्या बढ़कर 1,09,16,589 हो गई। वहीं, इस महीने में नौंवी बार संक्रमण से एक दिन में 100 से कम लोगों की मौत हुई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, वायरस से 90 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,55,732 हो गई। आंकड़ों के अनुसार, देश में कुल 1,06,21,220 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही देश में मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 97.29 प्रतिशत हो गई। वहीं, कोविड-19 से मृत्यु दर 1.43 प्रतिशत है। देश में अभी उपचाराधीन लोगों की संख्या डेढ़ लाख से कम है। अभी कुल 1,39,637 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 1.28 प्रतिशत है। देश में पिछले साल सात अगस्त में संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख और 19 दिसम्बर को एक करोड़ के पार चले गए थे। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार, देश में 14 फरवरी तक 20,67,16,634 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई। इनमें से 4,86,122 नमूनों का परीक्षण रविवार को किया गया था।

# पुलवामा के शहीदो एवम रिंकू शर्मा को दी श्रद्धांजलि

» मदरलैंड संवाददाता




लोनी। बजरंग दल हिन्दुस्तान के द्वारा राहुल गार्डन कालोनी में 14 फरवरी 2019 को कश्मीर पुलवामा हमले में भारतीय सैनिकों के द्वितीय वर्षगांठ पर सभी को याद किया गया। इसी दौरान हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार व आक्रमण कर रहे विरोधियों के बारे में बताया। शिवम् सिंह के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बजरंग दल हिन्दुस्तान के गौरक्षा विभाग से राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गोला गौरक्षक के द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलित करके पुष्प श्रद्धांजलि दी। राहुल गोला गौ रक्षक ने बताया कि आये दिन हिन्दू जागृति करने वाले हमारे भाईयों की हत्याएं की जा रही है। उसका कारण है कि हम अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, हमारे बीच एकता नहीं है व हम पहले की तरह संस्कारी नहीं है। राहुल गोला गौरक्षक के ने मातृशक्ति दुर्गा बजरंग दल हिन्दुस्तान के महिला मोर्चा से नीलम सिंह को नगर संयोजिका बनाया गया। जिसमें कई महिलाएं मौजूद रही। नीलम ने कहा कि वो अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए मातृशक्ति को मजबूत करेंगी। इस दौरान नगर अध्यक्ष सचिन पाल, बाबा ठाकुर, आशु पंडित, वीर बघेल, नवनीत प्रजापति, दीपांशु, प्रशांत पटेल, गुरु गोस्वामी,मधु, अरुणा, उषा, रजनी, सुशीला मीरा देवी नीला देवी श्रीमती कौशल विमला भाटी, मीरा व समस्त टीम मौजूद रहीं।

# भारत-ओमान दोस्ती शिखर पर : डॉ. जौली

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व अध्यक्ष दिल्ली स्टडी ग्रुप डा. विजय जौली ने भारत में ओमान देश के राजदूत महामहिम शेख हमद बिन सैफ बिन अब्दुल अजीज अल-रावही से शिष्टाचार भेंट वार्ता की। डा जौली ने इस अवसर पर ओमान राजदूत को मोदीइण्डियाकालिंग-2021 नामक टेबल बुक भेंट की। इसमें भारत को शसक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी की 107 विदेश यात्राओं को सचित्र दशार्या गया है।ज्ञात रहे ओमान की कूल 49.7 लाख आबादी है तथा जिसमें 7 लाख भारतीय हैं। जिनमें अधिकांश शिक्षक, इंजीनियर, चार्टर्ड एकांउटेंट, लेक्चरार, नर्सें व प्रबंधक आदि के रूप में काम कर रहे हैं। भाजपा नेता डा. जौली ने इसे भारतीय मूल के लोगों की ओमान के सर्वांगिण विकास में भागीदरी बताया।ओमान राजदूत महामहिम शेख हमद बिन सैफ बिन अब्दुल अजीज अल-रावही ने बताया कि मध्यपूर्व अरब के देशों में सबसे पुराना हिंदू मंदिर शिव व कृष्णा मस्कट में है। भारत व ओमान की दोस्ती 5,000 वर्षों पुरानी है। ओमान राजदूत ने इसके साथ ही डॉ. जौली को कहा कि 'हम भारत सरकार के आभारी हैं क्योंकि भारत ने सर्वप्रथम कोरोना वैक्सिन की 55 लाख खुराकें हमें दी हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए ओमान भारत का हार्दिक धन्यवाद करता है।

# माया महिला थाना प्रभारी ने महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया



» मदरलैंड संवाददाता



बल्लबगढ़। पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के दिशा निर्देश पर इंस्पेक्टर माया एसएचओ महिला थाना बल्लबगढ़, ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया है। जिसके तहत आज उन्होंने अपने बल्लबगढ़ एरिया पहुंचकर मौजूद महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया है। उन्होंने बताया कि शहर और ग्रामीण एरिया में मिटिंग कर महिला विरुद्ध अपराध के बारे में महिलाओं को बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं व छात्राओं को साइबर अपराधो के खिलाफ भी आगाह किया गया है व इस अभियान के तहत घर और आफिस के बहार होने वाली इव टीजिंग के बारे में महिलाओं को जागरूक किया गया है। महिलाओं को महिला हैल्पलाइन 1091, कन्ट्रोल रूम वटस एप्प नं0 9999150000, एफ.आइ.आर.एप्प, ऊरफअत्र्ञ के बारे में बताया है। तथा उनसे कहा कि महिला पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और जब भी आपको पुलिस सहायता की जरूरत पड़े, तो महिला हैल्पलाइन 1091 पर संपर्क करें।

# देश की जनता के लिए पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने खोला था राष्ट्रपति भवन: शर्मिष्ठा



**नई दिल्ली।** दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी व अर्थशास्त्री शर्मिष्ठा मुखर्जी ने राष्ट्रपति भवन में पिता के साथ बिताए दिनों को सम्मान व ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि भवन का बड़ा हिस्सा देश की जनता के लिए पूर्व राष्ट्रपति ने ही खुलवाया। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की नवीनतम किताब द्यद प्रेसिडेंशियल इयर्स किताब आ गई है। उन्होंने यह पुस्तक पिछले साल अपने निधन से पहले लिखी थी। इस किताब के लिए आयोजित एक वर्चुअल सेशन में पैनलिस्ट ब्रिटिश राजनेता व अर्थशास्त्री मेघनाद देसाई, मोंटेक सिंह अहलूवालिया, अर्थशास्त्री व पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की सुपुत्री शर्मिष्ठा मुखर्जी शामिल हुई। इस मौके पर शर्मिष्ठा ने राष्ट्रपति भवन में पिता के साथ बिताए अपने दिनों को याद किया। उन्होंने बताया, द्यराष्ट्रपति भवन में दिन गुजारने वाले 13 वें परिवार होने का सम्मान और अवसर हमें मिला। मेरे पिता का प्यार इतिहास था और उनके लिए राष्ट्रपति भवन का हरेक कोने में इतिहास था। उनके लिए यहां का हरेक पत्थर एक कहानी बयां करता था। इसलिए उन्होंने सबसे पहला काम वहां मौजूद कला और बेशकीमती पुस्तकालय को कागजों में समेटने की कोशिश की। इसके लिए उन्होंने विभिन्न इतिहासकारों से संपर्क किया और उनसे बात की। शर्मिष्ठा ने आगे बताया दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने राष्ट्रपति भवन का बड़ा हिस्सा देश की जनता के लिए खोल दिया। साथ ही आर्टिस्ट रेसिडेंशियल सेंटर की शुरूआत की जिससे यह और अधिक लोगों के आकर्षण का केंद्र बना। इसके कारण शिक्षाविद, कलाकार लेखक वैज्ञानिक व युवाओं को यहां बुलाना आसान हो गया और वे यहां आकर भवन में मौजूद कला व इतिहास को समझ सकें। लंदन से इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले मेघनाद देसाई ने बताया, 2014 में भाजपा का आना बड़ा राजनीतिक भूचाल था। प्रणब मुखर्जी का करियर 48 सालों का रहा ओर जब वे राष्ट्रपति बने उन्हें इस बात की जानकारी थी कि सरकार कैसे कमा करती है, वे इस मामले में हर विषय में एक्सपर्ट थे।

# पुलवामा के शहीदो को दी श्रद्धांजलि

» हृदयेश सिंह





फरीदाबाद। जम्मू कश्मीर के पुलबामा में शहीद हुए 40 जबानों की वरसी मनाई गई । अखिल भारतीय मानव कल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बल्लबगढ़ के सिटी पार्क में जवानों के फोटो पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी । कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय मानव कल्याण ट्रस्ट के राष्ट्रीय प्रभारी धर्मेन्द्र चौधरी किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष ड्रॉ एम पी सिंह रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ड्रॉ एम पी सिंह ने कहा है कि पुलवामा में हुए आतंकी हमले को दो बरस बीत चुके हैं लेकिन पुलवामा हमले का जख्म आज भी ताजा हैं। 14 फरवरी के दिन पूरे हिन्दुस्तान के लिए काला दिन है क्योकि आज के दिन हमारे देश के 40 जवान शहीद हुए है जिसको कभी भी नही भुलाया जा सकता । ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों ने पुलवामा के आतंकी हमले में देश के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले सेना के अमर वीर जवानों की शहादत को सादर नमन एवं भावभीनी श्रद्धांजलि दी इस मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक हृदयेश कुमार ने बताया कि इस दिन को मातृ दिवस के रूप में मना कर इक प्रेरणा ले सकते हैं। इस मौके पर अखिल भारतीय मानव कल्याण ट्रस्ट के राष्ट्रीय प्रभारी धर्मेन्द्र चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव महेश शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लखन रावत , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंटी कोहली , कोषाध्यक्ष मधु शर्मा, राष्ट्रीय सचिव चन्द्रभान शर्मा,राष्ट्रीय सचिव सुष्मिता भौमिक, राष्ट्रीय सचिव नीलम तेवतिया, राष्ट्रीय सचिव नीलम शर्मा, राष्ट्रीय सचिव पूनम चौधरी , ट्रस्टी विमलेश देवी , प्रदेश सचिव शिव शंकर राय, राजन कुमार, शशी चंद्र व अन्य कोई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बच्चों को पत्थरबाजी में इस्तेमाल करने के खिलाफ कानून जम्मू-कश्मीर में लागू: मंत्री जितेन्द्र सिंह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेन्द्र सिंह को पत्थरबाजी में बच्चों का इस्तेमाल करने और बच्चों को पत्थरबाजी में लिप्त करने वालों को दंडित करने के कानून के संबंध में जानकारी दी गई। यह कानून अब जम्मू और कश्मीर में संविधान का अनुच्छेद 370 हटाए जाने तथा राज्य के केन्द्र शासित क्षेत्र बन जाने के बाद लागू हो गया है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने डॉ. जितेन्द्र सिंह से मुलाकात की और जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख में बच्चों के अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की, जो कि एनसीपीसीआर द्वारा हाल में किए गए विश्लेषण से निकल कर आए थे। उन्होंने किशोर न्याय अधिनियम के सख्ती से क्रियान्वयन पर भी जोर दिया जिसका अब दोनों केन्द्र शासित क्षेत्रों में विस्तार हो गया है। कानूनगो ने डॉ. जितेन्द्र सिंह को कहा कि किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के नियम 83 (1) के अनुसार कोई गैर-सरकारी, केन्द्र सरकार द्वारा घोषित स्वयंभू आतंकवादी समूह या गुट, यदि किसी बच्चे को किसी भी मकसद से इस्तेमाल करता है तो वह सात वर्ष तक के सश्रम कारावास और पांच लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया जा सकता है। इसी कानून के नियम 83 (2) में कहा गया है कि कोई भी वयस्क या वयस्क समूह व्यक्तिगत तौर पर या समूह के तौर पर बच्चों का अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल करता है तो सात वर्ष तक के सश्रम कारावास और 5 लाख रु के अर्थदंड से दंडित किए जाने का पात्र होगा। इसका आशय है कि पत्थरबाजी या किसी भी हिंसक गतिविधि में बच्चों को लिप्त करने या इसके लिए उनको उकसावा देने के दोषी के विरुद्ध कानून के अंतर्गत सख्त कार्रवाई होगी।

संक्षिप्त समाचार

## गन्ना रेट न बढ़ाकर मोदी सरकार ने किया किसानों से धोखा-प्रमोद त्यागी



मदरलैंड संवाददाता, मुजफ्फरनगर। समाजवादी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट ने मोदी सरकार के तीसरे साल भी गन्ना रेट न बढ़ाने को सरकार का मिल मालिकों के प्रति समर्पण व किसानों के साथ विश्वासघात बताया है। सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार बिजली,खाद,डीजल के बढ़े दामो ने किसानों की कमर तोड़ दी है वही गन्ने के रेट को मिल मालिकों से सांठगांठ कर तीसरे साल भी स्थिर रखकर किसानों को बर्बाद किया जा रहा है। प्रमोद त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू करने के बयान पर भी देश के किसानों से झूठ बोल रहे हैं क्योंकि स्वामीनाथन रिपोर्ट में ही गन्ना रेट प्रत्येक वर्ष 10 फीसदी बढ़ाने की सिफारिश है।

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए किया अभ्युदय योजना शुभारंभ

मदरलैंड संवाददाता, अमरोहा। प्रदेश सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी न कर पाने वाले युवाओं के लिए अभ्युदय योजना शुरू की है। सोमवार को योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से किया। वीडियो कान्फ्रेंस के दौरान जनपद अमरोहा में जिलाधिकारी उमेश मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ल, समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार उपस्थित रहे। डीएम उमेश मिश्र ने अभ्युदय योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इस योजना के तहत कोई भी छात्र व छात्रा मंडल स्तर पर चिन्हित केन्द्र पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं व जिन विद्यार्थियों का चयन प्रतियोगी परीक्षाओं में होगा उन्हें निःशुल्क साक्षात्कार प्रशिक्षण, ऑनलाइन प्रशिक्षण व सलाह प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के चयनित विद्यार्थियों को सम्बोधित कर उन्हें प्रेरित भी किया गया। इस योजना के अंतर्गत ऐसे सभी छात्रों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी जो इन परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं लेकिन अपनी आर्थिक स्थिति के कारण नहीं कर पाते हैं। इस योजना के अंतर्गत मंडल स्तर पर छात्रों को सिलेबस एवं क्वेश्चन बैंक भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

## सामाजिक संस्थाएं 'ग्लोकल' के खिलाफ चलाएगी अभियान



मदरलैंड संवाददाता, अमरोहा। ग्लोकल हॉस्पिटल प्रबंधन की मुश्किलें कम होती दिखा नहीं रही हैं। अब नवयुवक सर्वधर्म समिति ग्लोकल हॉस्पिटल की बदइंतेजामी के खिलाफ अभियान चलाएगी। शहरभर में घूमकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। शहर के मोहल्ला बटवाल में हाजी सत्तार अहमद के आवास पर रविवार रात समिति पदाधिकारियों व शहर के अन्य सामाजिक व व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों की सयुंक्त बैठक हुई। वक्ताओं ने एक राय होकर ग्लोकल हॉस्पिटल के बहिष्कार की बात कही, आमजन को जागरूक करने के लिये शहर में घूमकर अभियान चलाने का सुझाव दिया। समिति अध्यक्ष तस्व्वुर आजान ने अपनी दो दिन की मासूम बेटी के साथ हुए हादसे का जिक्र किया, ग्लोकल अस्पताल की लापरवाही सामने रखी। कहा कि इस मुहिम का उद्देश्य ये है कि भविष्य में कोई और इस हॉस्पिटल की लापरवाही का शिकार न बने। इस दौरान कमर नकवी, मरगूब सिद्दीकी, उजैर मंसूरी, सनव्वर अल्वी, हाजी सत्तार अहमद, कामिल मंसूरी, रीनू मंसूरी, चंद्रशेखर मौर्य एडवोकेट समेत अन्य सामाजिक लोग मौजूद रहे। जिन्होंने हर मोर्चे पर साथ खड़े रहने का वादा किया।

# जनप्रतिनिधियों के खिलाफ गैंगस्टर की कारवाई पर समाजवादी पार्टी में उबाल





» सरताज अहमद

मुजफ़्फ़रनगर। समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मण्डल ज़िलाधिकारी मुजफ़्फ़रनगर से मिलने ज़िला कलेक्टरेट पहुँचा।जहां पर उन्होंने अपर ज़िलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमे राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन पूर्व सांसद तबस्सुम हसन उनके पुत्र नाहिद हसन पर गैंगस्टर की एक तरफा कारवाई करने पर सपा महानगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी व ज़िला महासचिव जिया चौधरी ने विरोध दर्ज कराया। अलीम सिद्दीकी व जिया चौधरी ने कहा की क्योंकि कैराना विधायक नाहिद हसन लगातार किसानो की आवाज जनता के बीच उठा रहे है। इस कारण से भाजपा की सरकार सपा के जनप्रतिनिधियों के खिलाफ बदले की भावना से काम कर रही है।

जिसको समाजवादी पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। ज़िला उपाध्यक्ष सोमपाल भाटी राजीव बालियान व नगर महामंत्री शलभ गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि नाहिद हसन ओर उनके परिवार पर ज़िला प्रशासन या भाजपा की सरकार ने अगर कोई कारवाई करने की कोशिश की तो समाजवादी पार्टी मुजफ़्फ़र नगर के नेता अवम कार्यकर्ता शांतिपूर्ण अहिंसात्मक आंदोलन करेंगे।ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से शमशाद अहमद, मुजम्मिल राणा, टीटू पाल रमन, जनार्दन विश्वकर्मा, महक सिंह, मुकम्मिल राणा, नदीम सभासद, सलीम अंसारी,अमित शील, सलमान त्यागी, दर्शन पाल, दिलशाद कुरेशी, सय्यद फरीद, नासिर राणा, वसीम राणा,दिलनवाज सलमानी, इरफान त्यागी, इरशाद मलिक मौजूद रहे।

## लिसडी में बसंत पंचमी पर बाबा की समाधि पर लगने वाला मेला शुरू

» मदरलैंड संवाददाता



गढ़मुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र के गांव लिसड़ी में दरगाही बाबा की समाधि पर सदियों से बसंत पंचमी के अवसर पर लगने वाला तीन दिवसीय मेले सोमवार को शुरू हुआ। जिसमें देश के विभिन्न प्रांतों से भक्त मन्नत मांगने व मन्नत पुरी होने पर आते है। इस वर्ष कोरोना के कारण मेले में श्रद्धालु की संख्या कम रहने की संभावना है। श्रद्धालुओ को कोविड 19 के नियमो का पालन करने के निर्देश दिये गये हैं।सिंभावली क्षेत्र के गांव लिसड़ी में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में सोमवार को तीन दिवसीय मेला सोमवार को प्रारंभ हुआ। जिसमें देश के दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड प्रांत सहित विदेशों तक के भक्त आते हैं श्रद्धालु बाबा की समाधि पर चादर चढ़ाने के बाद दीप प्रज्वलित कर संतान प्राप्ति की जोत लगाते हैं। भक्तों का अटूट विश्वास है कि समाधि पर चादर चढ़ाकर मन्नत मांगने वालों की मनोकामना पुरी होती है जो अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर अगले साल बाबा का आभार जताने यहां आते हैं। मेले में आने वाले भक्तों को कोई दिक्कत नही हो उसके लिए प्रबंधन समिति सभी तैयारियों को पुरी करने की तैयारी में लगा हुआ है।महंत देवेश्वरानंद ने बताया कि बाबा दुगार्दास उदासीन संप्रदाय के संत थे, जिन्होंने भगवान की चरणागति प्राप्त कर सिद्धि हासिल की थी। जिसने करीब तीन सौ साल पहले उनकी समाधि का निर्माण कराया था। जिसे वर्तमान में समाधि वाले बाबा की समाधि के नाम से जाना जाता है, जिसके बाद से यहां पर बसंत पंचमी के दिन दिन मेला लगता चला आ रहा है।

## समाजसेवी संस्थाओं ने टीबी संक्रमित बच्चो को लिया गोद



» मदरलैंड संवाददाता

मुजफ्फरनगर। रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर मिडटाउन लायंस क्लब मुजफ्फरनगर उन्नती, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला इकाई, सिल्वरटोन पेपर और सालासर बालाजी समिति द्वारा कोविड19 की इस विषम परिस्थितियो में टी बी से ग्रसित 18 वर्ष तक के बच्चो को गोद लिए जाने एवं पुष्टाहार वितरण का दूसरा कार्यक्रम जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। रोटरी ० लायंस उन्नती, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, सिल्वरटन और सालासर बालाजी समिति के सौजन्य से 75 बच्चो के लिए 6 महीने का राशन दूसरी बार वितरित कर रहे है। जिसके मुख्या अतिथि जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी और मुख्य विकास अधिकारी आलोक यादव रहे और विशिष्ठ अतिथि डॉ प्रवीण चोपडा, मुख्या चिकित्साधिकारी, डॉ लोकेश चंद्र गुप्ता, जिला क्षय रोग अधिकारी रहे। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन सुनील अग्रवाल, श्रवण गर्ग, लायंस रीना अग्रवाल रहे।

सुनील अग्रवाल, लायंस रीना अग्रवाल ने बताया की क्लब आगे भी टी बी से ग्रसित बच्चो के लिए पुष्टाहार पहुंचाने का कार्य करता रहेगा। क्लब अध्यक्ष हर्ष पूरी ने बताया की रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर मिडटाउन, लायंस उन्नती, सालासर बालाजी समिति समाज के क्षेत्र में ऐसे कार्य मिलकर करते रहेंगे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में लायंस अध्यक्ष अमित गर्ग, लायंस सचिव डॉ विवेक लायंस, सीए अजय अग्रवाल, लायंस अनिल कंसल, लायंस आलोक गुप्ता, लायंस राहुल महेश्वरी डोली ममता अग्रवाल, अंजू गोयल, रो. संजीव कमल, डॉ कमल गुप्ता, पंकज जैन, अमित सिंघल, आकाश गर्ग, रमेश मिश्रा, शशांक जैन का सहयोग रहा। क्लब सचिव प्रगति कुमार ने आने वाले सभी रोटेरियन साथियो का आभार व्यक्त किया।

## छात्र-छात्राओ की सुरक्षा के लिए थानाध्यक्ष ने प्राचार्य व प्रधानाचार्य के साथ बैठक की

» मदरलैंड संवाददाता



गढमुक्तेश्वर। सिंभावली के किसान पीजी कालिज व आरएसके इंटर कालिज के प्रधानाचार्यो के साथ सिंभावली थानाध्यक्ष ने बैठक करते हुऐ छात्र-छात्राओ की सुरक्षा के लिए एक दूसरे का सहयोग लेते हुऐ कार्य करने पर चर्चा की। कालिज के अंदर कालिज प्रबंधन व बाहर पुलिस की जिम्मेवारी तय हुई। कालिज गेट पर सीसीटीवी कैमरे लगाने ओर कर्मचारियो की तैनाती बहारी तत्वो पर निगरानी के लिए लगाने पर सहमति बनी। सोमवार को सिंभावली के किसान पीजी कालिज के प्राचार्य डा0 तेजवीर सिंह व आरएसके इंटर कालिज के प्रधानाचार्य ओमकार शर्मा के साथ सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी ने कालिज के आफिस में बैठक करते हुऐ छात्र-छात्राओ की सुरक्षा के लिए एक दूसरे का सहयोग लेते हुऐ कार्य करने पर चर्चा की। कालिज के अंदर कालिज प्रबंधन व बाहर पुलिस की जिम्मेवारी तय हुई। कालिज गेट पर सीसीटीवी कैमरे लगाने ओर कर्मचारियो की तैनाती बहारी तत्वो पर निगरानी के लिए लगाने पर सहमति बनी। विदित रहे सिंभावली क्षेत्र में कालिज के छात्र-छात्राओ के साथ शरारती तत्वों से परेशान होने पर कालिज प्रशासन, एबीवीबी संघ आदि ने आवाज उठाने पर पुलिस प्रशासन हरकत में आया है।

## तहसील प्रशासन से परमिशन की आड़ में किया जाता है अवैध खनन

» मदरलैंड संवाददाता

गढ़मुक्तेश्वर। नेशनल हाईवे किनारे एक कॉलोनी में प्लॉटिंग की जा रही है, जिसमें प्लॉट में मिट्टी भराव के लिए डंपरों से अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है। लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह बेपरवाह नजर आ रहा है। जिसके चलते खनन करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। गढ़ में नेशनल हाईवे और रेलवे स्टेशन के बीच में कुछ लोगों द्वारा प्लॉटिंग कार्य किया जा रहा है। जिसमें कई प्लॉटों में मिट्टी भराव किया जा रहा है। बता दें कि मिट्टी भराव के लिए परमिशन की आड़ में अवैध मिट्टी रूप से खनन कर मिट्टी भराव का कार्य जोरो पर चल रहा है। इतना ही नहीं जानकारी करने पर वहां मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि दिन की बजाए रात के अंधेरे में डंपरों के माध्यम से मिट्टी का भराव कर दिया जाता है, जिस पर पुलिस और प्रशासन कोई कार्रवाई करने में असफल रहता है। जबकि सीएम योगी सरकार के सख्त निर्देश है कि किसी भी क्षेत्र में कहीं भी अवैध बालू और मिट्टी खनन नहीं किया जाएगा, अगर कोई खनन करता है, उस पर स्थानीय पुलिस प्रशासनिक अधिकारी तुरंत कार्रवाई करे। लेकिन यहां स्थिति कुछ और नजर आ रही है, जिससे रातों को डंपर चलाकर अवैध मिट्टी खनन कर निजी प्लॉटों में भराव का काम किया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार पर स्थानीय पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई करने में रुचि लेते नजर नहीं आ रहे हैं।

## मूक बधिर एवं मंद बुधि बच्चों का दिव्यांगता पत्र बनवाने की कार्यवाही करें : जिलाधिकारी

» मदरलैंड संवाददाता



बिजनौर। जिलाधिकारी रमाकांत पाण्डेय ने जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के संचालन के सम्बन्ध में भवन के आवंटन के लिए सुगम स्थल पर स्थान का चिन्हिकरण करें ताकि उक्त प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जा सके। उन्होंने कहा कि निर्मित होने वाले भवन में विशेष रूप से दिव्यांगजनों के सुगम आवागमन, बिजली एवं पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र कार्ड के सम्बन्ध में जिले के कुल 2623 डिजिलिटाइज्ड, 3125 नवीन लम्बित आवेदन पत्रों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करना सुनिश्चित करें तथा अवशेष धनरशि का यूडीआईडी कार्ड डिजिटिलाइजेशन के उपभोग प्रमाण पत्र के निराकरण के सम्बन्ध में त्वरित कार्यवाही अमल में लाएं।

जिलाधिकारी श्री पाण्डेय कलैक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जिला विव्यांगजन बन्धु जिला प्रबंधकीय समिति के अंतर्गत जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे।इस अवसर पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के0एम0सिंह, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# मांगो को लेकर राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ का धरना प्रदर्शन

» मदरलैंड संवाददाता



रामपुर। विद्युत विभाग में यांत्रिक संवर्ग के टेक्नीशियन कार्मिकों की केन्द्रीय एवं स्थानीय लंबित समस्याओं व मांगो को पूरा किये जाने की मांग को लेकर राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ आज एसी कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि संघ द्वारा प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों में कार्यरत यांत्रिक संवर्ग के टैक्नीशियन कार्मिकों की लंबित मांगों व समस्याओं का समाधान आज तक नहीं किया गया हैं जिस कारण संघ में रोष व्याप्त हैं। राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ द्वारा प्रदेशभर की केन्द्रीय कार्यकारिणी द्वारा नौ चरणों में प्रदेशव्यापी आन्दोलन के तृतीय चरण में अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौपा जायेगा। यांत्रिक संवर्ग के कार्मिकों के ग्रेड वेतन विसंगती, कार्मिकों के स्थानातरण हेतु आमेलन प्रक्रिया, कार्मिकों का पद नाम परिवर्तन, प्रोन्नती आदि समस्याओं पर विचार नहीं किये जाने के कारण संगठन द्वारा नौ चरणों में धरना व विरोध प्रदर्शन का आहवान किया गया हैं। इस मौके पर राम भरोसे, राजीव कुमार, हरेन्द्र यादव, शोभित सक्सैना, रोहित कुमार, बालक राम, देवेश, पंकज चैहान, राजेन्द्र आदि मौजूद थे।

# गजरौला में प्रियंका गांधी का जोरदार स्वागत

» मदरलैंड संवाददाता



रामपुर। उप्र कांग्रेस कमेटी के सदस्य और पूर्व प्रत्याशी नगर विधानसभा अरशद अली खां गुड्डू के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकताओं ने चांदपुर रोड गजरौला पर रुक कर प्रियंका गांधी का जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओ ने प्रियंका गांधी को फूल माला पहनाकर उनकी शान में जोरदार नारेबाजी की। प्रियंका गांधी ने कार्यकताओं का जोश देखकर सभी को हाथ हिलाकर धन्यवाद किया। इसके बाद प्रियंका गांधी के काफिले के रामपुर से आये अरशद अली खां गुड्डू एडवोकेट का काफिला भी किसान महासभा चांदपुर पहुंचा। इस मौके पर अरशद अली खां गुड्डू, अरसलान अली खां, जिला चेयरमैन अल्पसंख्यक कांग्रेस शैजी सैफी, सय्यद अदील मियां, मुअज्जम अली खांप्रधान, शाहनवाज, शन्नी, मोहम्मद फईम, मसूद हुसैन खां, शाहवेज खां, फरमान खां, रेहान पठान, अरहम सज्जाद, कल्बे अली खां, परवेज खां, रय्यान खां, डिम्पी आदि के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गढ क्षेत्र में प्रियंका गांधी का फुल मालाओ से जोरदार स्वागत

» कांति प्रसाद




गढमुक्तेश्वर। गढ क्षेत्र में हाईवे पर कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी का दिल्ली से बिजनौर जाते समय कांग्रसीयो ने फुल मालाओ से जोरदार स्वागत किया। सोमवार की सुबह गढ तहसील क्षेत्र में हाईवे पर कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी का दिल्ली से बिजनौर किसानो की सभा में भाग लेने जाते समय कांग्रसीयो ने फुल मालाओ से जोरदार स्वागत किया।प्रियंका गांधी ने कार्यकर्ताओ को उत्साह देखकर गाडी रूकवाकर कार्यकर्ताओ का अभिवादन किया ओर उन्हें संर्धष करने के लिए प्रेरित किया। स्वागत करने वालो में प्रदेश सचिव डा0 सोएब, जिलाध्यक्ष मिथुन त्यागी, हरीश पुरूषोत्तम, मनोज कौशिक, अमित अग्रवाल, राजकुमार जौहरी,सतीश शर्मा, ललित शर्मा, राधिका केम, जुबैर , शहजादा चैधरी आदि मौजूद थें।

# राजकीय महिला डिग्री कालेज द्वारा विशेष शिविर का आयोजन

» अफाक खान



रामपुर। राजकीय महिला डिग्री कालेज द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में ग्राम घाटमपुर स्थित वाल्मीकि मंदिर के परिसर में सात दिवसीय विशेष शिविर कौशल विकास हेतु पीसीएस अधिकारी माहे आलम द्वारा हर्षोल्लास के साथ किया गया।

इस मौके पर स्वयं सेविकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं लक्ष्य के साथ प्रतिज्ञा ली। उद्देश्य को पूरा करने की प्रतिज्ञा के साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अतुल शर्मा ने छात्राओं को एनएसएस के उद्घाटन समारोह की बधाई दी और कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि छात्राएं सीमित साधनों के होते हुए भी राष्ट्रीय सेवा के कार्यों से जुड़ी रहेंगी और देश सेवा के लिए तत्पर रहेंगी साथ ही अपने कौशल विकास के लिए तैयारी करती रहेंगी। सात दिवसीय प्रोग्राम में मुख्य अतिथि आलम ने छात्राओं एवं स्वयं सेविकाओं को आगे बढ़ने के लिए डिजिटल स्केल डेवलप करने के लिए विभिन्न प्रकार के सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने बताया कि आपके पास वक्त भी हैं और वक्त के इस्तेमाल करने की आजादी भी हैं साथ ही आपको जिंदगी में आगे बढ़ने की जरूरत भी है इसलिए अपने वक्त का सही इस्तेमाल कीजिए और दिल लगाकर अपनी पढ़ाई लिखाई कीजिए। स्किल डेवलपमेंट में सहायक रोजगार परक बनिए रोजगार को प्राप्त करने के लिए जद्दोजहद करते रहिए मंजिल अवश्य मिल जाएगी। कार्यक्रम अधिकारी रजिया परवीन एवं शत्रुजीत सिंह ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य उसके उद्देश्य और प्रतिज्ञा को पूरा करने का इस सात दिवसीय विशेष शिविर में पूरे मनोयोग से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। छात्राएं अनुशासित होकर इस शिविर में प्रतिभाग कर रही हैं। शिविर में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की कविताएं और देश भक्ति गीत सुनाए और मेहमानों का मन मोह लिया। इस अवसर पर शालू, तैयबा, शालू गुंजन, प्रियंका, मुस्कान, संगीता चक्रवर्ती, अनम मलिक, खदीजा ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान अफसर जहां ने छात्राओं को शुभ कामनाएं दी व कार्यक्रम अधिकारी रजिया परवीन ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# दो मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाए गए कृषि कानून: प्रियंका

» अवनीश त्यागी






बिजनौर। चांदपुर में यूपी की कांग्रेस प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार को बिजनौर की कांग्रेस किसान महापंचायत में शामिल हुईं। प्रियंका गांधी ने नए कृषि कानून पर केंद्र सरकार पर सीधा हमला करते हुए कहा कि तीनों कृषि कानून किसान के लिए नहीं बनाए गए हैं। ये कृषि कानून अपने दो पूंजीपति मित्रों के लिए बनाए गए हैं। अपने पूंजीपति मित्रों को पूरा देश सौंप दिया है। प्रियंका गांधी ने एक.एक कर तीनों कृषि कानूनों से किसानों से होने वाले नुकसान और पूंजिपतियों को होने वाले लाभ भी गिनाए। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि मैं भाषण देने नहीं, आप लोगों से बात करने आई हूं। ओर कहा कि आपके हमारे बीच में भरोसे का रिश्ता है। इसी भरोसे के बल पर हम आगे बढ़ते हैं। वर्तमान प्रधानमंत्री को भी जीताने के पीछे कोई भरोसा हुआ होगा तभी उनको जीताया होगा। चुनाव में कई वादे किए लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया गया। किसानों की आमदनी दोगनी करने की बातें कहीं गईं लेकिन ऐसा कुछ नहीं किया गया। गन्ना किसान बकाया को लेकर परेशान है। 16 हजार करोड़ के दो हवाई जहाज प्रधानमंत्री के लिए खरीदे गए लेकिन किसानों का 15 हजार करोड़ बकाया नहीं दिया गया। संसद भवन के लिए 20 हजार करोड़ दिए इसके अलावा तमाम योजनाओं के लिए पैसे हैं लेकिन किसानो के लिए नहीं है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि जब किसान ही कानून नहीं चाहता तो फिर क्यों इसे वापस नहीं लिया जा रहा है। जमाखोरी पर जवाहरलाल नेहरु ने कानून बनाया,लेकिन अब फिर जमाखोरी करने वालों के लिए कानून बनाया है। प्रियंका ने कहा कि पहले कानून से जमाखोरी बढ़ेगी। दूसरे कानून से बड़े.बड़े उद्योगपतियों की जेबें भरेंगी। सरकारी मंडियां बंद होंगी। प्राइवेट मंडियों को बढ़ावा मिलेगा। इससे आपका समर्थन मूल्य समाप्त हो जाएगा। तीसरे कानून से कांट्रैक्ट के तहत किसानों की फसल को वो खरीदेंगे। इसमें खास बात है कि आगे चलकर कांट्रैक्ट करने वाले आपका गन्ना नहीं लेंगे। जिसके बाद किसान वेबस हो जाएगा। यह तीनों कानून पूंजीपतियों के लिए बनाया गया है।

प्रियंका ने कहा कि पीएम अमेरिका, चीन जाते हैं। विदेशों का दौरा करते हैं लेकिन अपने घर से दो से तीन किलोमीटर पर जाकर किसानों से बात नहीं कर पा रहे हैं। संसद में खड़े होकर किसानों का मजाक उड़ा रहे हैं। किसान का बेटा ही जवान बनकर सीमा पर तैनात है। उसी का बेटा पीएम की सुरक्षा में तैनात है।

प्रियंका ने कहा कि किसान 80 दिन से शांतिपूर्वक धरना दे रहे हैं और सरकार के मंत्री उन्हें देशद्रोही कह रहे हैं। किसानों की मौत का भी मजाक उड़ाया जा रहा है।

शहादत बहुत बड़ी चीज होती है। शहादत देने वाले का परिवार भी शहीद होता है। किसी शहीद पर उंगली उठाने का किसी को हक नहीं है।

# युवाओं की प्रतिभा को एक बेहतर मंच देने के लिए सरकार प्रतिबद्धः योगी

» अंजुम सिद्दीकी



सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रतिभाओं की धरती है। सरकार पूरी मजबूती के साथ युवाओं की प्रतिभा को एक बेहतर मंच देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा कि यह कोचिंग ही नही अपितु जीवन निर्माण की नई शुरूआत है। इस योजना को युवाओं की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है तो इसका परिणाम भी बेहतर होगा।

जनपद के राजकीय इण्टर कालेज में 16 फरवरी से कक्ष संख्या 12, 13 और 20 में प्रात 07:30 बजे से कक्षाएं प्रारम्भ होंगी। इसके लिए पंजीकृत छात्रों को उनके पंजीकृत एस.एम.एस. के माध्यम से सूचना दी जायेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का वर्चुअल शुभारम्भ करते हुए यह बात कही।

उन्होने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं यथा सिविल सेवा परीक्षा, पी सी एस , जे ई ई , नीट, एन डी ए , सी डी एस, रेलवे एवं बैंकिग इत्यादि हेतु प्रतिभाशाली छात्रों हेतु मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अर्न्तगत 16 फरवरी से निःशुल्क कक्षाएं चलायी जायेगी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर वाराणसी के कपिल दुबे, गोरखपुर की शाक्षी पाण्डेय, प्रयागराज की शिष्या सिंह राठौर, मेरठ के हिमांशु बंसल तथा लखनऊ की प्रियांशी मिश्रा से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से वार्ता कर उनके प्रश्नों का उत्तर दिया तथा सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अखिलेश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी प्रणय सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त सुनील कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन एस बी सिंह, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल, ए एस पी अली अब्बास, समाज कल्याण अधिकारी आनन्द कुमार तथा चयनित छात्र मंजरी सैनी, आकाश तोमर, आशुतोष शर्मा, आकाश कुमार, खुशी रावत उपस्थित रहे।

# चेकिंग के नाम पर गरीब को परेशान न किया जाये : महबूब



» जावेद आलम

अमरोहा। विधायक एवं लोक लेखा समिति के चेयरमैन महबूब अली ने बिजली विभाग के अधिकारियों को आमजन की समस्याओं से अवगत कराया तथा समाधान के लिए चेताया। साफ कहा कि बिजली चैकिंग के नाम पर बेवजह लोगों को परेशान न किया जाए। उत्पीडन किसी हाल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक महबूब अली ने अधिशासी अभियंता प्रथम व द्वितीय समेत एक्सईएन टेस्ट मीटर को आवास पर बुलाया। आमजन की समस्याओं के साथ अनाप-शनाप बिलिंग व मीटर बदले जाने के बाद बकाया जोड़कर आ रहे बिल की बाबत पूछताछ की, स्पष्ट कहा कि उत्पीडन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बोले, सबसे ज्यादा शिकायतें बिजली विभाग की आ रही है, फर्जी लोग भी चैकिंग करते घूम रहे हैं, इनपर लगाम कस जानी चाहिए। चैकिंग के नाम पर गरीबों को परेशान न किया जाए, बल्कि उन्हें कनेक्शन देकर बिजली चोरी रोकी जाए। इस दौरान एमएलसी परवेज अली, नगराध्यक्ष आफताब सैफी, धर्मपाल सिंह, तौसीफ चड्ढा, मुख्तार नकवी, मोनू खान, हाजी असलम, गुड्डू राजा, सलमान मंसूरी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रिंकू हत्याकांड के विरोध में विहिप कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन




मदरलैंड संवाददाता , अमरोहा । दिल्ली में विहिप कार्यकर्ता रिंकू शर्मा की हत्या के मामले में विश्व हिंदू परिषद, बलरंग दल इकाई ने आक्रोश जताते हुए कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में दिया। ज्ञापन के माध्यम से हत्यारों की गिरफ्तारी और दिल्ली में राष्ट्रपति शासन की मांग की है। विहिप जिला संयोजक जयसिंह ठाकुर के नेतृत्व में सोमवार को कार्यकर्ता कलक्ट्रेट परिसर पहुंचे। रिंकू हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शन व नारेबाजी की ।आए दिन कहीं ना कहीं असामाजिक तत्वों द्वारा हिंदुत्व के लिए काम करने वाले व्यक्तियों का दमन किया जा रहा है। पुलिस प्रभाव और दबाव में अपराधियों को बचाने में लगी है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होने कहा कि रिंकू शर्मा के हत्यारों को फांसी देने व अन्य हमलावरों पर रासुका लगाई जाए। रिंकू के परिवार को एक करोड की आर्थिक सहायता व एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी तथा दिल्ली में लगातार हमलों के लिए दिल्ली पुलिस को जवाबदेह बनाया जाए। इसके साथ ही दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग भी उठाई। राजू कुमार, रवि, विपिन पंडित, शुभम चौधरी, लोकेश यादव, सतेंद्र सिंह, रितिक कुमार, ओमकार सिंह आदि मौजूद थे।

### सहारनपुर में 690 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का कार्य पूर्ण

मदरलैंड संवाददाता , सहारनपुर । स्वच्छता न केवल हमारे आस-पास घर आगन सड़क के लिए है, बल्कि यह हमारे शरीर जीवन के हर पहलू में आवश्यक है। स्वच्छता गाव, मौहल्ला सहित राष्ट्र की आवश्यकता है। स्वच्छता से जहां घर आगन मौहल्ला और शरीर स्वच्छ-साफ रहती है, वहीं देखने में भी सुन्दर लगती है। यह व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य से भी जुड़ा है। स्वच्छता दबाव से नही बल्कि अच्छी आदत एवं स्वेच्छा से अपनाया जाता है। भारत सरकार द्वारा 2 अक्टूबर 2014 से शुरू किये गये स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत प्रदेश में गाव, मौहल्ले, गली, सड़क,शहर के नाले, नाली, आफिस अपशिष्ट प्रबन्धन, स्वच्छ शौचालयों का निर्माण, खुले में शौच पर होने वाले प्रदूषण गन्दगी व रोग के विषय में जागरूकता आदि कार्य तेजी से होने लगें। जनपद सहारनपुर के 884 ग्राम पंचायतों मं सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया जा रह है जिनमें से 690 सामुदायिक शौचालय पूर्ण हो गये है। सामुदायिक शौचालयों के निर्माण के उपरान्त स्वयं सहायता समूह की निराश्रित महिलाओं को रख-रखाव की जिम्मेदारी दी जा रही है जिस के लिए महिला को 6000 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जायेंगा।

### उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सुषमा सिंह का मुजफ्फरनगर भ्रमण

मदरलैंड संवाददाता , सहारनपुर । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष (उप मंत्री स्तर ) सुषमा सिंह 16 फरवरी से 20 फरवरी 2021 तक जनपद मुजफ्फरनगर के भ्रमण पर रहेंगी। भ्रमण के दौरान जनसुनवाई, विभिन्न संस्थाओं, महिला थाना, जिला जेल सहित महिला उत्पीड़न की शिकायतों की समीक्षा करेंगी ।जारी कार्यक्रम के अनुसार सुषमा सिंह महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं को जमीनी स्तर पर गांव-गांव तक पंहुचाने के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। 16 फरवरी को पूर्वान्ह 11:00 बजे मुजफ्फरनगर निरीक्षण भवन पंहुचेंगी। 12:00 बजे वैवाहिक कार्यक्रम स्थल ग्राम रानी का बसेडा में सम्मिलित होंगी। अपरान्ह 03:00 बजे रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष्ठ में विगत 03 माह में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करेंगी। रात्रि विश्राम निरीक्षण भवन मुजफ्फरनगर में ही करेंगी ।इसी प्रकार 17 फरवरी को पूर्वान्ह 11:00 बजे जनपद मुजफ्फरनगर में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में माह के तृतीय बुधवार की जनसुनवाई में प्रतिभाग करेंगी। जिलाधिकारी सभागार कक्ष में भी प्रतिभाग करेंगी। 18 फरवरी को प्रातः 11:00 बजे से विभिन्न संस्थओं का औचक निरीक्षण करेंगी तथा सांय 4:00 बजे जिला जेल का निरीक्षण करेंगी।

# सिविल कोर्ट के तहसील भोंगॉव में स्थापना की सूचना पर वकीलों ने जाहिर की खुशी



» अजय त्यागी

मैनपुरी। तहसील में वकीलों ने सिविल कोर्ट की स्थापना को लेकर आयोजित बैठक में जिला जज एवं जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया गया ।वकीलों ने सिविल कोर्ट की स्थापना के लिए अधिकारियों को परिषद के द्वारा हर प्रकार से सहयोग किये जाने की बात का जोरदार समर्थन किया गया । सोमबार को सिविल कोर्ट के तहसील भोंगॉव में स्थापना की सूचना पर खुशी जाहिर करते हुऐ अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने बताया कि मीडिया के माध्यम से उन्हें सिविल कोर्ट के तहसील में हाई कोर्ट द्वारा मंजूरी की की जानकारी प्राप्त हुई ।जिससे सभी वकील खुश हैं और सभी हाईकोर्ट व जिला जज व अपर सिविल जज मैनपुरी तहसील के एस डी एम सुधीर कुमार व तहसीलदार का आभार व्यक्त करते हैं ।महासचिव मुकुट विहारी वर्मा ने कहा एक ओर तहसील का किशनी ओर कुरावली के खुलने से काम प्रभावित हो गया था लेकिन सिविल कोर्ट की मंजूरी से पुनः का नया काम मिलेगा और हम सभी वादकारी जनता की मदद कर सकते हैं। एस डी एम का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होंने अपने सामने मैनपुरी रोड पर ग्राम सभा की भूमि की पैमाइश करा कर प्रस्ताव भेजकर हमारा सहयोग कियाहै। बैठक में वकीलों ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी जताई। इस मौके पर करन सिंह वर्मा, रमेश चन्द्र तिवारी, सुबोध सक्सेना, अनार सिंह यादव,के0के पाण्डेय, बीरेन्द्र सिंह शाक्य, विजेंद्र सिंह, धर्मेन्द्र राजपूत, राजबहादुर चौहान, कुलदीप दुवे, नईम अंसारी, सरताज अली,गीते न्द्र सिंह, पंकज सक्सेना,शिव कुमार दुवे, काजी सारुख अब्बासी, संदीप वर्मा, विनय शुक्ला, रवींद्र सिंह यादव, अशोक राजपूत,आर पी सिंह,हेमन्त मिश्रा, धनवेश पाल, अनिल सक्सेना, प्रमोद कुमार, सुभाष चन्द्र आदि मौजूद रहे।

# करीब 2.17 करोड़ की शराब को कराया नष्ट



» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। जनपद मैनपुरी के थाना क्षेत्रों में सोमवार की शाम को न्यायालय के आदेश पर कई मुकदमों में वांछित 2.17 करोड़ की शराब को नष्ट कराया गया। शराब विनष्टीकरण के दौरान थाना प्रभारी समेत जिले के आला अधिकारी व उप जिलाधिकारी घिरोर भी मौजूद थे। बताते चलें कि जनपद मैनपुरी के थाना घिरोर में कई वर्षों से लंबित मुकदमों में वांछित भारी मात्रा में शराब का विनिष्टीकरण का कार्य किया गया। शराब विनिष्टीकरण अपर पुलिस अधीक्षक मधुवन कुमार के कुशल नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर पत्रकारों से रूबरू होते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि न्यायालय के आदेश के बाद कई वर्षों से लंबित मुकदमों में वांछित भारी मात्रा में शराब का आज विनिष्टीकरण किया गया है। जिसकी कीमत कुल 21731400 रुपए आंकी गई है। इस मौके पर एएसपी मधुबन कुमार, क्षेत्राधिकारी डीपी गौड़, एसडीएम घिरोर अनिल कुमार कटियार, थाना प्रभारी निरीक्षक पहलवान सिंह समेत तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# किठौर में विवाहिता ने फांसी पर लटक कर जान दी



» शकील सैफी

किठौर । सोमवार को क्षेत्र के नंगली गांव निवासी एक विवाहिता का शव घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लिया बताया गया कि संजना की शादी 4 साल पूर्व सोनू निवासी नंगली किठौर से हुई थी और दो छोटे बच्चे हैं दोपहर करीब 2:00 बजे संजना का शव घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता मिला जिससे घर में कोहराम मच गया मौके पर सीओ किठौर बृजेश सिंह पहुंचे फॉरेंसिक टीम जांच के लिए पहुंची थाना प्रभारी अरविंद मोहन शर्मा ने बताया कि सूचना पर मायके के लोग पहुंचे शव को पीएम के लिए भेजा गया मामले में तहरीर नहीं दी गई है संबंध में थाना प्रभारी का कहना है कि जिन लोगों के नाम प्रकाश में आएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।

# 4.27 अरब के बजट पर मुहर और हटेगा सम्पत्ति से यूजर कर



» अर्जुन वार्ष्णेय

अलीगढ़। संपत्ति कर में यूजर चार्ज शामिल होने से उपजे विवाद पर सोमवार को कार्यकारिणी की बैठक में विराम लग गया। कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में सदन ने संपत्ति कर से यूजर चार्ज हटाने का निर्णय लिया है। बैठक में 4.27 अरब के बजट पर मुहर भी लग गई। कार्यकारिणी सदस्यों ने डा. मुकेश शर्मा को उप सभापति चुना है। मेयर मोहम्मद फुरकान व नगर आयुक्त प्रेम रंजन सिंह ने इसकी घोषणा की है।

मेयर मोहम्मद फुरकान की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यकारिणी बोर्ड की बैठक जवाहर भवन में हुई। बैठक में सर्व प्रथम कार्यकारिणी सदस्य मुशर्रफ हुसैन, संजय शर्मा, हेमंत गुप्ता, सुरेंद्र कुमार, शेर सिंह सैनी, हरिओम अग्रवाल, राजेंद्र किशोर, विनय तोमर ने सर्वसम्मति से डा. मुकेश शर्मा को उप सभापति चुनने का निर्णय लिया। पार्षदों की मांग पर संपत्ति कर से यूजर चार्ज हटाने का निर्णय लिया गया।

अब संपत्ति कर व यूजर चार्ज का बिल अलग-अलग आएगा। बैठक के दौरान बजट पर भी चर्चा हुई। बोर्ड में वित्तीय वर्ष 2021-22 का प्रस्तावित चार अरब, 27 करोड़, चार लाख, 50 हजार रुपये का बजट सर्वसम्मति पास किया गया लेखाधिकारी राजेश गौतम ने बताया कि अनुमानित प्रस्तावित व्यय चार अरब, 27 करोड़, चार लाख, 50 हजार रुपये व 31 मार्च 2022 को अनुमानित अंतिम अवशेष 55 करोड़, 95 लाख, 88 हजार, 87 रुपये सर्वसम्मति से पास किया गया है। संपत्ति कर से यूजर चार्ज हटाने पर पार्षदों ने नगर आयुक्त व मेयर का आभार जताया।

मेयर ने नगर आयुक्त को बधाई देते हुए कहा कि नगर आयुक्त ने अच्छी पहल की है। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त ने पार्षदों का आभार व्यक्त किया। बैठक में महाप्रबंधक जल अनवर ख्वाजा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. शिवकुमार, लेखाधिकारी राजेश गौतम, अधिशासी अभियंता निर्माण अशोक कुमार भाटी, सहायक लेखाधिकारी अखिलेश तिवारी, स्टोर कीपर संजय सक्सेना, स्टेनो देशदीपक, मीडिया सहायक एहसान रब समेत नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 अप्रैल को

**मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी।** सिविल जज (प्र.व.), सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित मिश्रा ने बताया कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार 10 अप्रैल को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा, जिसमें विहित आपराधिक विद्युत, जल, दूरभाष एवं जनोपयोगी सेवाओं में सम्बन्धित मामलों में तथा श्रम एवं पारिवारिक वादों आदि सम्बन्धित प्रकरणों के साथ-साथ आवश्यकतानुसार सभी सुलह वाद, उपभोक्ता फोरम वादों, चकबन्दी वादों, मध्यस्थ प्रकरणों, नगर पालिका, नगर निगम टैक्स वसूली मामलों आदि को नियत व निस्तारित करने पर बल दिया जायेगा।

# लापता बालक का शव नलकूप की कुण्ड़ी में मिलने से सनसनी

» मदरलैंड संवाददाता



अलीगढ़। थाना बरला के गांव रघूपुरा से दो दिन पहले घर के बाहर खेलते समय एक बच्चा लापता हो गया था, जिसका शव सोमवार को गांव के समीप जंगल में एक नलकूप की कुंडी में तैरता मिला। सूचना पर पहुंची स्थनीय पुलिस के अलावा सीओ भी घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना बरला के गांव रघूपुरा के नीटू जाटव राज मिस्त्री का कार्य करते हैं। उनके दो बेटे श्री कृष्ण व आदित्य शनिवार की सुबह खेलने गए थे। करीब एक घंटे बाद बड़ा बेटा खेलकर वापस घर आ गया, जबकि आदित्य थोड़ी देर और खेलने की कहकर वापस घर आने की बात कही थी। शाम तक वह वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसकी तलाश की। मगर उसका कहीं अता-पता न चल सका। रविवार को परिजनों ने थाना बरला अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करा दी।

सोमवार की दोपहर ग्रामीण खेतों पर काम करने जा रहे थे, तभी वह एक नलकूप पर पानी पीने को रूके तो देखा कि एक बच्चे का शव पानी में तैर रहा था। यह देख थोड़ी देर में वहां लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। शव की पहचान रघूपुरा के आदित्य के रूप में की। सूचना पर इलाका पुलिस के अलावा सीओ बरला सुमन कनौजिया ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी की। तथा मौके पर फरेंसिक टीम ने पहुंचकर घटना पर आधारित साक्ष्य जुटाये हैं।

# पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि

» मदरलैंड संवाददाता

किठौर । स्टार अलफलाह इंटर कॉलेज किठौर के आह्वान पर कस्बा किठौर के झंडा चौक पर पुलवामा आंतकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई श्रद्धांजलि देने के लिए झंडा चौक पर व्यापारियों और आम जनों तथा छात्रों का हुजूम उमड़ पड़ा और श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से डॉ नुसरत अली संदीप शर्मा लाला सचिन लाला आशु जगना लाला जहीर ललित गुर्जर डॉ मनोज व अन्य सैकड़ों लोग रहे ।

# पुलवामा में शहीद हुए जवानों को विभिन्न संगठनों द्वारा अर्पित की गई श्रद्धांजलि



» जाहिर खान

बुलंदशहर।14 फरवरी 2019 को पुलवामा में शहीद हुए जवानों को बुलंदशहर नगर के कालाआम चौराहा स्थित भगत सिंह पार्क पर पहुंचकर विभिन्न संगठनों द्वारा दी गई श्रद्धांजलि जिसमें हिंदू युवा वाहिनी शिवसेना व्यापारी सुरक्षा फॉर्म उद्योग व्यापार मंडल भारतीय किसान यूनियन अंबावता सहित दर्जनों संगठनों के कार्यकताओं ने शहीदों को कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि एवं 14 फरवरी को काला दिवस के रूप में मनाया जिस में जानकारी देते हुए विद्या दर्शन ऑफ यूथ के राष्ट्रीय महासचिव अर्पित चौधरी ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए बड़ा ही दुख का दिन है हमारे जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी आज हम उन महान जवानों को याद कर रहे हैं हम उन जवानों को कभी नहीं भुला सकते हैं।

# पुलवामा में शहीदों को केंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

» शंकरदेव तिवारी



आगरा। पिनाहट कस्बा स्थित ब्राइट फ्यूचर क्लासेज के छात्रों ने रविवार रात पुलवामा हमले में शहीद हुए सेनिको की याद में कस्बा में केंडल मार्च निकालकर उन्हें श्रद्धार्जलि दी। कैंडल मार्च निकालकर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की एवं सभी के द्वारा शोक व्यक्त किया गया। श्रद्धान्जलि देने वालों में कोचिंग के उप प्रबंधक सन्नी सिंह सिकरवार, अशोक ठैनुआ, हरित कुंमार, गौरव पाराशर, विशाल भदौरिया,पंकज तोमर, अजय परिहार, अरविंद,शेरा, अतुल, हैप्पी, आकाश, शिवम, छोटू, बॉबी अदि लोग उपस्थित रहे।

## बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या के विरोध में दिया ज्ञापन

**मदरलैंड संवाददाता, आगरा।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं ने दिल्ली में दस फरवरी को हुई बजरंग दल के कार्यकर्ता रिंकू शर्मा की हत्या को लेकर रविवार को नायब तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। दिल्ली में श्रीराम मंदिर के लिए धन संग्रह एकत्रित कर रहे निर्दोष बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या के विरोध में रविवार को बजरंग दल कार्यकर्ता जरार में एकत्रित हुए। उसके बाद जरार से पैदल मार्च करते हुए तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। दिल्ली की केजरीवाल सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन सौंपने के बाद हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जितेंद्र नाथ पंडित प्रखंड अध्यक्ष, बलदाऊ गोस्वामी प्रखंड मंत्री, नरेंद्र खंड कार्यवाहक, सौरभ खंड संयोजक, धर्म जादौन, सोनम खंड कार्यवाहक, चेतन चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

# एस एन इमरजेंसी में मरीज की कटी उंगली की जगह अंगूठे को सिल दिया,हालत गम्भीर

» मदरलैंड संवाददाता

आगरा। कहते है डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप होता है लेकिन अगर उसी भगवान रूपी डॉक्टर की घोर लापरवाही के कारण अगर किसी की जान पर बन जाये तो क्या कहें,इसका जिम्मेदार कौन होगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चिकित्सा सेवाओं को दुरस्त करने व लापरवाह डॉक्टरों को सख्त आदेशों के बाबजूद आगरा के एस एन इमरजेंसी के डॉक्टर बाज नही आ रहे। इसका ताजा उदाहरण सोमवार को देखने को मिला जंहा आगरा के खंदौली ब्लॉक के पोइया स्थित अचलु का वास निवासी राजकुमार पुत्र होरी लाल शर्मा जोकि बेलनगंज के एक लकड़ी के कारखाने में लकड़ी का काम करता है। विगत रविवार को रोजाना की भांति राजकुमार आरा मशीन पर लकड़ी काट रहा था कि अचानक नींद का झोंका आने के कारण उसका सीधा हाथ मशीन के ब्लेड से लग गया जिससे उसके हाथ का अंगूठा व एक उंगली अलग कट कर गिर पड़ी।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# महीने भर तक जारी रहने वाला पेट्रोलियम संरक्षण अभियान हुआ समाप्त

» विनोद कुमार




चंडीगढ़। पेट्रोलियम संरक्षण की तीव्र आवश्यकता के बारे में नागरिकों को जागरूक करने के लिए, एक महीने तक जारी रहे अभियान, सक्षम 2021 (सरंक्षण क्षमता महोत्सव) का समापन समारोह आज यहां महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, सेक्टर 26 में आयोजित किया गया।

डॉ. अमरपाल सिंह, आईएएस, राज्य परिवहन आयुक्त, पंजाब आज पेट्रोलियम संरक्षण की तीव्र आवश्यकता के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता लाने के लिए महीने भर चले अभियान, सक्षम 2021 (संरक्षण क्षमता महोत्सव) के समापन समारोह के प्रमुख अतिथि थे। पीसीआरए (पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ) और तेल सार्वजनिक उपक्रमों के माध्यम से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इस मासिक ईंधन संरक्षण अभियान को आयोजित किया था।

इस मौके पर श्री सुजॉय चौधरी, राज्य स्तरीय समन्वयक (तेल उद्योग), पंजाब और कार्यकारी निदेशक, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, चंडीगढ़ ने स्वागत संबोधन किया और श्री शलभ राज गुप्ता, राज्य स्तरीय समन्वयक (तेल उद्योग), यू.टी. चंडीगढ़ एंड चीफ रीजनल मैनेजर (रिटेल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, चंडीगढ़ रीजनल ऑफिस ने मुख्यातिथि और समारोह में उसस्थिति दर्ज करवाने के लिए अन्य प्रमुख हस्तियों का धन्यवाद किया।

इस मौके पर सक्षम 2021 के दौरान पंजाब और चंडीगढ़ में आईओसी, बीपीसी, एचपीसी, गेल द्वारा आयोजित की गई गई विभिन्न गतिविधियों के बारे में भी बताया गया।

इस मौके पर उपस्थित अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में, ललित भट्ट, मुख्य महाप्रबंधक, मार्केटिंग, गेल इंडिया लिमिटेड; मोहित भाटिया, स्टेट हेड (रिटेल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, चंडीगढ़ और संजीव वर्मा, अतिरिक्त निदेशक, पेट्रोलियम कंजर्वेशन रिसर्च एसोसिएशन (पीसीआरए), चंडीगढ़ शामिल थे।

इस अवसर पर सभी तेल कंपनियों के अधिकारी, चंडीगढ़ के एलपीजी वितरक, चंडीगढ़ के रिटेल आउटलेट डीलर, चंडीगढ़ के लुब्रिकेंट्स वितरक, शिक्षक, स्कूली बच्चे, परिवहन क्षेत्र के प्रतिभागी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

एक महीने के अभियान के दौरान, विभिन्न गतिविधियां चंडीगढ़ और पंजाब के विभिन्न जिलों में आयोजित की गईं। इनमें ईंधन संरक्षण प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम / समूह विचार-विमर्श, समूह चर्चा, नुक्कड़ नाटक, साइकिल रैली और वॉल पेंटिंग प्रतियोगिताओं के माध्यम से विभिन्न अभियान शामिल थे। रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और अन्य ग्रुप हाउसिंग सोसायटीज के साथ तेल और गैस संरक्षण पर समूह वाताएं भी आयोजित की गई थीं। कार्यशालाओं के माध्यम से ईंधन संरक्षण पर अभियान चलाए गए। एक मोबाइल वैन पीसीआरए साहित्य वितरित करती रही और चंडीगढ़ और पंजाब में तेल और गैस संरक्षण पर फिल्में दिखाती रहीं।

# एमसीएम ने सरोजिनी नायडू की 142 वीं जयंती पर आयोजित की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़। मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर वूमेन की वीमेन डवलपमेंट सेल ने भारत कोकिला - सरोजिनी नायडू की 142 वीं जयंती के अवसर पर एक राष्ट्रीय स्तर की ई-पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया। सरोजिनी नायडूः द बर्ड हू शैटर्ड ऑल केजेस विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्सों से 29 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अपनी प्रविष्टियों के माध्यम से, प्रतिभागियों ने नाइटिंगेल ऑफ इंडिया के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला, जिसमें उनका भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान के साथ-साथ महिलाओं की मुक्ति, उनकी अदम्य भावना और कलात्मक तीक्ष्णता भी शामिल थे।

डीएवी कॉलेज मेनेजिंग कमेटी के वाइस प्रेजिडेंट माननीय श्री एच आर गांधार ने अद्वितीय व्यक्तित्व और राष्ट्रीय नायक सरोजिनी नायडू को श्रद्धांजलि अर्पित करने के कॉलेज के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि कलात्मकता और कविता को हमारे राष्ट्रीय संघर्ष में पिरोकर, सरोजिनी नायडू ने राष्ट्रीय जीवन को हमारी राजनीति से परे उच्च कलात्मक क्षेत्र के साथ जोड़ दिया।

इस प्रतियोगिता में एमसीएम डीएवी कॉलेज फॉर विमेन, चंडीगढ़ की नमन चोपड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि दूसरा और तीसरा स्थान क्रमशः मालवा कॉलेज, बोंडली, समरला की उर्वशी मिश्रा और डीएवी कॉलेज (लाहौर), अंबाला शहर की निकिता रानी को मिला। विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ निशा भार्गव ने कहा कि भारत में महिला सशक्तीकरण का चेहरा होने के साथ-साथ एक प्रतिष्ठित कवि और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सबसे प्रमुख चेहरों में से एक, सरोजिनी नायडू का जीवन अनुकरणीय है। डॉ भार्गव ने प्रतिभागियों को एक महान व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि देने के लिए बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### पेटवाड़ के छोरे ने मारी बाजी, बना असिस्टेंट कमांडेंट




मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़ /हिसार। जिला के गांव पेटवाड़ के 28 वर्षीय युवक निशांत सोनी का असिस्टेंट कमांडेट के पद पर चयन हुआ है। हाल ही में पांच फरवरी को घोषित हुए यूपीएससी के परिणामों में निशांत ने आल इंडिया स्तर पर 82वां रैंक प्राप्त कर अपने गांव व हिसार जिले का नाम रोशन किया है। निशांत का परिवार गत करीब 20 वर्षों से जवाहर नगर हिसार में रह रहा है और दसवीं व बारहवीं की शिक्षा ब्लूमिंग डेल्स स्कूल हिसार और सिविल इंजीनियरिंग से बीटेक वीआईटी युनिवर्सिटी, वेल्लोर, तमिलनाडु से की है। निशांत के पिता रोहताश वर्मा सर्व हरियाणा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में मैनेजर व मां दयावंती राजकीय कन्या उच्च विद्यालय टोकस में हिंदी की प्रवक्ता है। निंशात ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता व गुरूजनों को दिया है।

### हरियाणा सरकार ने 2008 बैच के चार आईएएस अधिकारियों को सलेक्शन ग्रेड प्रदान किया

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने 2008 बैच के चार आईएएस अधिकारियों को 1 जनवरी, 2021 से सलेक्शन ग्रेड प्रदान किया है। इन अधिकारियों में श्री चंद्रशेखर खरे, श्री अंशज सिंह, श्री राजीव रतन और श्री रिपुदमन सिंह ढिल्लों शामिल हैं। इसके अलावा, श्री निखिल गजराज को परफॉर्मा पदोन्नति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त सरकार ने एक एचसीएस अधिकारी आरटीए, फतेहाबाद के सचिव श्री अजय चोपड़ा को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा जिला परिषद, फतेहाबाद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और डीआरडीए, फतेहाबाद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का कार्यभार सौंपा है।

### राज्य चुनाव आयोग द्वारा 3 बूथों पर दोबारा मतदान करवाने के आदेश

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। राज्य चुनाव आयोग द्वारा आज पटियाला के नगर परिषद, पातड़ां और समाना के 3 बूथों पर दोबारा मतदान करवाने के आदेश दिए हैं। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए राज्य चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि पटियाला जिले के पातड़ां के रिटर्निंग अफसर द्वारा वार्ड नं. 8 के बूथ नं. 11 में मतदान के दौरान ई.वी.एम. को नुकसान पहुँचाने सम्बन्धी सूचना भेजी गई थी। इसी तरह पटियाला जिले के समाना हलके के रिटर्निंग अफसर द्वारा भी समाना के वार्ड नं. 11 के बूथ नं. 22 और 23 में ई.वी.एम. को नुकसान पहुँचाने सम्बन्धी सूचना भेजी गई थी। प्रवक्ता ने बताया कि इस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए आयोग द्वारा इन तीनों बूथों और स्टेट इलैकशन कमिशन एक्ट, 1994 की धारा 59(2)(ए) के अधीन इन तीनों बूथों पर पहले डाली गईं वोटों को रद्द करते हुए यहाँ नए सिरे से मतदान करवाने के आदेश दिए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि इन तीनों बूथों पर अब तारीख 16 फरवरी, 2021 को प्रातःकाल 8:00 बजे से 4:00 बजे तक फिर से वोटें डाली जाएंगी और गिनती 17 फरवरी, 2021 को होगी।

### तीसरे दिन भी कोहरे की चादर से लिपटा रहा हरियाणा

चंडीगढ़। हरियाणा में लगातार तीसरे दिन भी कोहरे कोहरे के कारण लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अल सुबह जहां हाइवे पर दृश्यता 10 से 20 मीटर थी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में दृश्यता 5 मीटर तक और कहीं-कहीं इससे भी कम रही। जिस कारण नेशनल हाइवे व लिंक मार्गों पर वाहन रेंगते नजर आए। दिन में भी वाहन लाइटें जलाकर एक दूसरे के पीछे चल रहे थे। दोपहर में मौसम साफ होने के बाद ही वाहन चालकों ने राहत की सांस ली। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आगामी दो दिन तक कोहरे से राहत मिलने के आसार कम ही नजर आ रहे हैं। विशेषज्ञों की मानें तो मौसम में अचानक से परिवर्तन का मुख्य कारण पश्चिमी विक्षोभ है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदेश के कई हिस्सों में बूंदाबांदी के आसार बने हुए हैं। 20 फरवरी तक सर्दी के ज्यादा रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम के परिवर्तनशील रहने के कारण ठंड बरकरार है।

# उद्यान विभाग व कांगड़ा फ्लावर ग्रोवर एसोसियेशन के संयुक्त तत्वाधान में बैठक आयोजित




**धर्मशाला।** पूर्ण राज्यत्व के स्वर्णिम वर्ष के उपलक्ष्य आज सोमवार को गगल में उद्यान विभाग व कांगड़ा फ्लावर ग्रोवर एसोसियेशन के संयुक्त तत्वाधान में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला के लगभग 30 पुष्प उत्पादक व पुष्प पौधशाला स्वामित्व बागवानों ने भाग लिया।

कांगड़ा फ्लावर ग्रोवर ऐसोसियेशन जिला कांगड़ा की पहली पंजीकृत सोयासटी है। 50 वर्ष पूर्व यहां कांगड़ा घाटी में फूलों की व्यवयायिक खेती नगण्य थी वहीं वर्तमान में इसका आकार वहद्ध

हो गया व इसमें लगभग 400 बागवान इस कार्य से जुड़कर अपना स्वरोजगार कर रहे है। वहीं पुष्प उत्पादन व नर्सरी से प्रदेश के जीडीपी में इस घटक से लगभग 22 से 25 करोड़ का सालाना योगदान हो रहा है।

व्यवसायिक पुष्प उत्पादन युवाओं व बेरोजगारों को स्वरोजगार अवसर प्रदान करता है। वहीं असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को भी इसमें रोजगार प्राप्त हो रहा है। उद्यान विभाग जिला कांगड़ा के अथक प्रयासों से यह संभव हो पाया है। केन्द्र की बागवानी मिशन परियोजना व हिमाचल प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री पुष्प क्रांति योजना के तहत बागवानों/इच्छुक लाभार्थियों को हरित गृह निर्माण में 85 प्रतिशत अनुदान व हरित गृह में कर्तित फूलों की खेती के लिए 200-350 रुपये प्रतिवर्ग मीटर की दर से अनुदान दिया जा रहा है जिसके तहत एक सामान्य लाभार्थी को 5 लाख रुपये से लेकर 30 लाख रुपये का आर्थिक अनुदान अपने उद्यम के लिए मिल सकता है।

उपनिदेशक उद्यान डॉ0 कमलशील नेगी ने बताया कि वर्तमान में 120 हेक्टेयर क्षेत्र में फूलों की व्यवसायिक खेती हो रही है व समस्त कांगड़ा वासी विभाग की परियोजनाओं का लाभ ले सकते है।

विषय विशेषज्ञ डॉ.संजय गुप्ता ने बताया कि पुष्प उत्पादन कार्य में आर्थिक लाभ अधिक होता है व दो तीन कनाल भूमि से भी सालाना तीन या चार लाख की आमदनी भी की जा सकती है। अतः युवा इस तकनीक की जानकारी हासिल करें व इस रोजगार को अपनाएं उन्हें अवश्य लाभ होगा।

इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक उद्यान डॉ.दौलत राम, प्रधान किशोरी लाल, दुष्यंत, जितेन्द्र, डॉ.नरेन्द्र पाठक, रमण व विकास सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्वास्थ्य मंत्री ने देहरा में बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

**देहरा।** स्वास्थ्य मंत्री राजीव सैजल ने आज सिविल अस्पताल देहरा में बच्चों को पोलियो खुराक पिला कर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि कांगड़ा जिला में सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1,22,265 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस अभियान के तहत कांगड़ा जिला में पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 1070 बूथ स्थापित किये गये हैं तथा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, झुग्गी झोपड़ी, ईंट के भट्टे, भवन निर्माण स्थल इत्यादि स्थानों पर 22 ट्रॉजिट पॉइंट पोलिंग बूथ लगाए गये हैं, जिनमें पोलियो की बूंदें पिलाई जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिये जिला भर में 4280 टीम के सदस्य नियुक्त किये गये हैं जो 2013 सुपरवाईजरों की देख-रेख में यह सदस्य कार्य कर रहे हैं।

## जनाक्रोश सरकार के जनमंच को बनाएगा झंडमन्च : कांग्रेस

### दीपक शर्मा बोले जनमंच में फिजूलखर्ची ज्यादा और लाभ कम



**ज्वालामुखी।** भाजपा सरकार का जनमंच मात्र फिजूलखर्ची है।जो जनसमस्याएं उजागर हो रही हैं उनका स्थानीय प्रशासन स्तर पर निपटारा आसानी से किया जा सकता है।लाखों रुपए खर्च करके चार-पांच दर्जन समस्याओं का निपटारा मात्र फिजूलखर्ची है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता दीपक शर्मा ने कहा कि जिस तरह की समस्याओं को इन जन मंचों में उठाया जा रहा है वह स्थानीय प्रशासन द्वारा सुलझाई जानी चाहिए।जन मंचों में जिस तरह जनता का आक्रोश सामने आ रहा है उससे साफ जाहिर होता है कि जनता बर्तमान भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली से आक्रोशित है।जनता का यह आक्रोश अब खुल कर सामने आ रहा है।दीपक शर्मा ने कहा कि जनता अब भाजपा सरकार के इस जनमंच को सरकार के खिलाफ खड़ा हो कर झंडमन्च बनाने की ओर अग्रसर है।इस बार के सरकार के जन- मंचों में जिस तरह जनता ने खुल कर सरकार के खिलाफ आवाज उठाई है उससे साफ है कि जनता सरकार की जन विरोधी नीतियों से दुखी है और सरकार को आईना दिखाने के मूड में है।कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जनता अपनी समस्याओं को लेकर दुःखी है जिसके चलते जनमंच में आवाज उठा रही है।लेकिन जो पीड़ित व्यक्ति आवाज उठा रहा है उसकी आवाज को दबाया जा रहा है।यह अनुचित है।ग्रामीण जनता की भाषा में अगर आक्रोश के चलते कोई बात हुई भी है तो सरकार को सुनने और सहने की शक्ति होनी चाहिए।इस तरह पीड़ितों पर मामले दर्ज कर दबाब बनाना गलत है।यह सहन नहीं किया जाएगा।दीपक शर्मा ने कहा कि इस तरह के आक्रोश से सरकार को समझना चाहिए कि जनता कितनी दुखी है और जनसमस्याओं का कितना अम्बार है।

## नगर निकाय चुनाव में 71.39 फीसदी वोटिंग, मतगणना 17 फरवरी को

**चंडीगढ़।** पंजाब में स्थानीय सरकार के गठन के लिए चुनाव संपन्न किए गए। राज्य की 8 नगर निगमों और 109 नगर परिषदों और नगर पंचायतों की वोटिंग में कुल 71.39 प्रतिशत मतदान हुआ हैं। यह जानकारी देते हुए पंजाब राज्य चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि राज्य के मानसा जिले में सबसे अधिक वोटिंग हुई और सबसे कम वोटें साहिबजादा अजीत सिंह नगर में डाली गईं।

अधिक जानकारी देते हुए प्रवक्ता ने बताया कि साहिबजादा अजीत सिंह नगर में कुल 60.08 प्रतिशत वोटें डाली गईं, जबकि रूपनगर जिले में 73.80 प्रतिशत वोटें डाली गईं। इसी तरह फतेहगढ़ साहिब में 75.78 प्रतिशत, अमृतसर में 71.20 प्रतिशत, तरन तारन में 63.12 प्रतिशत, गुरदासपुर में 70, पठानकोट में 75.37, बठिंडा में 79, मानसा 82.99, फरीदकोट में 71.03, होशियारपुर में 66.68, जालंधर में 73.29, कपूरथला में 64.34, शहीद भगत सिंह नगर में 69.71, फिरोजपुर में 74.01, श्री मुक्तसर साहिब में 68.65, मोगा में 69.50, फाजिल्का में 72.40, पटियाला में 70.09, लुधियाना में 70.33, बरनाला में 71.99 और संगरूर में 77.39 प्रतिशत वोटिंग हुई। प्रवक्ता ने आगे बताया कि आज 9222 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में कैद हो गया। वोटों की गिनती 17 फरवरी 2021 को प्रातःकाल 9 बजे शुरू होगी। इस दिन राज्य में ड्राई डे रहेगा।

## चंडीगढ़ पंजाब कला भवन में देव भूमि कुमाऊं ट्रस्ट की ओर से बसंत पंचमी पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया



» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। चंडीगढ़ पंजाब कला भवन में देव भूमि कुमाऊं ट्रस्ट की ओर से बसंत पंचमी पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम उत्तराखंड संस्कृति को दशार्ते हुए किया गया जहां उत्तराखंड के कांग्रेस विधायक कपकोट श्री ललित फर्स्वाण व चंडीगढ़ की पूर्व काउंसलर श्री मति गुरूबख्श रावत व चंडीगढ़ के बीपेजी प्रदेश प्रवक्ता श्री नरेश अरोड़ा के साथ कई गणमान्य अतिथि विशेष तौर पर मौजूद रहे।

दर्शको ने कार्यक्रम का खूब आनंद लिया कुछ एक पल तो ऐसा लगा उत्तराखंड की संस्कृति कल्चर मानो चंडीगढ़ में देखने मिल रही हो वही देवभूमि कुमाऊँ ट्रस्ट ने शहर के नन्हे कलाकारो को मौका भी दिया नन्हे मुन्ने कलाकारों ने पंजाब कला भवन में आये एक हजार से भी ज्यादा श्रोताओं का दिल जीत लिया प्रोग्राम में प्रियंका रावत ने अपने अदाओं से सबका मन मोह लिया।

उत्तराखंड के जाने माने सुपरस्टार सदाबहार लोकगॉयक आनन्द सिंह कोरेंगा की के मार्गदर्शन में उनकी टीम ने सबको नाचने-झूमने पर मजबूर कर दिया।

रंगारंग कार्यक्रम में दानपुर घाटी सीमिति का बहुत बड़ा योगदान रहा उत्तराखंड से कांग्रेस विधायक कपकोटश्री ललित फर्स्वाण मुख्य अतिथि रहे श्री बलबीर गर्ग विशेष अतिथि रहे इस मौके पर पूर्व काउंसलर श्रीमती गुरुबख्श रावत भाजपा प्रवक्ता श्री नरेश अरोड़ा कुमाऊँ सभा के प्रधान श्री बच्चन सिह नगरकोटी चंडीगढ़ प्रैस क्लब के प्रधान श्री रमेश हांडा जी कुमाऊँ सभा मलोया के प्रधान श्री गोपाल बिष्ट, डॉ सुमन शंकर तिवारी एडवोकेट जगदीश शर्मा श्रीमति मीना गर्ग नीमा जोशी राजेन्द्र गड्डू माधवानंद तिवारी एच के पाठक, चण्डी भूमि के सम्पादक डॉ विनोद शर्मा, समाचार क्यारी के संपादक श्री राजेश कुमार उत्तराखंड के जाने माने हस्तियों ने इस प्रोग्राम में शिरकत की। देवभूमि कुमाऊँ ट्रस्ट के संस्थापक पं. जयशंकर जोशी चैयरमैन अमरदीप शर्मा, प्रधान श्री दर्शन सिंह कोरंगा सलाहकार भगवंत ओली महासचिव प्रियम्वदा शर्मा, प्रकाश सिंह दासिला, सचिव उमेद राम, पूरन शर्मा रमेश शर्मा सभी पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

## रेडियो किसान दिवस पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**धर्मशाला।** आकाशवाणी केन्द्र धर्मशाला द्वारा सोमवार को रेडियो किसान दिवस के अवसर पर एक विशेष रेडियो किसान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य आकर्षण किसानों और विशेषज्ञ में कृषि से संबंधित सूचनाओं का आदान-प्रदान करना रहा। प्रश्नोत्तरी के लिए किसानों के तीन समूह बनाए गए थे। जिनके नाम मशरूम (खुम्ब) की विभिन्न प्रजातियों के नाम के ऊपर रखे गए थे।

इन तीन समूहों के नाम बटन मशरूम, शटाके मशरूम और ढींगरी मशरूम रखे गए थे। हर समूह में तीन-तीन उन्नत किसानों व उन्नत महिला किसानों को शामिल किया गया।

कार्यक्रम में किसानवाणी के प्रभारी और कार्यक्रम प्रमुख गेरिन्द्र सी. ठाकुर ने किसानों और विशेषज्ञ का स्वागत किया और साथ ही प्रश्नोत्तरी से संबंधित नियमों से अवगत करवाया। विषयवाद विशेषज्ञ (कृषि) डॉ. शशिकांता पठानिया इस प्रश्नोत्तरी के क्विज मास्टर रहीं जो जायका परियोजना के खंड परियोजना प्रबंधक के पद पर चैतडू कांगड़ा में कार्यरत हैं। इस दौरान किसानवाणी के प्रसिद्ध किरदारों रसीलू राम, बड़का चाचू और शन्नो ताई ने इस कार्यक्रम में समां बांधा। इस प्रश्नोत्तरी का प्रसारण आकाशवाणी धर्मशाला यानि एफएम 103.4 मेगाहेट्र्ज पर सोमवार को शाम साढ़े छः से सात बजे तक किसानवाणी कार्यक्रम में और शेष भाग शाम सात बजकर बीस मिनट से सात बजकर चालीस मिनट तक किया गया।

# इंटरनेशनल चाईल्डहुड कैंसर डे पर कैंसर पीड़ित बच्चों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखे

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। इंटरनेशनल चाईल्डहुड कैंसर डे के अवसर पर पंजाब में कैंसरपीड़ित बच्चे और उनके अभिभावक प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर उनसे चाईल्डहुड कैंसर के लिए एक राष्ट्रीय नीति बनाए जाने का आग्रह कर रहे हैं।

हैलो, अंकल मोदी। मेरा नाम विशाल है और उम्र 3 साल है। मुझे एड्रिनल ग्रंथि का कैंसर है। मेरी मां दिन रात रोती रहती है। जब डॉक्टर अंकल मेरे पास आते हैं, तो मेरी मां की आंखों से आंसू रुकते नहीं हैं। मेरे पापा के पास ज्यादा पैसे नहीं हैं। डॉक्टर अंकल कह रहे थे कि मेरे इलाज के लिए बहुत ज्यादा पैसे चाहिए। आपने पूरे देश को कोरोना वैक्सीन दी है। अंकल मुझे भी जीवन दीजिए। मेरे जैसे बच्चों का इलाज कराईये। मैं आपको यह ग्रीटिंग कार्ड भेज रहा हूँ। देखिए, आपने कोरोना के लिए जो किया, उसकी बधाई देने के लिए मैंने कार्ड पर अपने हाथ बनाए हैं। मैं चाहता हूँ कि आप मेरा हाथ थामें और मुझे भी स्वस्थ बनाएं।

ये शब्द उस मासूमियत के गवाह हैं, जो जीवन के लिए मौत से संघर्ष कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय चाईल्डहुड कैंसर डे के अवसर पर पूरे पंजाब से विशाल जैसे अनेक बच्चों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को ग्रीटिंग कार्ड भेजे हैं। जानलेवा कैंसर से पीड़ित होने के बाद भी इन बच्चों ने न केवल ग्रीटिंग कार्ड्स पर अपने हाथ बनाए, बल्कि कोरोना वैक्सीन के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई भी दी।



यह प्रयास कैनकिड्स किडस्कैन (भारत में चाईल्डहुड कैंसर में परिवर्तन लाने के लिए राष्ट्रीय सोसायटी) द्वारा माह भर चलने वाले आईसीसीडी अभियान को आगे बढ़ाने के लिए किया गया है। यह अभियान नीति आयोग के सदस्य, डॉक्टर वी. के. पॉल द्वारा लॉन्च किया गया था (स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र का नेतृत्व करता है)। यह अभियान 21 शहरों में 68 कैंसर केंद्रों में चल रहा है और हजारों बच्चों एवं उनके परिवारों की पहचान कर रहा है, जो कैंसर के निदान से जूझ रहे हैं। इसका उद्देश्य जागरुकता बढ़ाना और भारत में कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए बेहतर जिंदगी का समर्थन करना है।

कैनकिड्स की चेयरमैन, पूनम बगाई ने कहा, हर साल दुनिया में लगभग तीन लाख बच्चे कैंसर से पीड़ित होते हैं, जिनमें से एक चौथाई भारतीय हैं। देश के लगभग 250 अस्पतालों में कैंसर मरीजों का इलाज होता है, लेकिन इलाज के लिए वहां तक केवल 30 प्रतिशत बच्चे ही पहुंच पाते हैं। इस समय यह बहुत जरूरी है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना में चाईल्डहुड कैंसर को शामिल किया जाए।

पंजाब और यूटी में केवल 34 प्रतिशत बच्चे राज्य के अंदर और बाहर किसी कैंसर ट्रीटिंग सेंटर तक पहुंच पाते हैं, यानि 66 प्रतिशत बच्चों को इलाज नहीं मिल पाता। इसका मतलब है कि कैंसर से पीड़ित बच्चे मौत का शिकार हो रहे हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के राज्य सरकार के विभाग एवं मेडिकल शिक्षा ने चाईल्डहुड कैंसर पर फोकस करके कैनकिड्स किडस्कैन को 4 साल पहले नॉलेज एवं टेक्निकल पॉर्टनर बनाकर नेशनल सोसायटी के साथ एमओयू साईन किया है, जिससे केयर की उपलब्धता पहले 27 प्रतिशत के मुकाबले बढकर 34 प्रतिशत हो गई। इसमें केंद्रण को जिला एवं मेडिकल कॉलेज स्तर पर पीडियाट्रिशियंस एवं नर्स के, बल्कि आशा वर्कर्स के भी क्षमता निर्माण और सेंसिटाईजेशन पर रखा गया है। चाईल्डहुड कैंसर, केंद्रों के बीच बेहतर को-ऑर्डिनेशन, एसीसी भटिंडा में नई सेवा की स्थापना एवं राज्य में चंडीगढ़ और लुधियाना में 2 होम्स अवे फ्रॉम होम सहित सेवाओं व सपोर्ट की उपलब्धता की जानकारी बढ़ रही है। जो बच्चे पहले कैंसर ट्रेन पर आरसीसी बीकानेर को जा रहे थे, उनको अब राज्य के अंदर सेवाएं मिल रही हैं।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# क्या किसान आंदोलन अपनी प्रासंगिकता खो रहा है



डॉ नीलम महेंद्र

आज सोशल मीडिया हर आमोखास के लिए केवल अपनी बात मजबूती के साथ रखने का एक शक्तिशाली माध्यम मात्र नहीं रह गया है बल्कि यह एक शक्तिशाली हथियार का रूप भी ले चुका है। देश में चलने वाला किसान आंदोलन इस बात का सशक्त प्रमाण है। दरअसल सिंघु बॉर्डर और गाजीपुर बॉर्डर पर पिछले दो माह से भी अधिक समय से चल रहा किसान आंदोलन भले ही 26 जनवरी के बाद से दिल्ली की सीमाओं में प्रवेश नहीं कर पा रहा हो लेकिन ट्विटर पर अपने प्रवेश के साथ ही उसने अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को पार कर लिया। वैसे होना तो यह चाहिए था कि बीतते समय और इस आंदोलन को लगातार बढ़ते हुए अंतरराष्ट्रीय मंचो की उपलब्धता के साथ आंदोलनरत किसानों के प्रति देश भर में सहानुभूति की लहर उठती और देश का आम जन सरकार के खिलाफ खड़ा हो जाता। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। बल्कि इसी साल की जनवरी में एक अमेरिकी डाटा फर्म की सर्वे रिपोर्ट सामने आई जिसमें प्रधानमंत्री मोदी को भारत ही नहीं विश्व का सबसे लोकप्रिय और स्वीकार्य राजनेता माना गया। इस सर्वे में अमरीका फ्रांस ब्राजील जापान समेत दुनिया के 13 लोकतांत्रिक देशों को शामिल किया गया था जिसमें 75 फीसदी लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया है। लेकिन यहाँ प्रश्न प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता का नहीं है बल्कि किसान आंदोलन की विश्वसनीयता और देश के आम जनमानस के हृदय में उसके प्रति सहानुभूति का है। क्योंकि देखा जाए तो 26 जनवरी की हिंसा के बाद से किसान आंदोलन ने अपनी प्रासंगिकता ही खो दी थी और किसान नेताओं समेत इस पूरे आंदोलन पर ही प्रश्नचिन्ह लगने शुरू हो गए थे। क्योंकि जब 26 जनवरी को देश ने दिल्ली पुलिस के जवानों पर आंदोलनकारियों का हिंसक आक्रमण देखा तो इस आंदोलन ने देश की सहानुभूति भी खो दी। दरअसल देश इस बात को बहुत अच्छे से समझता है कि देश का किसान जो इस देश की मिट्टी को अपने पसीने से सींचता है वो देश के उस जवान पर कभी प्रहार नहीं कर सकता जो इस देश की आन को अपने खून से सींचता है। शायद यही कारण है कि जो सहानुभूति इस आंदोलन के लिए 'आन्दोलनजीवी' इस देश में नहीं खोज पाए उस सहानुभूति को उनके द्वारा अब विदेश से प्रायोजित करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं जिसमें ट्विटर जैसी माइक्रोब्लॉगिंग साइट और अन्य विदेशी मंचों का सहारा लिया जाता है।आइए कुछ घटनाक्रमों पर नजर डालते हैं,

1. कुछ तथाकथित अंतरराष्ट्रीय सेलेब्रिटीज के द्वारा किसान आंदोलन के समर्थन में उनके द्वारा किए गए ट्वीट के बदले में उन्हें 2.5 मिलियन डॉलर दिए जाने की खबरें सामने आती हैं।

2. इन तथाकथित सेलेब्रिटीज में एक 18 साल की लड़की है और दो ऐसी महिलाएं हैं जो स्वयं अपने बारे में भी एक महिला की भौतिक देह से ऊपर उठ कर नहीं सोच पातीं। जब ऐसी महिलाएं किसान आंदोलन पर ट्वीट करके चिंता व्यक्त करती हैं तो कहने को कम और समझने के लिए ज्यादा हो जाता है।

3. इतना ही नहीं कथित पर्यावरणविद ग्रेटा थनबर्ग द्वारा पहले किसान आंदोलन से संबंधित टूलकिट को शेयर किया जाता है और फिर हटा लिया जाता है जो अपने आप में कई गंभीर सवालों को खड़ा कर देता है।



4. किसान आंदोलन में ट्विटर के इस प्रकार भ्रामक एवं लोगों की भावनाओं को भड़काने वाली जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ सरकार के कहने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं करना। अब भारत सरकार ने ट्विटर पर आईटी एक्ट की धारा 69 ए के तहत कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।

5.दरअसल सरकार ने ट्विटर को 1178 ट्विटर एकाउंट को यह कहते हुए बंद करने और उनके ट्वीट हटाने का निर्देश दिया था कि यह अकॉउंट खालिस्तान समर्थकों के हैं जिनका इस्तेमाल भड़काऊ और विवादित खबरें फैलाने के लिए किया जा रहा है। लेकिन ट्विटर द्वारा अपने नियम कायदों का हवाला देते हुए सरकार के निर्देशों की अनदेखी करना अब उसके लिए भारत में मुश्किलें पैदा कर सकता है ।

6.इससे पहले भी सरकार ट्विटर से 257 अकॉउंट बंद करने के लिए कहती है जिन्हें ट्विटर ने पहले ब्लॉक कर देता है लेकिन बाद में अनब्लॉक भी कर देता है।

7. हाल ही में अमेरिका की लोकप्रिय सुपर बाउल लीग के दौरान भी किसान आंदोलन से जुड़ा विज्ञापन चलाया जाता है जिसमें इसे 'इतिहास का सबसे बड़ा प्रदर्शन' बताया जाता है।

8.इस बीच लेबर पार्टी के सांसद तनमजीत सिंह धेसी के नेतृत्व में 40 ब्रिटिश सांसदों द्वारा ब्रिटेन की सरकार पर भारत में चल रहे किसान आंदोलन को ब्रिटेन की संसद में उठाकर भारत पर दबाव बनाने का प्रयास किया जाता है लेकिन ब्रिटेन की सरकार इसे भारत का अंदरूनी मामला बताकर खारिज कर देती है।

9.किसान आंदोलन को लेकर कनाडा सरकार का रुख जगजाहिर है।

जाहिर है इन तथ्यों से देश में फॉरेन डिस्ट्रुक्टिव आइडियोलॉजी का प्रवेश तथा आन्दोलनजीवियों के हस्तक्षेप से इनकार नहीं किया जा सकता।

लेकिन किसान आंदोलन के पीछे चल रही इस राजनीति के बीच जब देश के कृषि मंत्री देश की संसद में यह खुलासा करते हैं कि पंजाब में जो कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग एक्ट बना है उसमें करार तोड़ने पर किसान पर न्यूनतम पांच हजार रुपए जुमार्ना जिसे पांच लाख तक बढ़ाया जा सकता है, इसका प्रावधान है जबकि केंद्र द्वारा लागू कृषि कानूनों में किसान को सजा का प्रावधान नहीं है तो कांग्रेस का दोहरा चरित्र देश के सामने रखते हैं। क्योंकि पंजाब में फार्मिंग कॉन्ट्रैक्ट का यह कानून 2013 में बादल सरकार ने पारित किया था। हैरत की बात है कि पंजाब की वर्तमान कांग्रेस सरकार ने केंद्र के कृषि कानूनों के विरोध में तो प्रस्ताव पारित कर दिया लेकिन पहले से जो फार्मिंग कॉन्ट्रैक्ट कानून पंजाब में लागू था जिसमें किसानों के लिए भी सजा का प्रावधान था उसे रद्द करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया।

इस प्रकार मूलभूत तथ्यों को दरकिनार करते हुए जब किसानों के हितों के नाम विपक्ष द्वारा की जाने वाली राजनीति देश विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देती हैं तो तात्कालिक लाभ तो दूर की बात है इस प्रकार के कदम यह बताते हैं कि विपक्ष में दूरदर्शी सोच का भी अभाव है। काश कि वो यह समझ पाते कि इस प्रकार के आचरण से कहीं उनकी भावी स्वीकार्यता भी न समाप्त हो जाए।

यह लेखक की निजी राय है

## संपादकीय

# खुद को श्रेष्ठ मानकर अहंकार न करें



ईश्वर ने जब संसार की रचना की तब उसने सभी जीवों में एक समान रक्त का संचार किया। इसलिए मनुष्य हो अथवा पशु सभी के शरीर में बह रहा खून का रंग लाल है। विभिन्न योनियों की रचना भी इसलिए की ताकि मनुष्य कभी इस बात का अहंकार न करें कि वह दूसरों से श्रेष्ठ है क्योंकि जीवन और मरण के चक्र में कौन कब किस योनि में जाएगा यह किसी को पता नहीं। समानता के पीछे ईश्वर की यही इच्छा थी कि संसार में आपसी प्रेम और सद्भाव बना रहे, लोगों में छोटे अथवा बड़े का भेद पैदा नहीं हो। लेकिन समय के साथ मनुष्य की बौद्धिक क्षमता बढ़ती गयी किन्तु व्यवहारिक ज्ञान का लोप होता चला गया। मनुष्य ईश्वर की इच्छा को समझ नहीं पाया और आपस में भेद-भाव करने लगा। शास्त्रों में लिखा है कि जो ईश्वर की इच्छा का सम्मान नहीं करता है ईश्वर उससे नाराज होते हैं परिणामस्वरूप व्यक्ति का पतन हो जाता है। एक कथा इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। महाभारत युद्ध के बाद काफी समय तक पांचों पाण्डवों ने कुशलता पूर्वक शासन करते हुए राज सुख का आनंद लिया। इसके बाद अपने उत्तराधिकारी को शासन का कार्य भार सौंप कर सभी ने सशरीर स्वर्ग की ओर प्रस्थान करने की योजना बनायी। निश्चित समय पर द्रौपदी समेत पांचों पाण्डव स्वर्ग की यात्रा पर निकल पड़े। मार्ग में उन्हें एक काला कुत्ता मिला। कुत्ता भी इनके पीछे-पीछे चल पड़ा। युधिष्ठर को छोड़कर सभी भाई एवं द्रौपदी को यह अच्छा नहीं लगा कि कुत्ता उनके साथ सशरीर स्वर्ग प्राप्त करे। सभी भाईयों ने कुत्ते को धक्का देकर पर्वत से नीचे गिराना चाहा। लेकिन, कुत्ता पर्वत से नहीं गिरा बल्कि बारी-बारी से सभी भाई और द्रौपदी पर्वत से गिर पड़े और सशरीर स्वर्ग नहीं पहुंच पाये। युधिष्ठर के पीछे-पीछे कुत्ता चलता रहा लेकिन युधिष्ठर ने इसका एतराज नहीं किया। स्वर्ग के पास पहुंचने पर एक विमान सामने नजर आया। युधिष्ठर इसमें बैठ गये तो कुत्ता भी साथ में आकर बैठ गया, इस पर भी युधिष्ठर ने एतराज नहीं किया। युधिष्ठर की दयालुता और समानता के भाव को देखकर कुत्ता बनकर साथ में चल रहे धर्मराज अपने वास्तविक रूप में प्रकट हो गये और युधिष्ठर से कहा कि वास्तव में तुम धर्म के प्रतीक हो और तुम सशरीर स्वर्ग में प्रवेश करने की योग्यता रखते हुए। इस तरह समानता के भाव की वजह से युधिष्ठर सशरीर स्वर्ग में स्थान प्राप्त करने में सफल हुए और असमानता का भाव रखने वाले शेष पाण्डव अपने उद्देश्य में असफल हुए। पाण्डवों के स्वर्गारोहन की कथा का उल्लेख शास्त्रों में किया गया है। बद्रीनाथ धाम से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी पर माणा गांव है। इस गांव में सरस्वती नदी के बीच एक विशाल शिलाखंड है जो दो पर्वतों को मिलाता है। माना जाता है कि यह विशाल शिलाखंड भीम द्वारा इस स्थान पर रखा गया ताकि द्रौपदी सरस्वती नदी को पार कर सके। इसे भीम पुल के नाम से जाना है।

# धरती पर कब्जे के प्रयास में ही लगा रहता है मनुष्य, वन्यजीवों और पक्षियों के लिए कुछ नहीं छोड़ा

> "प्रकृति की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह अपनी चीजों का उपभोग स्वयं नहीं करती। जैसे-नदी अपना जल स्वयं नहीं पीती, पेड़ अपने फल खुद नहीं खाते, फूल अपनी खुशबू पूरे वातावरण में फैला देते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि प्रकृति किसी के साथ भेदभाव या पक्षपात नहीं करती, लेकिन मनुष्य जब प्रकृति से अनावश्यक खिलवाड़ एवं दोहन करता है तब उसे गुस्सा आता है।"



मनुष्य इस दुनिया का एक हिस्सा है या उसका स्वामी ? वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न बन गया है क्योंकि मनुष्य के कार्य-व्यवहार से ऐसा मालूम होने लगा है, जैसे इस धरती पर जितना अधिकार उसका है, उतना किसी और का नहीं है- न वृक्षों का, न पशुओं का, न पक्षियों का, न नदियों-पहाड़ों का। मौजूदा समय में जब प्रकृति का दोहन एवं पशुओं पर बढ़ती क्रूरता चिंता का विषय बन गई है और वन क्षेत्र सिमटने से वन्यजीवों के समक्ष एवं ग्लेशियर के टूटने से मनुष्य जीवन का प्रश्न खड़ा हो गया है। अक्सर हम समाचार पत्रों में विभिन्न शोध-अनुसंधान रिपोर्ट के आंकड़ों को देखते हैं कि किस तरह गिद्धों, कोवों, गौरैया, जुगनूओं आदि पक्षियों की संख्या लगातार घट रही हैं। यही हाल मधुमक्खियों का हो रहा है। शोध बताते हैं कि यूरोपीय मधुमक्खियों की संख्या में तेजी से कमी आ रही है। मनुष्य अपने लोभ एवं लालच के लिये न केवल प्रकृति का दोहन कर रहा है, बल्कि प्रकृति, वन्यजीवों एवं पर्यावरण का भारी नुकसान पहुंचा रहा है।

जंगल काटे जा रहे हैं। वन्यजीवों के रहने की जगहें उनसे छिनती जा रही हैं। उसी कारण वन्यजीवों की संख्या भी काफी कम हो चुकी है। इससे कुल मिलाकर प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। जिसके कारण प्राकृतिक आपदाओं का आये दिन हमें सामना करना पड़ता है। ये वन्यजीव प्रकृति का हिस्सा है। अगर हम उन्हें नष्ट करते हैं तो जैव विविधता का समस्त तंत्र ही गड़बड़ा जाएगा। पशुओं को भी इस दुनिया में मनुष्यों की ही तरह खुलकर जीने का अधिकार है, इस सोच को आगे बढ़ाने की जरूरत है। अगर हमने पर्यावरण, वन्यजीवों एवं पक्षियों की हिफाजत नहीं की तो धरती पर बड़ा संकट आ सकता है।

प्रकृति, पर्यावरण एवं वन्यजीवों से जुड़े एक शोध में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि मनुष्य ने 1970 से 2014 के पैंतालिस वर्षों में धरती से साठ प्रतिशत वन्य जीव, जंतु, कीट-पतंग लुप्त हो चुके हैं। अमेजन के जंगलों में बीस प्रतिशत भाग महज पिछले पचास वर्षों में मनुष्य आबादी में तब्दील हो चुका है। एक अन्य शोध के अनुसार तीन करोड़ वर्षों में समुद्र इतना तेजाबी नहीं हुआ जितना हाल के वर्षों के दौरान हुआ है। शोधकर्ता के कहने का आशय था कि इस धरा पर मनुष्य की मौजूदगी बीस लाख वर्षों से है। लेकिन बढ़ती आबादी, शहरीकरण, जंगलों का सिकुड़ते, समुद्र का दूषित होते जाना इन वन्य जीव, जंतु, कीट-पतंग के विलुप्ति की वजह बना है।

प्रकृति की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह अपनी चीजों का उपभोग स्वयं नहीं करती। जैसे-नदी अपना जल स्वयं नहीं पीती, पेड़ अपने फल खुद नहीं खाते, फूल अपनी खुशबू पूरे वातावरण में फैला देते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि प्रकृति किसी के साथ भेदभाव या पक्षपात नहीं करती, लेकिन मनुष्य जब प्रकृति से अनावश्यक खिलवाड़ एवं दोहन करता है तब उसे गुस्सा आता है। जिसे वह समय-समय पर सूखा, बाढ़, सैलाब, चक्रावात, ग्लेशियर का टूटना, तूफान के रूप में व्यक्त करते हुए मनुष्य को सचेत करती है। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से तरह-तरह के प्राकृतिक हादसों की आशंकाएं लगातार जताई जाती रही है, हाल ही में उत्तराखंड के चमोली जिले में ग्लेशियर टूटने से भारी तबाही जितनी दुखद है, उतनी ही चिंताजनक भी।

हमें इस दुखद घड़ी में फिर एक बार प्रकृति, वन्यजीवों एवं पक्षियों के साथ हो रहे खिलवाड़ पर विचार करना चाहिए। यह बार-बार कहा जाता रहा है कि धरती गर्म हो रही है। ग्रीन हाउस गैसों का बढ़ता उत्सर्जन हमें चुनौती दे रहा है। हिमालय को वैसे भी बहुत सुरक्षित पर्वतों में नहीं गिना जाता। पिछले दशकों में यहां ग्लेशियर तेजी से पिघलते चले जा रहे हैं। नदियों के अस्तित्व पर सवाल खड़े होने लगे हैं। इसमें कोई शक नहीं कि ग्लेशियर को पिघलने से रोकने के लिए जितनी कोशिश होनी चाहिए, नहीं हो पा रही है। इतना ही नहीं, पहाड़ों पर उत्खनन और कटाई का सिलसिला लगातार जारी है। पहाड़ों पर लगातार निर्माण और मूलभूत ढांचे, जैसे सड़क, सुविधा निर्माण से खतरा बढ़ता चला जा रहा है। बहुत दुर्गम जगहों पर मकान-भवन निर्माण से जोखिम का बढ़ना तय है। जब पहाड़ों पर सुविधा बढ़ रही है, तब वहां रहने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ रही है।

हमने मैदानों का परिवेश तो बिगाड़ा ही, अब पहाड़ों पर भी विनाश करने को तत्पर है। पहाड़ों पर न केवल बसने को लालायिक है बल्कि वहां उद्योग लगा रहे हैं, होटल व्यवसाय पनपा रहे हैं। इसका असर पहाड़ों पर साफ तौर पर दिखने लगा है। जहां पहाड़ों पर हरियाली हुआ करती थी, वहां कंक्रीट के जंगल नजर आने लगे हैं, नतीजा सामने है। समय-समय पर पहाड़ और ग्लेशियर हमें रुलाने लगे हैं। इस हादसे के बाद हमें विशेष रूप से पहाड़ों और प्रकृति के बारे में ईमानदारी से सोचने की शुरूआत करनी चाहिए। पर्यावरण रक्षा के नाम पर दिखावा अब छोड़ देना चाहिए।

प्रकृति और मनुष्य के बीच बहुत गहरा संबंध है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। मनुष्य के लिए धरती उसके घर का आंगन, आसमान छत, सूर्य-चांद-तारे दीपक, सागर-नदी पानी के मटके, वन्यजीव संतुलित पर्यावरण और पेड़-पौधे आहार के साधन हैं। इतना ही नहीं, मनुष्य के लिए प्रकृति से अच्छा गुरु नहीं है। आज तक मनुष्य ने जो कुछ हासिल किया वह सब प्रकृति से सीखकर या प्रकृति से पाया है। न्यूटन जैसे महान वैज्ञानिकों को गुरुत्वाकर्षण समेत कई पाठ प्रकृति ने सिखाए हैं तो वहीं कवियों ने प्रकृति के सान्निध्य में रहकर एक से बढ़कर एक कविताएं लिखीं। इसी तरह आम आदमी ने प्रकृति के तमाम गुणों को समझकर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव किए। दरअसल प्रकृति हमें कई महत्वपूर्ण पाठ पढ़ाती है। जैसे-पतझड़ का मतलब पेड़ का अंत नहीं है। इस पाठ को जिस व्यक्ति ने अपने जीवन में आत्मसात किया उसे असफलता से कभी डर नहीं लगा। ऐसे व्यक्ति अपनी हर असफलता के बाद विचलित हुए बगैर नए सिरे से सफलता पाने की कोशिश करते हैं। वे तब तक ऐसा करते रहते हैं जब तक सफलता उन्हें मिल नहीं जाती। इसी तरह फलों से लदे, मगर नीचे की ओर झुके पेड़ हमें सफलता और प्रसिद्धि मिलने या संपन्न होने के बावजूद विनम्र और शालीन बने रहना सिखाते हैं। उपन्यासकार प्रेमचंद के मुताबिक साहित्य में आदर्शवाद का वही स्थान है, जो जीवन में प्रकृति का है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि प्रकृति में हर किसी का अपना महत्व है। एक छोटा-सा कीड़ा भी प्रकृति के लिए उपयोगी है, जबकि मत्स्यपुराण में एक वृक्ष को सौ पुत्रों के समान बताया गया है। इसी कारण हमारे यहां वृक्ष पूजने की सनातन परंपरा रही है। पुराणों में कहा गया है कि जो मनुष्य नए वृक्ष लगाता है, वह स्वर्ग में उतने ही वर्षों तक फलता-फूलता है, जितने वर्षों तक उसके लगाए वृक्ष फलते-फूलते हैं।


प्रकृति की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह अपनी चीजों का उपभोग स्वयं नहीं करती। जैसे-नदी अपना जल स्वयं नहीं पीती, पेड़ अपने फल खुद नहीं खाते, फूल अपनी खुशबू पूरे वातावरण में फैला देते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि प्रकृति किसी के साथ भेदभाव या पक्षपात नहीं करती, लेकिन मनुष्य जब प्रकृति से अनावश्यक खिलवाड़ करता है तब उसे गुस्सा आता है। जिसे वह समय-समय पर सूखा, बाढ़, सैलाब, तूफान के रूप में व्यक्त करते हुए मनुष्य को सचेत करती है।

वन्यजीवों एवं जंगलों में कुछ जादुई संसार एवं रोमांच होता है। जीवन के अनेकानेक सुख, संतोष और रोमांच में से एक यह भी है कि हम कुछ समय के लिए अपने को भुलाकर जंगलों में कहीं खो जाएं, लेकिन इसका अर्थ जंगलों को विनाश की आग में झोंक देना कत्तई न हो। यह एक हकीकत है कि दुनिया में बहुत सारे पशु-पक्षी हैं, जिनके कारण इंसान का जीवन न केवल आसन बनता है, बल्कि उनका होना मनुष्य जीवन में अभिन्न रूप से जुड़ा है।

ललित गर्ग

# राष्ट्र के प्रति नेताजी का योग्यदान अतुलनीय

> "देश की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक समस्यायें विकराल रूप ले चुकी है और एक ऐसा भ्रम जाल बनता जा रहा है जिससे बाहर निकलने का रास्ता ओझल हो गया है। देश के क्रांतिकारी रणबांकुरों के बलिदान में अजश्र ऊर्जा का स्रोत संचित है हमें इसी स्रोत को संचालित करने की आवश्यकता है और इसी कड़ी में नेताजी के 125वें जयन्ती समारोह वर्ष के माध्यम से आम जनता तक पहुँचने, कुछ कहने और सीखने का अवसर प्राप्त हुआ है।"



प्रभाशंकर मिश्र

राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान मातृभूमि को स्वतंत्रता प्रदान करने के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करनेवाले वीरों में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का नाम अग्रणी है। यह देश का दुर्भाग्य रहा है कि ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विरुद्ध समझौता विहीन अविरल संघर्ष छेड़ने वाले इस महानायक को अंग्रेज इतिहासकारों की भाँति भारतीय इतिहासकारों ने आधा अधूरा एवं अपर्याप्त मूल्यांकन किया है। स्कूलों, विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों की संरचना जिस प्रकार से की गयी है उससे यह भली भांति स्पष्ट हो जाता है कि अंतर्राष्ट्रीय साम्राज्यवाद के साथ भारतीय पूँजीपति एवं दलाल शासन तंत्र अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति हेतु नेताजी जैसे सरीखे क्रांतिकारियों के जाजल्यवान संघर्षों की गाथा को बड़े सलीके से दफन कर दिया तथा राजनैतिक स्वार्थों की पूर्ति हेतु एक औपचारिकता बनाकर स्मरण कर लेने का रिवाज बना दिया गया। इस पीड़ा को देश की असंख्य जनता निरंतर महसूस करती रहती है। इस तथ्य को लक्ष्य करते हुये नेताजी के अनुयायियों ने एकत्रित होकर 125वीं जयन्ती समारोह समिति का गठन 17 जनवरी, 2021 को किया।नेताजी समेत अनेक क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना किया था जिनमें सुभाष चन्द्र बोस अग्रणी थे क्योंकि इनके पास अपनी शर्तों पर आजादी हासिल करने का माद्दा था तथा देश के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का योजनावद्ध कार्यक्रम था। देश की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक समस्यायें विकराल रूप ले चुकी है और एक ऐसा भ्रम जाल बनता जा रहा है जिससे बाहर निकलने का रास्ता ओझल हो गया है। देश के क्रांतिकारी रणबांकुरों के बलिदान में अजश्र ऊर्जा का स्रोत संचित है हमें इसी स्रोत को संचालित करने की आवश्यकता है और इसी कड़ी में नेताजी के 125वें जयन्ती समारोह वर्ष के माध्यम से आम जनता तक पहुँचने, कुछ कहने और सीखने का अवसर प्राप्त हुआ है।दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नेताजी के राष्ट्र निर्माण संबंधी विचारों को प्रवाह प्रदान करने के लिये छोटी-छोटी गोष्टियाँ, कुछ विशिष्ट जनसभायें आयोजित की जायेंगी। इस पूरे परिक्षेत्र को मूल रूप से चार भागों में विभाजित किया जा रहा है जहाँ बड़े सम्मेलनों के आयोजन तथा स्थानीय संयोजकों का निर्वाचन करके किया जायेगा।

यह लेखक की निजी राय है



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, नियर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाऐगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

# गिनी में घातक इबोला वायरस का प्रकोप, 4 लोगों की मौत, महामारी घोषित

**कोनाक्री।** पश्चिम अफ्रीकी देश गिनी में कोरोना महामारी के बीच 5 साल बाद घातक इबोला वायरस का संक्रमण फैल गया है जिससे 4 लोगों की मौत हो गई है और 4 लोग अभी संक्रमित हैं। इबोला के खतरे को देखते हुए गिनी की सरकार ने इबोला वायरस संक्रमण को महामारी घोषित कर दिया है। बताया जा रहा है कि गोउइके में एक अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के बाद 7 लोगों ने डायरिया, उल्टी और खून आने की शिकायत की। गोउइके लाइबेरिया की सीमा पर है और सभी लोगों को अलग-थलग कर दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि सभी संक्रमित लोगों का इलाज चल रहा है। मंत्रालय ने इबोला को महामारी



घोषित करते हुए कहा कि वह इस संकट का अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य मानकों के हिसाब से सामना कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री रेमी लामाह ने कहा कि अधिकारी इन मौतों को लेकर बहुत चिंतित हैं।

गिनी में वर्ष 2013-2016 में इबोला वायरस फैला था। इस महामारी से अब तक पश्चिमी अफ्रीका में 11300 लोगों की मौत हो चुकी है। ज्यादातर मौतें गिनी, लाइबेरिया और सियरा लिओन में हुई हैं। इन मरीजों की एक और जांच की गई है ताकि यह पुष्टि की जा सके उन्हें इबोला हुआ है या नहीं। स्वास्थ्य सेवा ने कहा कि संपर्क में आए लोगों को अलग थलग करने के लिए हेल्थ वर्कर लगे हुए हैं। उधर, एक अन्य अफ्रीकी देश डेमोक्रैटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में इबोला वायरस तेजी से फैल रहा। पिछले 7 दिनों में कांगो के नॉर्थ किवु प्रॉविंस में चार मरीजों में इबोला के संक्रमण की पुष्टि हुई है। प्रांतीय स्वास्थ्य मंत्री यूजीन नाजानू सलिता ने कहा कि प्रदेश में इबोला का पहला मामला 7 फरवरी को सामने आया था।

कांगों के इक्वेटर प्रांत में वर्ष 2018 में इबोला का प्रकोप फैला था और 54 मामले सामने आए थे। इसमें 33 लोगों की मौत हो गई थी। कांगो अपने पूर्वी इलाके में फैले इबोला वायरस के दूसरे सबसे बड़े प्रकोप से जूझ रहा है। कांगो में दो नई वैक्सीन के इस्तेमाल के बाद भी अब तक 2260 लोगों की इबोला वायरस से मौत हो गई है। इसकी शुरूआत सेंट्रल अफ्रीका के गांवों से हुई थी, जिसका पता 1976 में चला था। उसके बाद से ये वायरस कई मौकों पर सामने आता रहा। 2014-16 में पश्चिमी अफ्रीका में इसका संक्रमण सबसे अधिक था, जिस दौरान इतने लोगों की मौत हुई थी, जितनी बाकी सारे समय में भी नहीं हुई। ये वायरस भी धीरे-धीरे बाकी देशों तक फैला। सीडीएस के अनुसार इबोला से संक्रमित लोगों में मरने की दर औसतन 50 फीसदी थी।

# जी-7 ऑनलाइन शिखर समिट को संबोधित करेंगे बाइडेन, मोदी भी शामिल होंगे

**वॉशिंगटन।** जी-7 की शुक्रवार को ऑनलाइन बैठक को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन संबोधित करेंगे, व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। बाइडन के इस दौरान कोरोना वायरस से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की आवश्यकता और बहुपक्षीय संबंधों को लेकर अमेरिका की प्रतिबद्धता का दोहराने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस ने रविवार को जारी किए एक बयान में कहा कि शुक्रवार को जी-7 की बैठक के दौरान बाइडन टीके के निर्माण, वितरण और आपूर्ति को लेकर वैश्विक सहयोग की आवश्यकता और भविष्य में किसी भी वैश्विक महामारी से निपटने के लिए तैयारी को लेकर वैश्विक प्रयासों पर जोर देंगे।

वह औद्योगिक राष्ट्रों की आवश्यकता पर बात करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनकी अर्थव्यवस्था के बेहतर होने से ह्यमहिलाओं और वंचित समूहों के सदस्यों सहित सभी श्रमिकों को लाभ मिले ह्व व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन इस मौके का इस्तेमाल वैश्विक नियमों को अद्यतन करने की आवश्यकता पर चर्चा करने के लिए भी करेंगे ताकि चीन द्वारा पेश की गई आर्थिक चुनौतियों से निपटा जा सके। अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर बाइडन पहली बार जी-7 बैठक को संबोधिक करेंगे। जी-7 समूह में ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और अमेरिका हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन जून में जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता से पहले 19 फरवरी को समूह के नेताओं की एक डिजिटल बैठक की मेजबानी करेंगे। वहीं जून में कॉर्नवल में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी शामिल होने की उम्मीद है। ब्रिटेन ने इस सम्मेलन में भारत, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया को अतिथि राष्ट्र के रूप में आमंत्रित किया है।

# ताजा अध्ययन में मंगल ग्रह पर भाप मिली

**लंदन।** ताजा स्टडी के मुताबिक मंगल ग्रह पर भाप मिली है। यूरोपियन स्पेस एजेंसी और रूस के रोसोकोसोमास्क की मदद से वायुमंडल से गुजरने वाली लाइट के आधार पर ये खोज की गई है। खोज की मदद से मंगल की वॉटर साइकल के बारे में ज्यादा जानकारी मिल सकती है, वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद मिल सकती है कि मंगल पर जीवन था या नहीं। वैज्ञानिकों ने नादिर एंड ऑक्युलेशन फॉर मार्स ऑब्जर्वेटरी की मदद से भाप और ह्यसेमी-हेवीह्व वॉटर को स्टडी किया है। हाइड्रोजन क्लोराइड गैस के उठने की वजह से वैज्ञानिकों को मंगल पर पानी के इतिहास के बारे में पता चल सकता है। मंगल पर कई सूखी हुई घाटियां और नदियों के रास्ते हैं जो इस बात के संकेत देते हैं कि कभी यहां पानी रहा होगा। इसमें से ज्यादातर अब बर्फीली सतह के नीचे है।

नादिर एंड ऑक्युलेशन फॉर मार्स ऑब्जर्वेटरी के को-प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर डॉ.मनीष पटेल के मुताबिक एनओएमएडी मंगल पर पानी के उद्भव की समझ बढ़ सकती है। इसकी मदद से पानी के अलग-अलग आइसोटोप खोजे गए हैं। इनसे पता चलता है कि कैसे और कब पानी खत्म हुआ और इससे वहां जीवन लायक स्थितियों में कैसे बदलाव हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### कोविड के खिलाफ है लोगों में प्राकृतिक इम्युनिटी

यरूशलम। एक ताजा अध्ययन में दावा किया गया है कि कोविड-19 से गंभीर रूप से ग्रस्त अधिकतर लोगों में खुद ही नोवेल कोरोना वायरस से लड़ने के लिये एंटीबॉडी विकसित हो सकती हैं। इस अध्ययन में रोग से बचने और इलाज के लिए एंटीबॉडी थेरेपी के उपयोग का समर्थन करते हुए यह बात कही गई है। अध्ययनकताओं ने कहा कि विशेष रूप से सार्स स्पाइक प्रोटीन के रिसेप्टर-बाइंडिंग डोमेन (आरबीडी) पर हमला करने वाले एंटीबॉडी कोविड-19 को नियंत्रित करने के लिये आवश्यक माने जाते हैं।

वायरस मानव कोशिकाओं में प्रवेश के लिये आरबीडी का इस्तेमाल करता है। इजराइल के तेल अवीव विश्वविद्यालय के शोधकताओं समेत एक टीम द्वारा किये गए इस अध्ययन में कहा गया है कि कोविड-19 से उबर चुके लोगों में आरडीबी केन्द्रित एंटीबॉडी मिले। उन्होंने कहा कि संक्रमण से उबर चुके कुछ लोगों में जबरदस्त और लंबे समय तक जारी रहने वाली प्रतिरोधक क्षमता देखने को मिली है जबकि अन्य लोगों में तुलनात्मक रूप से कमजोर एंटीबॉडी मिले। शोध में पाया गया कि बहुत बीमार रोगियों में आरबीडी-विशिष्ट एंटीबॉडी की हायर कंसन्ट्रेशन्स मिले हैं और बी-सेल में वृद्धि हुई है। इनमें से दो रोगियों में बने 22 एंटीबॉडी में से छह में सार्स-कोव-2 से लड़ने की क्षमता थी। शोधकताओं ने कहा, 'बायोफॉर्मेटिक्स विश्लेषण से पता चला है कि कोविड-19 के अधिकतर गंभीर रोगियों में सार्स-कोव-2 के खिलाफ अपने आप एंटीबॉडी विकसित हुए।' एक अध्ययन में गंभीर रूप से कोविड-19 की चपेट में आए आठ और हल्के लक्षणों वाले 10 व्यक्तियों के वायरस से संक्रमित होने के डेढ़ महीने बाद बी-सेल प्रतिक्रियाओं की तुलना की गई। इसके लिये मॉलेक्युलर और बायोइन्फॉर्मेटिक्स तकनीकों का इस्तेमाल किया गया। बी-सेल प्रतिरक्षा प्रणाली आक्रामक रोगजनकों के खिलाफ एंटीजन-केन्द्रित इम्युनोग्लोबुलिन के विकसित होने के लिए जिम्मेदार होती है।

### डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने 'वुहान लैब में कोरोना उत्पत्ति की थिअरी को अभी खारिज नहीं किया

जेनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख ने कोरोना की उस थिअरी को अभी खारिज नहीं किया है कि वायरस वुहान की लैबरेटरी से निकला था। संगठन की टीम चीन पहुंची थी इस बात का पता लगाने के लिए कि वायरस का कहां से पैदा हुआ लेकिन यह मिशन फेल हो गया। हालांकि, ऐसी खबरें आई थीं कि टीम ने वायरस के लैब से लीक होने की थिअरी को नकारा था। चीन की डब्ल्यूएचओ टीम के लीडर पीटर एंबारेक ने कहा था कि इस बात की संभावना बेहद कम है कि वुहान इंस्टिट्यूट ऑफ वायरॉलजी से वायरस निकला हो। अब डब्ल्यूएचओ के डायरेक्टर जनरल टेड्रोस ऐडनम ने कहा है कि बेहद जरूरी वैज्ञानिक प्रक्रिया के बाद सभी थिअरी बरकरार हैं और इनके लिए ज्यादा अनैलेसिस और स्टडी की जरूरत है। ऐडनम का कहना है, 'कुछ सवाल उठ रहे हैं कि क्या किसी थिअरी को नकारा गया है। टीम के सदस्यों से बात करके में पुष्टि करना चाहता हूं कि सभी थिअरी बरकरार हैं और इनके लिए आगे और अनैलेसिस और स्टडीज की जरूरत है।' इनमें से कुछ काम इस मिशन के स्कोप से बाहर हो सकता है। उन्होंने कहा, 'हमने हमेशा कहा है कि इस मिशन से सभी जवाब नहीं मिलेंगे लेकिन इससे हमारी जानकारी बढ़ी है जो हमें वायरस की उत्पत्ति के करीब ले जाएगी।' चीन ने डब्ल्यूएचओ के जांचकताओं को कोरोना वायरस के पहले मरीजों का डेटा देने से इनकार कर दिया जिससे पता लग सकता था कि वायरस कैसे और कहां फैलना शुरू हुआ था। खबरों के मुताबिक ये 179 मामले दिसंबर, 2019 में फैली महामारी में सबसे पहले पाए गए थे। टीम में शामिल ऑस्ट्रेलियन एक्सपर्ट के मुताबिक उन्हें कुछ मामले बताए गए लेकिन जांच के लिए जरूरी सभी मामले नहीं। ऐसे में डेटा से कोई मतलब निकालना मुश्किल हो जाता है। वुहान पहुंचे डब्ल्यूएचओ के जांच दल ने कहा था कि वुहान इंस्टिट्यूट ऑफ वॉयरॉलजी से वायरस फैलने की थिअरी पर आगे जांच की सलाह नहीं दी जाएगी। टीम ने चीन के उस दावे का भी समर्थन किया कि कोरोना वायरस चीन के बाहर से फैला था और ऑस्ट्रेलिया से आयातित फ्रोजेन बीफ वुहान में कोरोना के प्रसार की वजह हो सकता है।

### शेख राशिद ने कहा- प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस इसलिए छोड़ी, क्योंकि इनका टेस्ट करना जरूरी था

इस्लामाबाद। इमरान सरकार का विरोध कर रहे सरकारी कर्मचारियों पर पाकिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्री शेख राशिद अहमद ने बेतुका बयान दिया है। रावलपिंडी के एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों पर आंसू गैस के गोले इसलिए छोड़े गए, क्योंकि काफी वक्त से इनका इस्तेमाल नहीं किया गया था और इसलिए इनका टेस्ट जरूरी था। दरअसल, इमरान सरकार के खिलाफ पाकिस्तान में विरोध बढ़ता जा रहा है। पहले पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट की रैलियां निकाली गईं और अब सरकारी कर्मचारी भी सड़कों पर उतर आए हैं। 10 फरवरी को हुई एक रैली के दौरान कर्मचारियों पर टियर गैस छोड़ी गई थी।

# वेलेंटाइन डे पर हाथी पर सवार हो 59 जोड़े बंधे विवाह बंधन में, रस्म देखने जुटे हजारों लोग



**बैंकाक।** थाईलैंड में वेलेंटाइन डे पर एक अनोखी विवाह परंपरा देखने हजारों लोग एकत्र हुए। इस अवसर पर 59 जोड़ों ने हाथी पर चढ़कर शादी रचाई। इस अनोखी रस्म को देखने के लिए राजधानी बैंकाक में हजारों लोगों की भीड़ जमा हुई थी। हाथियों पर बैठे इन जोड़ों के आगे-आगे लोग गाजे बाजे के साथ नाचते-गाते चल रहे थे। इन सबसे बीच एक स्थानीय अधिकारी भी हाथी पर सवार होकर सभी जोड़ों के मैरिज सर्टिफिकेट पर साइन करता दिखाई दिया। इस समारोह में 26 वर्षीय दूल्हे पतिपत्तन पन्थन ने अपनी 23 वर्षीय दुल्हन के साथ शादी रचाई। उन्होंने कहा कि मैं इस समारोह में शादी करने के लिए पिछले कई महीनों से इंतजार कर रहा था। इसी दिन मुझे मैरिज सर्टिफिकेट भी मिल गया। यह मेरे लिए बहुत ही असाधारण घटना है।

हाथी के ऊपर बैठकर शादी करने का रिवाज थाईलैंड में काफी पुराना रिवाज है। बैंकाक के पास स्थित चोनबुरी प्रांत के नोंग नूच ट्रॉपिकल गार्डन में यह समारोह हर साल वेलेंटाइन डे के अवसर पर आयोजित किया जाता है। पहले के समय में इस समारोह में लगभग 100 जोड़े शामिल होते थे। इस साल कोरोना वायरस के कारण यह संख्या घटकर 59 तक ही पहुंची है। नोंग नूच ट्रॉपिकल गार्डन के अध्यक्ष कम्पोन तानसाचा ने कहा कि इस वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए सख्त स्क्रीनिंग प्रोटोकॉल का पालन किया गया था। यही कारण है कि यहां लोग सुरक्षित महसूस कर रहे थे। अब बड़ी संख्या में पर्यटक भी बॉटेनिकल गार्डन में घूमने के लिए आ रहे हैं। इसलिए हम सुरक्षा में कोई ढिलाई नहीं कर रहे हैं।

बता दें कि थाईलैंड की आधी आबादी टूरिज्म पर आश्रित है। हर साल इस देश में करोड़ों की संख्या में पर्यटक राजधानी बैंकाक सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में घूमने के लिए आते हैं। कोरोना वायरस के कारण सरकार ने यात्रा पर लगी पाबंदियों को भी अब खत्म कर दिया है। इससे थाईलैंड में पर्यटन फिर से जोर पकड़ रहा है।



अफगानिस्तान के हैरात में टैंकरों के ध्वस्त होने के बाद वहां पहुंचे हुए सुरक्षाकर्मी। - फोटो

# ट्रंप के महाभियोग केस से बरी होने के बाद कैपिटल दंगा जांच के लिए समर्थन बढ़ा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सीनेट में दूसरी बार महाभियोग मामले में बरी होने के बाद अब दोनों दल कैपिटल (संसद भवन) हमले के मामले की जांच उसी तरह स्वतंत्र आयोग से कराने के समर्थन में सामने आ रहे हैं, जिस तरह 11 सितंबर को हुए हमले की जांच की गई थी। दंगा मामले में भी जांच कराने की योजना बनाई गई है, इस संबंध में सीनेट की ह्यसीनेट रूल्स कमेटीह्व में इस महीने के आखिर में सुनवाई होनी है। प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी, डी-कैलिफ ने सेना के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल रसेल ऑनोर को कैपिटल की सुरक्षा प्रक्रिया की समीक्षा का नेतृत्व करने को भी कहा है। दोनों दलों के सांसदों ने भी मामले में अभी और जांच होने के संकेत दिए हैं। सीनेट में शनिवार को ट्रंप के पक्ष में 43 के मुकाबले 57 वोट पड़े, जो महाभियोग के लिए आवश्यक दो तिहाई मत से कम था। ट्रंप के खिलाफ वोट करने वाले सात रिपब्लिकन सांसदों में से एक लुईसियाना के सीनेटर बिल कैसिडी ने कहा, ह्यजो भी हुआ उसकी पूरी जांच होनी चाहिए ह्व अमेरिका में 11 सितंबर को हुए आतंकवादी हमले की जांच की तर्ज पर एक स्वतंत्र आयोग से इस मामले की जांच कराने का पेलोसी ने समर्थन किया है। सीनेटर क्रिस कूंस ने कहा, ह्यअब भी ऐसे काफी सबूत हैं जिनके बारे में लोगों को जानना जरूरी है और 9/11 जैसा आयोग ही वह रास्ता है जो यह सुनिश्चित करेगा कि कैपिटल को भविष्य में सुरक्षित रखा जा सकता है।

# पार्कलैंड स्कूल फायरिंग कांड में मारे गए लोगों को बाइडन ने दी श्रद्धांजलि

**टालाहसी, अमेरिका।** अमेरिका के 'पार्कलैंड स्कूल गोलीबारी कांड' में मारे गए बेकसूर लोगों को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने नम आंखों से याद किया। बाइडन ने जारी एक बयान में कहा, कुछ सेकेंड में ही कई परिवारों और अमेरिकी समुदाय के लोगों की जिंदगी पूरी तरह से बदल गई।

इस मौके राष्ट्रपति ने कांग्रेस से बंदूक बेचते समय खरीदार के बारे में जानकारी हासिल करने सहित बंदूक कानूनों को मजबूत करने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि अब हम इंतजार नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा, ह्यहमने जिन लोगों को खोया है, उनके लिए यह करना होगा... अब कार्रवाई का समय आ गया है। फ्लोरिडा के पार्कलैंड में 'मारजोरी स्टोनमैन डगलस हाई स्कूल' के एक पूर्व छात्र ने 2018 में वैलेंटाइन डे के मौके पर परिसर में गोलीबारी की थी। इसमें 14 छात्रों तथा तीन कर्मियों की मौत हो गई थी और 17 अन्य घायल भी हुए थे।

# सीरिया में इजरायल के हमले से कुपित ईरान बोला- अगर फिर सीमा लांघी तो भुगतना पड़ेगा गंभीर परिणाम

**तेहरान।** सीरिया में इजरायल के हवाई हमले से कुपित ईरान ने धमकी दी है। ईरान ने इजरायल को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसने फिर से सीमा को लांघा तो गंभीर परिणाम भुगतना पड़ सकता है। दरअसल, इजरायल के हवाई हमले में ईरान समर्थित मिलीशिया के कई सदस्य मारे गए हैं। ये सीरिया के रास्ते इजरायल में हमला करने के फिराक में रहते हैं। उधर, सीरिया ने भी इजरायल पर उसके संप्रभुता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। ईरानी विदेश मंत्री के एक वरिष्ठ सहयोगी अली असगर खाजी ने सीरिया में इजरायली हमले को लेकर सख्त लहजे में चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इजरायल को सीरिया में लाल रेखाओं (हद) को पार नहीं करना चाहिए। इजरायल शुरू से ही फिलिस्तीनियों और पड़ोसी देशों के प्रति आक्रामक और शत्रुतापूर्ण रवैया अपनाता रहा है। सीरियाई सरकार इजरायल समर्थित आतंकवादियों से लड़ रही है।

उन्होंने सीरिया में अपने लड़ाकों की उपस्थिति पर भी सफाई देते हुए कहा कि वे दमिश्क और आसपास के इलाके में आईएसआईएस के आतंकवादियों से लड़ रहे हैं। ऐसे में अगर इजरायल उन्हें निशाना बनाता है तो उसे अब तक के सबसे मुश्किल प्रतिक्रियाओं का सामना करना पड़ सकता है। माना जा रहा है कि इस बयान से ईरान और सीरिया में तनाव फिर से बढ़ सकता है।

उधर सीरियाई विदेश मंत्रालय ने इजरायल के हवाई हमले को अपनी संप्रभुता का उल्लंघन बताते हुए अंतरराष्ट्रीय बिरादरी का रूख किया है। सीरिया ने इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, सुरक्षा परिषद और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद को चिट्ठी लिखकर इजरायल की निंदा की है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने इजरायल और ईरान से सीरिया को जंग का अखाड़ा नहीं बनाने की अपील की है।

# मीडिया को खबरों के बदले भुगतान करने के मामले में गूगल और फेसबुक समझौते के करीब

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने बताया कि मीडिया को खबरों के बदले भुगतान करने के मामले में गूगल और फेसबुक 'महत्वपूर्ण समझौते' के निकट पहुंच गए हैं। इस समझौते के बाद ऑस्ट्रेलिया दुनिया का पहला ऐसा देश बन जाएगा, जहां ऐसे कानून होंगे जिसके तहत इन कंपनियों को खबरों के बदले भुगतान करना होगा।

संसद में मंगलवार को इस संबंध में तैयार मसौदा विधेयक पर विचार किया जाना है। पिछले सप्ताह सीनेट की एक समिति ने सिफारिश की थी कि इस प्रस्तावित नियमन में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। दरअसल गूगल और फेसबुक ने इस प्रस्ताव के बारे में कहा था कि यह कुछ ऐसा है, जिस पर आगे नहीं बढ़ा जा सकता है। इस विधेयक को तैयार करने में भूमिका निभाने वाले मंत्रियों में से एक जोश फ्राइडनबर्ग ने कहा कि सप्ताहांत में फेसबुक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग, अल्फाबेट इंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और इसकी अनुषंगी गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई से इस विषय पर चर्चा हुई थी। वहीं उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई मीडिया घरानों के कार्यकारी अधिकारियों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी देश ने इस तरह का कदम नहीं उठाया है। यह एक कठिन प्रक्रिया है, जो यह अब भी जारी है और अब तक की बातचीत काफी फलदायक रही है।

# 'डियोक्स' तकनीक वाला मास्क कोरोना वायरस संक्रमण रोकने में सबसे अधिक कारगर : वैज्ञानिक

**लंदन।** घातक वायरस कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए मास्क अनिवार्य है। मास्क की वायरसरोधी परत पर काम कर रहे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का मानना है कि इस तकनीक से तैयार मास्क एक घंटे में प्राणघातक कोरोना वायरस को नष्ट कर व्यक्ति को सुरक्षित कर सकते हैं। वायरस रोधी परत चढ़ाने की प्रौद्योगिकी को 'डियोक्स' कहा जाता है। खबर के मुताबिक मास्क पर वायरस रोधी अदृश्य परत वायरस की बाहरी परत पर हमला कर प्रभावी तरीके से कोरोना वायरस के नए स्वरूपों को भी नष्ट कर सकती है। इसमें ब्रिटेन का कथित केंट वायरस प्रकार और दक्षिण अफ्रीका में मिला कोरोना वायरस का नया प्रकार भी शामिल है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में केमिकल इंजीनियरिंग एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग में वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. ग्राहम क्रिस्टी ने अखबार से कहा, ह्यमास्क की सतह पर लगाई गई वायरस रोधी परत वायरस की बाहरी झिल्ली पर हमला कर उसे नष्ट कर देती है। बदलाव करने वाले वायरस में अन्य हिस्सों के विपरीत बाहरी झिल्ली एक समान होती है। इसलिए यह वायरस रोधी परत कोरोना वायरस के नए प्रकार पर भी कारगर होगी।

उन्होंने कहा, यहां तक अगर आप वायरस के पूरे जीनोम में बदलाव कर सकते हैं तो भी उसके खोल पर असर नहीं पड़ेगा। हम उम्मीद कर रहे हैं कि कोरोना वायरस के सभी प्रकार पर यह परत एक समान प्रतिक्रिया करेगी क्योंकि ढांचे के आधार पर सभी लगभग एक समान हैं।

इस प्रौद्यागिकी को 'डियोक्स' कहा जाता है जो 'क्वाटनेरी अमोनियम साल्ट' (जैव यौगिक) पर आधारित है और इसका बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कपड़ा उद्योग में जीवाणु रोधी गुण की वजह से होता है।


# अफगान-ईरान सीमा पर तेल टैंकर में जोरदार धमाका, 500 से अधिक ट्रक जलकर खाक

**तेहरान।** अफगान-ईरान सीमा पर अफगानिस्तान के पश्चिमी प्रांत हेरात में इस्लाम कला चौराहे पर शनिवार को एक ईंधन टैंकर में जबरदस्त विस्फोट हुआ, जिसमें सात लोग बुरी तरह से झुलस गए। विस्फोट इतना भीषण था कि देखते ही देखते उसमें आग लग गई और फिर सड़क पर एक लाइन से खड़े प्राकृतिक गैस और ईंधन ले जाने वाले 500 से अधिक ट्रक जल कर खाक हो गए।

अफगान अधिकारियों और ईरानी सरकारी मीडिया ने जानकारी देते हुए ये बताया है कि विस्फोट के बाद ट्रकों में देखते ही देखते आग फैल गई। हेरात के प्रांतीय गर्वनर वाहिद कताली ने जानकारी देते हुए बताया है कि शुरूआती तौर पर विस्फोट के कारण का पता नहीं चल सका है।

# नासाः खगोलविदों के अध्ययन के लिए अनमोल साबित हुए हबल के खोजे छोटे ब्लैक होल समूह

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के अंतरिक्ष अनुसंधान संस्था नासा का हबल टेलीस्कोप एक बेहतरीन प्रकाशीय टेलीस्कोप सिद्ध हो रहा है। पिछले कई सालों से यह हमें हैरतअंगेज और मनमोहक तस्वीरें देता आ रहा है जो हमारे खगोलविदों के अध्ययन के लिए अनमोल साबित हुई हैं। इस कड़ी में हबल ने एक और खास तस्वीर शेयर की है जो ब्लैकहोल के बारे में बिलकुल नई जानकारी देती है। ग्लोबुलर क्लस्टर एनजीसी 639 की इस तस्वीर में बहुत सारे छोटे ब्लैकहोल दिखाई दे रहे हैं। ग्लोबुलर क्लस्टर एनजीसी 639 के बीचों बीच दिखाई देने वाले ये पिंड देखकर खगोलविदों को लगा था कि यह एक मध्य भार का ब्लैकहोल है लेकिन हैरानी तब हुई जब यह पता चला कि यह तो छोटे ब्लैक होल का समूह है। इस तरह से एक साथ बहुत सारे ब्लैकहोल पहले कभी नहीं पाए गए हैं। वैज्ञानिकों के लिए यह एक



उत्साहजनक खबर मानी जा रही है।

पेरिस में पेरिस इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स के एदवार्दो विट्राल ने बताया, हमने ग्लोब्यूलर क्लस्टर के घने केंद्र में एक अदृश्य भार के बहुत ही पक्के प्रमाण हासिल किए हैं। लेकिन हम हैरान तब हुए जब हमने पायाकि यह अतिरिक्त भार एक बिंदु की तरह नहीं दिख रहा था जैसा कि एक विशालकाय ब्लैक होल में होता है। विट्राल ने बताया कि उनकी टीम ने पाया कि यह क्लस्टर के कुछ प्रतिशत के हिस्से तक फैला हुआ था। उनकी अध्ययन यह पता करने वाला पहला अध्ययन है जिससे इसके भार और इसके विस्तार के बारे में पता चला है। इससे यह ज्ञात हो सका कि यह वास्तव में सिमटे हुए ग्लोब्यूलर क्रोड़ के केंद्र में बहुत से ब्लैकहोल का समूह है।

नासा के मुताबिक ग्लोब्यूलर क्लस्टर तारों के बहुत ही घने सिस्टम होते हैं जिसमें तारे एक दूसरे के बहुत नजदीक होते हैं। ये सिस्टम बहुत ही पुराने होते हैं। और इस अध्ययन में जिस क्लस्टर का अध्ययन किया जा रहा था वह एनजीसी 6397 लगभग हमारे ब्रह्माण्ड जितना ही पुराना है। यह क्लस्टर 7800 प्रकाशवर्ष की दूरी पर स्थित है। इस लिहाज से यह पृथ्वी के सबसे नजदीक का ग्लोब्यूलर क्लस्टर है। रिपोर्ट में बताया गया है कि विट्राल और उनके साथी गैरी मैमन ने क्लस्टर में तारों के वेग को समझ कर छिपे हुए भार का पता लगाया और इस क्लस्टर में छिपे हुए बिखरे और दिखाई देने वाले दोनों ही तरह का भार पता कर लिया। इसमें चमकीले, धुंधले तारों के साथ-साथ ब्लैक होल का भार भी शामिल था।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# फर्जी डिग्री से सरकारी अध्यापक को बर्खास्त कर शिक्षा विभाग द्वारा कराई थी थाने में रिपोर्ट दर्ज

## सेवानिवृत्ति के अंतिम सप्ताह में किया शिक्षा विभाग ने बर्खास्त

» **मदरलैंड, देशबंधु जोशी ब्यूरो चीफ**

राजगढ़। स्थानीय कस्बा निवासी अनिल कुमार गुप्ता पुत्र महादेवा गुप्ता द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर आगरा से फर्जी डिग्री द्वारा प्रारंभिक शिक्षा विभाग मैं सरकारी अध्यापक बनने में सफलता प्राप्त कर ली। इधर अध्यापक अनिल गुप्ता द्वारा फर्जी डिग्री से प्रारंभिक शिक्षा विभाग में सर्विस करते हुए करीब नौकरी पूरी होने को थी। सेवानिवृत्ति से करीब एक सप्ताह पूर्व अनिल गुप्ता द्वारा फर्जी डिग्री से नौकरी प्राप्त प्रकरण में पिछले कुछ वर्षों से शिक्षा विभाग द्वारा शिकायत मिलने पर की जा रही जांच के बाद जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक अलवर द्वारा अनिल गुप्ता को भीमराव अंबेडकर कॉलेज आगरा ने अपने पत्रांक 2070 दिनांक 23 अप्रैल 2017 में स्पष्ट किया कि अनिल कुमार पुत्र श्री एन एल शर्मा महाविद्यालय में सत्र 19 83/84 में इ.एं का संस्थागत छात्र रहा है। इसके अलावा अनिल कुमार नाम का अन्य कोई छात्र अध्ययनरत नहीं रहा। शिक्षा विभाग द्वारा व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान भी अनिल गुप्ता को बार-बार नोटिस दिए जाने पर भी अनिल गुप्ता स्पष्टीकरण देने विभाग के पास साक्ष दस्तावेज प्रमाण पत्र लेकर नहीं पहुंचे। आखिर प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा पुलिस रिपोर्ट दर्ज करवाई जिसमें लिखा है कि अपचारी अनिल गुप्ता पर आरोपित समस्त आरोप राजस्थान असैनिक सेवाएं (वर्गीकरण कॉमन यंत्रण एवं अपील) नियम 1957 के नियम 14 (5) में वर्णित कथाओं कृत्यों के अनुरूप पुष्ट होता है। अतः अनिल कुमार गुप्ता (बर्खास्त अध्यापक) पुत्र महादेव प्रसाद हाल निवासी सत्यनारायण की गली राजगढ़ के विरुद्ध कूट रचित फर्जी इ.एं डिग्री प्रस्तुत कर अध्यापक पद पर नौकरी प्राप्त करने के संबंध में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पंचायत समिति राजगढ़ का पत्र क्रमांक 1767, दिनांक 28 दिसंबर 2019 को प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नयागांव बोलका सज्जन सिंह द्वारा पुलिस थाना राजगढ़ में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

**फर्जी डिग्री मामले में शिक्षा विभाग की जांच सही या पुलिस की कार्यवाही उठे सवालिया निशान**

जिस पर पुलिस थाना राजगढ़ द्वारा एक वर्ष से अधिक लंबे समय तक जांच कार्रवाई के बाद अंततः विगत सप्ताह पुलिस द्वारा फर्जी डिग्री से नौकरी प्राप्त करने के मामले में एफआर लगा दी गई। पुलिस द्वारा मीडिया को भी इस मामले में जानकारी देने से इंकार कर दिया गया ।

**पुलिस ने लगाई है एफ आर शिक्षा विभाग ने खुलवाने न्यायालय में करी कार्रवाई प्रारंभ**

दूसरी तरफ पुलिस द्वारा लगाई गई एफआर पर शिक्षा विभाग के जिला प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी नेकी राम संवाददाता को बताया कि पुलिस की कार्रवाई में लगाई एफ आर के विरुद्ध विभाग द्वारा एफआर खुलवाने के लिए न्यायालय में कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

**सेवानिवृत्ति के अंतिम सप्ताह किया बर्खास्त**

उल्लेखनीय है कि फर्जी डिग्री से करीब 30 वर्ष सरकारी नौकरी में कितने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के नाम पर धोखा दिया। बताया जाता है कि अनिल गुप्ता फर्जी डिग्री से अपने कार्यकाल पूरा करने को थे इससे एक सप्ताह पूर्व ही शिक्षा विभाग द्वारा अनिल गुप्ता को जांच में फर्जी डिग्री ऊंट रचित दस्तावेज से नौकरी प्राप्त करने मानते हुए बर्खास्त कर दिया।

इधर कोरोना काल का संभावित लाभ लेते हुए पुलिस ने 1 वर्ष से अधिक समय में फर्जी डिग्री की जो जांच करें और विभाग की रिपोर्ट पर एफआर लगा दी यह सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर एक बड़ा सवालिया निशान है। अब देखना है कि न्यायालय में विभाग द्वारा पुलिस थाने में दर्ज करवाई गई रिपोर्ट पर लगी एफ आर को खुलवाने के लिए न्यायालय में मामला विचाराधीन है न्यायालय पर विभाग के अधिकारियों ने भरोसा जताते हुए है फर्जी डिग्री से नौकरी प्राप्त करने वाले अनिल गुप्ता के विरुद्ध न्यायोचित कार्रवाई की उम्मीद जाहिर की है।

शिक्षा विभाग ने बताया कि न्यायालय में एडवोकेट उपलब्ध कराने के लिए जिला कलेक्टर को भी लिखा गया है। वक्त जरूरत न्यायालय में सभी दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएंगे। अब देखने की बात यह है जो भविष्य देखने की बात यह है जो भविष्य के गर्भ में है न्यायालय की कारवाही के बाद स्पष्ट हो पाएगा कि विभाग की जांच के अनुसार फर्जी डिग्री से नौकरी प्राप्त करने वाले अध्यापक अनिल गुप्ता को पुलिस ने फिलहाल तो एफ आर लगा कर राहत दे दी है। न्यायालय की कार्रवाई आदेश के बाद ही शिक्षा विभाग व पुलिस पर लगे सवालिया निशान स्पष्ट हो पाएंगे कि शिक्षा विभाग ने रिपोर्ट तथ्यात्मक सही दर्ज कराई है या विभाग से बढ़कर पुलिस की जांच ? यह एक बड़ा सवाल जनता में चर्चा का विषय है।

# कुख्यात अपराधी पपला को 26 फरवरी तक जेल

» **मदरलैंड संवाददाता**




बहरोड़। कुख्यात गैंगेस्टर विक्रम गुर्जर उर्फ पपला को सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अलवर पुलिस ने मुंडावर कोर्ट में पेश किया। 18 दिन की रिमांड के बाद कोर्ट ने पपला को 26 फरवरी तक जेल भेज दिया। कोर्ट से जेल भेजने के आदेश के बाद पपला को पुलिस सुबह 11 बजे स्थानीय जेल किशनगढ़बास लेकर आई। लेकिन पौने दो घंटे बाद यानी 12.45 बजे पुलिस पपला को लेकर अजमेर जेल के लिए रवाना हो गई। प्रदेश में अजमेर जेल को हाई सिक्योरिटी वाली जेल माना जाता है। पपला हरियाणा और अलवर पुलिस की कस्टडी से दो बार भाग चुका है। पपला के पिछले रिकॉर्ड को लेकर पुलिस किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहती है। इसलिए क्यूआरटी और पुलिस कमांडो की सुरक्षा में उसे तुरंत किशनगढ़बास से 300 किमी. दूर अजमेर जेल शिफ्ट किया गया।

**पुलिस 28 जनवरी को पपला को बहरोड़ लाई थी**

6 सितंबर 2019 को अलवर के बहरोड़ थाने से पपला के साथी उसे लॉकअप तोड़कर भाग ले गए थे। बदमाशों ने एके-47 जैसे आधुनिक हथियारों से ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। तब से पपला फरार था। पपला की तलाश में पुलिस ने कई राज्यों में 250 से अधिक ठिकानों पर पड़ताल की थी। करीब डेढ़ साल बाद 27 जनवरी की रात महाराष्ट्र के कोल्हापुर से पपला और उसकी गर्लफ्रेंड को पकड़ा था। 28 जनवरी को पपला को अलवर के बहरोड़ कोर्ट में लाया गया। उसके बाद से पपला की लगातार पेशी व रिमांड हो रहे हैं।

**करीब 18 दिन पुलिस रिमांड पर रहा पपला**

पपला अब तक करीब 18 दिन पुलिस रिमांड पर रह चुका है। दो बार बहरोड़ कोर्ट से पपला का रिमांड बढ़ा। बहरोड़ से पपला को जेल होने के बाद दूसरे मामले में मुंडावर कोर्ट में पेश किया गया। मुंडावर कोर्ट ने 5 दिन का रिमांड दिया। सोमवार को मुंडावर कोर्ट ने पपला को 26 फरवरी तक जेल भेज दिया।

**पपला की गर्लफ्रेंड जिया अलवर जेल में बंद है**

पपला की साथी जिया 4 फरवरी से अलवर जेल में हैं। वह 14 दिन की न्यायिक हिरासत में है। जिया को जल्द ही बहरोड़ कोर्ट में पेश किया जाएगा। पपला गैंग से जुड़े व अलवर के बहरोड़ थाने से पपला को भगा ले जाने के मामले में पुलिस अब तक 33 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री श्याम मंदिर वृन्दावन धाम मे होगा नवम पाटोत्सव

मदरलैंड, श्रीराम इंदौरिया, जयपुर। श्री श्याम सखा परिवार सेवा समिति (रजि) के तत्वावधान मे श्री श्याम मंदिर वृन्दावन धाम, ब्राह्मण की थड़ी, मानसरोवर मे नवम पाटोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. मंगलवार, 16 फरवरी को प्रातः 9 बजे से कलश यात्रा एवं पंचामृत अभिषेक तथा बुधवार, 17 फरवरी को सायं 5 बजे से 9.15 बजे तक भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया है ।जिसमे कुमार गिरिराज शरण, रितु पांडेय, महेश परमार ओर गोपाल सैन अपनी गायिकी से श्याम भक्तों को मन्त्रमुग्ध करेंगे।

### ब्लॉक स्तरीय गार्गी एवं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण समारोह आज

मदरलैंड संवाददाता, बहरोड़। शिक्षा विभाग राजस्थान में बालिका शिक्षा फाउंडेशन के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय गार्गी एवं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण समारोह ब्लॉक बहरोड़ में दिनांक 16 फरवरी 2021 को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय अलवर राजस्थान में प्रातः 11.30 बजे से मनाया जाना है। उक्त कार्यक्रम में ब्लॉक बरसे राजकीय एवं निजी विद्यालयों से वर्ष 2020 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंकों से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रमाण पत्र बलजीत यादव विधायक के आतिथ्य में प्रदान किया जाएगा। जिसमें पात्र छात्रा के साथ संबंधित विद्यालय के एक शिक्षक का आना भी अनिवार्य रहेगा तथा छात्रा अपने साथ अंक तालिका अवश्य लेकर आए।

### बर्डोद के दक्ष ने जीता पैंचेक सिलात में स्वर्ण पदक



मदरलैंड संवाददाता, बहरोड़। कस्बे के सिद्धि विनायक गार्डन निवासी दक्ष राज सैनी पुत्र विजय कुमार सैनी ने राजस्थान में आयोजित पेंचेक सिलात में स्वर्ण पदक जीतकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। कोच अमित कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता राजस्थान राज्य के जयपुर में आगरा रोड पर बगराना के माउंट कारमेल कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित तृतीय राज्य स्तरीय पैंचेक सिलात चैंपियनशिप 2021 की तीन दिवसीय प्रतियोगिता दक्ष ने स्वर्ण पदक जीता है। अलवर पैंचेक सिलात के अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि अब दक्ष राष्ट्रीय पैंचेक सिलात चैंपियनशिप 2021 में हिस्सा लेंगे और उन्हें विश्वास है कि खिलाड़ी दक्ष फिर से नाम रोशन करेंगे। इस प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न प्रांत से 348 प्रतियोगियों ने अपने भाग्य की आजमाइश कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति पूर्व खेल मंत्री मांगीलाल गरासिया ने बताया की यह खेल शीघ्र ही राजस्थान ओलंपिक एसोसिएशन में शामिल किया जाएगा और स्कूल खेल में भी होगा। दक्ष ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच अमित कुमार एवं अपने परिजनों को दिया।

# महाराजा भर्तृहरी जी एवं वीर योद्धा हसन खां मेवाती के पैनोरमाओं को आमजन के लिए खोलना जरूरी

» **मदरलैंड संवाददाता**



अलवर। भाजपा के अलवर शहर विधायक संजय शर्मा द्वारा विधानसभा में अध्यक्ष राजस्थान विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बंधी नियम 295 के अन्तर्गत मेंरे विधानसभा क्षेत्र अलवर शहर स्थित महाराजा भर्तृहरी जी एवं वीर योद्धा हसन खां मेवाती के पैनोरमाओं को आमजन के लिए खोलने के संबंध में विषेश उल्लेख प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र अलवर शहर में बहरोड़ मार्ग पर राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नत प्राधिकरण की ओर से महाराजा भर्तृहरी जी व वीर योद्धा हसन खां मेवाती के पेनोरमाओ का उद्घाटन तत्कालिन मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे जी ने दिनांक 27 सितम्बर 2018 को किया था। उक्त दोनो पेनोरमाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हुए करीब 2 साल 4 माह से अधिक का समय होने के बावजूद आज तक उक्त दोनो पर नोरमल को आमजन व पर्यटको हेतु खोला नहीं गया है। जिसके चलते अलवर के पर्यटन क्षेत्रो में भ्रमण पर आने वाले पर्यटको को महाराजा भर्तृहरी के स्थान पर आने वाले श्रृद्धालुओं को उक्त पैनोरमाओं को देखने में निराषा ही हाथ लगती है।

अतः इस अत्यंन्त ही महत्वपूर्ण एवं जनहित के मुद्दे पर माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग कर निवेदन करना चाहता हुँ कि जनहित में मेरे विधानसभा क्षेत्र अलवर शहर स्थित उक्त महाराजा भर्तृहरी जी एवं वीर योद्धा हसन खां मेवाती के पैनोरमाओं को आमजन के लिए खोले जाने के आदेश प्रदान करने की कृपा करें।

# विद्यालय निष्पादन समिति के बैठक का किया आयोजन



» **मदरलैंड, अशोक भारद्वाज**

कठूमर। कस्बा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पर सोमवार को निष्पादन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत मुख्यालय के सभी प्रिंसिपल ने भाग लिया।

सीबीईओ योगेंद्र सिंह कुशवाहा ने बताया कि बैठक में मासिक कार्यों की समीक्षा की गई। और लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर शैक्षिक कार्य योजना पर भी चर्चा की गई। बैठक में सीडीपीओ आशा कुमारी, ब्लॉक सीएमएचओ डॉक्टर हरगोविंद मीणा, एसीबीईओ उमेशजैन व मनोज कुमार शर्मा, संदर्भ व्यक्ति महेंद्र सिंह मसारी, कठूमर स्कूल के कार्यवाह प्रधानाचार्य शेर सिंह यादव आदि मौजूद थे।

# कोटकासिम पुलिस नें हथियार के साथ एक बदमाश दबोचा



» **मदरलैंड, संजय बागड़ी**

कोटकासिम । पुलिस के हाथ एक कामयाबी लगी। एक दिन पूर्व बघाना में एक लइके पर फायर कर परिवारजनों को जान से मारने की धमकी देने वाले बदमाश को दूसरे ही दिन पकड़ लिया। 14 फरवरी को मांगेराम पुत्र हरनारायण उम्र 78 वर्ष निवासी बघाना थाना कोटकासिम ने एक रिपोर्ट के माध्यम से यह बताया कि 13 फरवरी की रात करीब 10:30 मेरे मकान पर रवि पुत्र ईश्वर सिंह जाट एवं बिन्टू पुत्र दया चंद जाट निवासी बघाना अपने तीन-चार अन्य साथियों सहित आए। जिसमें रवि ने मेरे मकान के अंदर घुस कर कर मेरे पुत्र रितेश रणधावा को हाथ पकड़कर उठाया व अंधेरे में ले जाकर जाकर फायर कर दिया। जिससे लड़का बाल-बाल बच गया। उस वक्त अंधेरा था और गोली दीवार में लगी तो, आवाज सुनकर परिवार व आस पड़ोस के लोगा जमा हो गए। इतने में आरोपी वहां से फरार हो गया। चलते चलते वक्त भी तीन हवाई फायर किए ।

आरोपी जाते वक्त जान से मारने की धमकी देने व परिवार को खत्म करने की धमकी देते हुये भाग गया।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक जिला भिवाड़ी राममूर्ति जोशी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराणा राजेंद्र सिंह सिसोदिया व वृताधिकारी किशनगढ़ बास जिला भिवाड़ी अतुल आगरा के नेतृत्व में पुलिस थाना कोटकासिम में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने धरपकड़ चालू की और 14 फरवरी को ही टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि मुलजिम बघाना से आलमपुर की तरफ आ रहा है। सूचना पाकर थानाधिकारी मय जाब्ते के मसवासी मोड पहुंचे तो सामने से आ रहा एक नौजवान लड़का बघाना से मसवासी रोड की तरफ बड़ी तेजी से भाग निकलने की नियत से चलने लगा। जिस पर थानाधिकारी को शक होने पर पुलिस टीम द्वारा उसका पीछा कर पकड़ लिया गया। पकडे गये व्यक्ति की तलाश की गई तो उसके पास से एक देशी कट्टा 315 बोर लोडेड व खाली कारतूस उसकी पेंट से मिला। पुलिस द्वारा पूछने पर उसने अपना नाम रवि पुत्र ईश्वर सिंह उम्र 22 साल निवासी बघाना बताया।

# विधानसभा में उठी मंडावर को पंचायत समिति बनाने की मांग

## विधायक हुडला ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

» **मदरलैंड, राहुल जोशी**



मण्डावर। महवा विधायक ओम प्रकाश हुडला ने राजस्थान विधान सभा में नियम 295 के तहत मंडावर में पंचायत समिति खोले जाने का विशेष प्रस्ताव के तहत विशेष उल्लेख प्रस्ताव किया। विधायक ने प्रस्ताव में उल्लेख किया हैं की मंडावर तहसील के अंतर्गत 21 ग्राम पंचायत आती हैं। इन ग्राम पंचायतो में गुणात्मक संस्थाओ का अभाव है। उन्होंने इस बाबत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से भी पुरजोर शब्दों में मंडावर में पंचायत समिति का नवीन कार्यालय और साथ ही बालाहेड़ी, गगवाना, टुडियाना पंचायत को बैजुपाड़ा पंचायत समिति से हटाकर वापस महवा पंचायत समिति में जोड़ने की मांग की हैं। साथ ही विधायक हुडला ने प्रस्ताव प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मंडावर कस्बा जनसंख्या की दृष्टि से बड़ा कस्वा है

कई ग्राम पंचायत मण्डावर तहसील के अधीन आती है। मंडावर कस्बे में पुराना रेलवे स्टेशन, अस्पताल मुख्यालय, थाना परिसर, तहसील मुख्यालय है। परंतु पंचायत समिति कार्यालय मण्डावर से दूर होने के कारण जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

साथ ही टुडियाना, बालाहेड़ी, गगवाना पंचायत की महवा कस्वे से लगभग 3 से 5 किलोमीटर के आस पास है। इन तीनों पंचायतों को बैजूपाडा पंचायत समिति में जोड़ा गया था। जिसे लेकर ग्रामीणों ने कई बार इसका विरोध किया। विधायक हुडला ने आज विधानसभा में इन तीनों पंचायतों को महुआ पंचायत समिति में जोड़ने का अनुरोध किया हैं।

# विप्र परशुराम शक्ति की सीमा भारद्वाज जयपुर प्रांत उपाध्यक्ष नियुक्त

» **मदरलैंड संवाददाता**



अलवर। भारत की सुविख्यात ज्योतिषाचार्य एवं विप्र परशुराम शक्ति की प्रधान अध्यक्ष सरस्वती देवकृष्ण गौड़ ने अयोध्या के पूर्व सांसद एवं संगठन के मुख्य संरक्षक डॉ रामविलास वेदांती महाराज की सहमति से बहरोड़ निवासी सीमा भारद्वाज को विप्र परशुराम शक्ति को जयपुर प्रांत के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। सीमा भारद्वाज बहरोड़ कस्बे में एक निजी विद्यालय की निदेशक है ।भारद्वाज वर्तमान में अलवर जिले की भाजपा महिला उपाध्यक्ष के पद पर भी कार्यरत है। ब्राह्मण समाज के प्रति निष्ठा एवं समान को एक जुट करने की सकारात्मक जज्बे के साथ कार्य करने वाली सीमा भारद्वाज बहुत ही सरल स्वभाव की धनी है ।कई वर्षों से सामाजिक कार्यो में निरन्तर सक्रियता को देखते हुए आचार्य दीदी ने श्रीमती भारद्वाज को प्रांतीय उपाध्यक्ष पर मनोनीत किया।

श्रीमती भारद्वाज के मनोनयन से ब्राह्मण समाज ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर रुबिया उपाध्याय, रमा मिश्रा, आरती बहुगुणा, अंजू शर्मा आदि मातृशक्ति ने श्रीमती भरद्वाज को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# नीमराना में एचआर फोरम के चुनाव हुए संपन्न

» **मदरलैंड, मयंक जोशी**

बहरोड़। कोविड-19 लोकडॉउन के पश्चात एचआर फोरम नीमराना (एनसीआर) की प्रथम बैठक पारले बिस्किट्स प्राइवेट लिमिटेड के सभागार में संपन्न हुई। जिसमें घिलोठ, शाहजहांपुर, नीमराना जापानी जोन, भारतीय जोन, बहरोड़, सोतानाला, केशवाना औद्योगिक क्षेत्रों के सभी उद्योगों के एचआर प्रबंधक उपस्थित रहे। एचआर फोरम के संरक्षक कृष्ण गोपाल कौशिक ने सभी एचआर प्रबंधकों को अपने उद्बोधन में कहा कि इस मंच द्वारा हम आपस में सहयोग करते हुए नई औद्योगिक नीतियों, मजदूरी दरों एवं उचित सुसंगठित प्रबंधन से उत्पादन को बढ़ावा देने के व्यवहारों को आपसी विचार विमर्श द्वारा संपादित करेंगे। ताकि औद्योगिक इकाइयों में उत्पादन को बढ़ावा मिले एवं नए रोजगार सृजन को शीर्ष स्तर पर पहुंचा कर बेरोजगारी दर न्यून करने में सहयोग प्रदान कर सकें। बैठक में बतौर मनोनयन कमेटी उपस्थित नीमराना इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष के के शर्मा, संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष महाबीर साहू, सोतानाला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष मालिक, हैवेल्स कंपनी के महाप्रबंधक जगदीप सिंह द्वारा नीमराना एनसीआर एचआर फोरम की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से नीमराना इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महासचिव कृष्ण गोपाल कौशिक द्वारा गठन किया गया। जिसमें एचआर फोरम के अध्यक्ष के रूप में गिन्नी इंटरनेशनल कंपनी के वरिष्ठ मानव संसाधन प्रबंधक सुधीर तिवारी एवं महासचिव पारले बिस्किट्स प्रा. लि. के वरिष्ठ मानव संसाधन प्रबंधक



मांगीलाल धेतरवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष कौशिक निहोन पार्क राइजिंग, अशोक गुप्ता ओजी पैकेजिंग, उपाध्यक्ष योगेंद्र यादव हैवेल्स, संयुक्त सचिव कमल धीमन टीपीआर, समन्वयक विनोद कुमार जैन पारले, को मनोनीत किया। जिसका सभी सदस्यों ने माला पहनाकर एवम्पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान नीमराना एनसीआर के सभी औद्योगक क्षेत्रों के एचआर हैड्स जिनमें बिजेंद्र यादव अध्यक्ष शाहजहांपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, प्रकाश शर्मा गिन्नी इंटरनेशनल, जेपी तंवर टोयोडा गोसाई मिंडा, रोहिताश शर्मा, जितेंद्र कुमार हीरो मोटोकॉर्प प्रा. लि., शिखा भारद्वाज, महेंद्र सिंह पारले बिस्किट्स, संजय राणा सोवा डेंको प्रा. लि., अभिषेक शर्मा, संदीप जांगड़ा रिचफिल्ड इंडिया प्रा लि, अजय कुमार गौड़ जीडी फूड प्रा लि, दिनेश यादव परनोड रिकॉर्ड इंडिया प्रा. लि. कारोड़ा, सतपाल यादव एमजी पोलिप्लास्ट, अमित यादव काई इंडिया प्रा लि, राजेश कुमार नेक्सजेन फ्लुरोपोलिमर्स, मानक चंद मीणा कोरोपेक्स सोतानाला, अंकित दूबे औत्सुका केमिकल केशवाना, अमित श्रीवास्तव बारमाल्ट माल्टिंग केशवाना, रविन्द्र कुमार धानुका एग्रीटेक केशवाना, राजेंद्र कुमार एमवाईके सोतानाला, हिमांशु सोनी आईजीपी, महेंद्र शर्मा माइटेक्स पोलिमर्स, दीपक कुमार द सुप्रीम घीलोठ, अनिल कुमार यादव अपेक्स ट्यूब बहरोड़, अनिल कुमार एचएनजी, मनीष कुमार संदेंविकास प्रीसिजन, विकास कुमावत रुकमणी इंडस्ट्रीज, प्रदीप वर्मा डुरालाइन, सन्नी शर्मा निडेक इंडिया प्रा लि सहित अन्य उद्योगों के मानव संसाधन प्रबंधकों ने भाग लिया।

# मानदेय की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंची कार्यकत्रियां

» राजकुमार

नारसन। मानदेय की मांग को लेकर नारसन ब्लॉक की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सोमवार को ब्लॉक अध्यक्ष कविता देवी के नेतृत्व में रुड़की तहसील में एएसडीएम पूरन सिंह राणा को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें कार्यकत्रियों ने कहा कि पिछले 6-7 महीनों से सरकार सरकार ने प्रदेश की आगनवाड़ी कार्यकत्रियों को मानदेय नहीं दिया है। जिस कारण प्रदेश की सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों परिवार के सामने खाने के भी लाले पड़ रहे हैं। बच्चों की फीस का गुजारा नहीं चल रहा है।



ब्लॉक अध्यक्ष कविता देवी ने एसडीएम को बताया कि पिछले वर्ष कार्यकत्रियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया था। इसमें एक या 2 दिन के लिए पहुंची कार्यकत्रियों का भी डेढ़ महीने का सरकार द्वारा मानदेय काट लिया गया था। इसके कारण उन्हे प्रमोशन में भी काफी दिक्कत आ रही है। मांग की कि काटे गए वेतनमान को सरकार जल्द ही आंगनबाड़ियों के खाते में भेजें। सरकार से साढ़े सात हजार रुपये मानदेय कार्यकत्रियों को मिलता हैं। जिससे घर का खर्च भी नहीं उ ठपा रहा है। सरकार कार्यकत्रियों का मानदेय बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रति माह करे। जिससे कि आंगनवाड़ी कार्यकत्री अपने बच्चों का पेट पाल सकें। एएसडीएम पूरन सिंह राणा का कहना है कि सभी कार्यकत्रियों ने कोरोना कॉल में भी आम भूमिका निभाई है और जच्चा बच्चा के लिए अनेकों कार्यों में भी उनका बड़ा योगदान है। वह कार्यकत्रियों की मांग को उनके ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तक अवश्य पहुंचाएगें।

# महंगाई की चोट से आम जन की कमर तोड़ रही सरकारः राजेंद्र

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र चैधरी एडवोकेट ने घरेलू गैस और पेट्रोल, डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर भाजपा और केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला। कहा कि महंगाई की चोट से सरकार आम जन की कमर तोड़ने में लगी है। प्रेस को जारी अपने बयान में राजेंद्र चैधरी एडवोकेट ने कहा कि केंद्र सरकार के पेट्रोलियम और गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपने कर्तव्य के प्रति असफल रहे हैं। उन्होंने लगातार देश को महंगाई की तरफ धकेल दिया है। सरकार ने आज फिर रसोई गैस के दामों में 50 रुपये की बढ़ोत्तरी कर



आम आदमी की रोटी पर हमला किया है। कहा कि पिछले 3 महीने में गैस के दाम 150 से अधिक बढ़ गए हैं, जबकि पेट्रोल 100 रुपये के आंकड़े को छूने जा रहा है। यह हाल तब है जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बेहद कम है और गैस भी न्यूनतम दाम पर उपलब्ध है। ऐसे में देश के 140 करोड़ लोगों को सस्ता तेल और गैस देने के बजाय भाजपा की यह सरकार आम जनता को लूटने में लगी है। कांग्रेस ने कहा कि देश के युवाओ को रोजगार चाहिए, आम जन को खाने के लिए रोटी, पहनने के लिए कपड़े, जूते और रहने के लिए मकान चाहिए, लेकिन पिछले 7 माह में जिस तेजी से लगातार पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमते बढ़ रही हैं, उससे तो यही लगता है कि सरकार गरीब नहीं, मध्यमवर्ग से भी रोटी, कपड़ा और मकान छीनने के प्रयास में लगी है। कहा कि डीजल, पैट्रोल के दाम बढ़ने से किराया महंगा होने के साथ ही अनाज, दाल, सब्जियों के दाम अपने आप बढ़ जाते हैं। ऐसे में आम आदमी की कैसे रसोई चलेगी इस पर सरकार को विपक्ष और देश की जनता को जवाब देना चाहिए, लेकिन महंगाई की मार झेलने के बावजूद कुछ अंधभक्त आज भी हिंदू-मुस्लिम में लगे हैं। कहा कि गरीब का पेट लॉलीपाप या चिकनी चुपड़ी बातों से नहीं, बल्कि रोटी से भरता है। कांग्रेस पार्टी है मांग करती है कि तत्काल प्रभाव से धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा दे देना चाहिए और सरकार किसी योग्य व्यक्ति को तेल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की जिम्मेदारी दे।

## संक्षिप्त समाचार

### फायरिंग में चैथा आरोपित भी धरा

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। आवास विकास में हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने चैथे आरोपित गौरव शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपित का चालान कर दिया है। इस मामले में पुलिस 3 आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस अन्य फरार आरोपितो को दबोचने के लिए उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। एसएसआई देवराज शर्मा ने बताया कि गौरव आवास विकास में हुई फायरिंग के मामले में फरार चल रहा था।

### हिंदी में रोजगार की असीम संभावनाएं

मदरलैंड संवाददाता, लंढौरा। हिंदी में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं लेकिन इसके लिए हमें हिंदी लेखन के साहित्य से अलग क्षेत्रों को तलाशना होगा। चमन लाल महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित ह्यसाहित्येतर हिंदी लेखन, संभावनाएं एवं चुनौतियांह्य विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. योगेश कुमार नें छात्रों को साहित्य से अलग हिंदी लेखन के क्षेत्रों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा की अनुवाद, पत्रकारिता, विज्ञापन जैसे अनेकों क्षेत्र हैं इनमें हिंदी माध्यम की मांग निरंतर बढ़ रही है। बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी अब अपने उत्पादों के विज्ञापन के लिए हिंदी माध्यम के विज्ञापनों का सहारा ले रही हैं जो हिंदी की बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता का प्रतीक है।
इसके साथ ही डॉ. यज्ञेश कुमार ने इस क्षेत्र में आने वाली समस्याओं और चुनौतियों के विषय में भी जानकारी दी। व्याख्यान में प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया। इसमें डॉ. योगेश कुमार ने छात्रों की जिज्ञासाओं को शांत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. मीरा चैरसिया व मंच संचालन आशुतोष शर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ. अनीता रानी, डॉ सूर्यकांत शर्मा, डॉ हिमांशु कुमार, डॉ. नवीन कुमार का विशेष सहयोग रहा।

### सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

मदरलैंड संवाददाता, मंगलौर। अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार हाईवे पर कोतवाली के निकट पठानपुरा निवासी 30 वर्षीय युवक अकरम को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी।
वह मजदूरी कर अपने घर लौट रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उठाकर पहले रुड़की चिकित्सालय में भेजा। हायर सेंटर में उपचार के दौरान रात्रि में युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक के शमीम पुलिस को तहरीर दी है। दूसरी ओर नारसन क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में 18 वर्षीय एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई युवक बाइक रिपेयरिंग का कार्य करता था तथा कोतवाली क्षेत्र के गांव कुआंहेड़ा का रहने वाला था। नारसन चैकी प्रभारी लक्ष्मण सिंह कुंवर ने बताया कि झबरेड़ा नारसन तिराहे पर अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मारी गई जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त आशु उर्फ अंग्रेज पुत्र रामपाल के रूप में हुई है मृतक के पिता रामपाल की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

### एनकेपी खानपुर की कामिनी ने पाया तीसरा स्थान

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। निर्वाचन विभाग की तरफ से राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कराई गई चित्रकला प्रतियोगिता में खानपुर स्थित नेशल कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा कामिनी ने राज्य स्तर पर तीसरा स्थान पाया है। सोमवार को कॉलेज प्रबंधन द्वारा परिसर में समारोह आयोजित कर छात्रा को सम्मानित किया गया। निर्वाचन विभाग ने 25 दिसंबर को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हर ब्लॉक में बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता कराई थी। नेशनल कन्या इंटर कॉलेज खानपुर के बच्चों ने भी इसमें प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता में नेशनल कन्या इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा कामिनी निवासी मोहनावाला ने ब्लॉक व जिले में पहला स्थान पाने के बाद अब राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उसे सरकार की तरफ से पुरस्कार में ढाई हजार की नकद राशि दी जाएगी।
सोमवार को कॉलेज प्रबंधन ने स्कूल के परिसर में एक समारोह आयोजित किया। समारोह में पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्रा कामिनी को बीईओ दिप्ती यादव व प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम गुप्ता ने सम्मानित किया।
समारोह में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी बलराम गुप्ता, उप प्रधानाचार्य सुरेशचन्द्र कवटियाल, सुलता देवी सिकदार, अंजुलि गुप्ता, सविता धारीवाल, मीनू यादव, विजय कुमार, अखिल कुमार, विशाल भाटी, ओमपाल सिंह आदि ने भी छात्रा का हौसला बढ़ाया।

# नहीं सुलझी प्रेमी युगल की मौत की गुत्थी, जांच में जुटी पुलिस

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। मोलना गांव में हुए डबल मर्डर के मामले में पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। झबरेड़ा पुलिस पोस्टमार्टम व डीएनए रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। हालांकि पुलिस इस मामले में तीन दर्जन से अधिक संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है, लेकिन पुलिस अभी तक हत्याकांड को लेकर उलझी हुई है। वही गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का पहरा 5वे दिन भी जारी रहा। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। 27 जनवरी को मोलना निवासी अंकित और शबाना लापता हो गए थे। बुधवार शाम जिस समय बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे तो एक कुत्ता गन्ने के खेत से मानव अंग लेकर गांव की ओर पहुंचा। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। बुधवार को ही युवती पक्ष के लोगों ने मानव अंग की पहचान शबाना के रूप में करते हुए गांव के ही अंकित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। गुरुवार को पुलिस ने मोलना के जंगल में कांबिंग करते हुए युवक का शव बरामद करने के साथ ही युवती का नर कंकाल बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अगले दिन युवक पक्ष ने भी युवती के पिता समेत कई लोगों पर मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की। गांव में हुए दोहरे हत्याकांड के खुलासे को लेकर पुलिस फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। इस मामले में पुलिस ने 3 दर्जन से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी कर चुकी है। इसके अलावा पुलिस ने घटनास्थल से मोबाइल डाटा सेल भी एकत्रित किया था। इस दौरान कई मोबाइल नंबर संदिग्ध प्रतीत हुए थे। पुलिस उठाए गए डाटा सेल के सहारे हत्यारों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस की अभी तक की तमाम भागदौड़ बेनतीजा साबित रही है। झबरेड़ा पुलिस अब पोस्टमार्टम व डीएनए रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। हालांकि अभी पुलिस हर पहलू को मद्देनजर रखते हुए जांच को आगे बढ़ाए हैं। अभी तक ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पुलिस जल्दबाजी में हत्याकांड का खुलासा करने के मूड में नहीं है और शायद यही वजह है कि पुलिस फूक-फूककर कदम रख रही है। सूत्रों का कहना है कि अभी तक हत्या या आत्महत्या की तस्वीर भी साफ नहीं हो पाई है। सूत्रों का कहना है कि इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। वही गन्ने के खेत से जो कंकाल मिला था वह युवती का है या किसी अन्य का इसका खुलासा भी डीएनए रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। अभी पुलिस के लिए तक डबल मर्डर अनसुलझी पहेली ही बना है। झबरेड़ा थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार का कहना है कि हर पहलू को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच की जा रही है। कुछ संदिग्धों को हिरासत मे लिया गया था जिनसे घटना के संबंध में पूछताछ की गई थी उनका कहना है कि पोस्टमार्टम व डीएनए रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या के कारणों की तस्वीर साफ हो पाएगी।

# सीधे आमजन से जुड़ेगी झबरेड़ा पुलिस

» मदरलैंड संवाददाता

झबरेड़ा। थाने में नई शुरूआत करते हुए थानाध्यक्ष ने व्हाट्सएप नंबर जारी किया है। इससे पीड़ित अपनी शिकायत व्हाट्सएप के माध्यम से थानाध्यक्ष तक पहुंचा सकता है। पीड़ित की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस पीड़ित को इंसाफ दिलाने का कार्य करेगी। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश से झबरेड़ा थाना गेट व झबरेड़ा इकबालपुर मार्ग पर थाने के 500 मीटर दोनों ओर बोर्ड लगवाए गए हैं। इन पर उनका अपना व्हाट्सएप नंबर 9634288782 प्रकाशित किया है। आम जनता व पीड़ित 24 घंटे उनसे संपर्क कर सकता है। थाने के बाहर एक पुलिस शिकायत पेटीका भी लगाई गई है। इसमें पीड़ित अपनी शिकायत लिख कर डाल सकता है। यह पेटीका प्रतिदिन खोली जाएगी और पीड़ित की समस्या का निदान त्वरित किया जाएगा। बताया कि शिकायतकर्ता अपनी शिकायत उनके व्हाट्सएप नंबर पर भी भेज सकता है। पीड़ित की शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस मौके पर पहुंचेगी और पीड़ित की समस्या का निदान किया जाएगा। इस पहल से शिकायतकर्ता व आमजन सीधा थानाध्यक्ष से जुड़ जाएंगे और अपराध संबंधी जानकारी तुरंत पुलिस को दे सकेंगे।

# किसानों के समर्थन में उत्तराखंड में की जायेगी महापंचायतः भड़ाना

» मदरलैंड संवाददाता

मंगलौर। मुजफ्फरनगर से भाजपा विधायक अवतार सिंह भड़ाना ने कहा है कि केंद्र सरकार किसानों को उनका अधिकार नहीं दे पा रही है। देश के अन्नदाता के साथ लगातार ज्यादती की जा रही है। जिसका वह लगातार विरोध कर रहे हैं। उन्होंने अपने पद से त्याग पत्र भी दिया है, लेकिन उसे मंजूर नहीं किया गया है। कहा है कि उत्तराखंड में आई आपदा से वह दुखी है तथा आपदा पीड़ितों की मदद के लिए वह उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे हैं। साथ ही कहा कि समाज के लोगों के साथ विचार विमर्श करने पर किसानों के आंदोलन को मजबूती प्रदान करने के लिए एक महापंचायत का आयोजन उत्तराखंड में भी किया जायेगा। भाजपा विधायक अवतार सिंह भड़ाना ने पत्रकार वार्ता में कहा कि केंद्र सरकार किसानों का उत्पीड़न कर रही है। उन्होंने भाजपा में हमेशा पूरी निष्ठा लगन के साथ कार्य किया है यहां तक कहा कि रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा व खानपुर विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन की जीत में भी उनका बड़ा योगदान है। कहा कि जिस तरह किसान दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलन कर रहे हैं तथा उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है वह निंदनीय है। किसानों की समस्याओं व उनकी परेशानियों से आहत होकर उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया है, लेकिन उनके त्यागपत्र को मंजूर नहीं किया है। प्रदेश में आई आपदा से वह दुखी हैं। उन्होंने लगातार उत्तराखंड में अपने समाज के लोगों से आपदा प्रभावित लोगों की मदद की अपील की थी। प्रभावित लोगों की मदद के लिए ही उन्होंने उत्तराखंड दौरे का निर्णय लिया है। एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि वह किसी पार्टी या राजनीतिक दल की हैसियत से नहीं बल्कि एक किसान व एक देश के नागरिक होने के नाते यहां आए हैं। कहा कि किसान आंदोलन को लेकर वह बहुत गंभीर है जिस प्रकार से आंदोलन के चलते सैकड़ों किसानों की मौत हुई है उससे उन्हें निजी दुख पहुंचा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सरकार को किसानों की बात माननी चाहिए तथा देश के अन्नदाता को किसी भी सूरत में मायूस नहीं किया जाना चाहिए। बताया कि समाज के लोगों से वार्ता करने के बाद किसान आंदोलन को मजबूत करने के लिए एक महापंचायत का आयोजन उत्तराखंड में भी किया जाएगा। ताकि किसानों को यह एहसास नहीं हो कि वह अकेले आंदोलन कर रहे हैं। इस दौरान चेयरमैन अशोक चैधरी, देवेंद्र चैधरी, वीरेंद्र सिंह, अमित कुमार, सोनू मावी, हरेंद्र सिंह, राजपाल, राकेश कुमार, संदीप मौजूद रहे।

# शोरूम में चोरी का खुलासा, फरार ईनामी गिरफ्तार

» मदरलैंड संवाददाता

हरिद्वार। एपल शोरूम में लाखों रुपये के मोबाइल चोरी की घटना में तीन साल से फरार चल रहे 5 हजार के इनामी आरोपित को ज्वालापुर पुलिस व सीआइयू की टीम ने बिहार में नेपाल बॉर्डर इलाके से गिरफ्तार कर लिया। ट्रांजिट रिमांड पर आरोपित को हरिद्वार लाया गया। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। मध्य हरिद्वार में गोविदपुरी कॉलोनी के बाहर एपल कंपनी के शोरूम में 28 जनवरी 2018 को चोरों की टोली ने शटर की एंगल काटकर लाखों रुपये की नकदी, महंगे मोबाइल व कंप्यूटर एसेसीरीज चोरी कर ली थी। पुलिस की एक टीम ने चंपारण बिहार से तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर घटना का पदार्फाश कर लिया था। लेकिन, बाकी आरोपित फरार चले आ रहे थे। उनकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया था। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी के नेतृत्व में पुलिस व सीआइयू हरिद्वार की एक संयुक्त टीम का गठन कर इनामी आरोपितों की धरपकड़ के लिए जाल बिछाया गया। काफी मशक्कत के बाद पांच हजार का इनामी रिजवान निवासी रक्सौल, पूर्वी चंपारण बिहार पुलिस टीम के हाथ आ गया। चंपारण कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड लेकर आरोपित को पुलिस टीम हरिद्वार लेकर पहुंची। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि बिहार के जिला पूर्वी चंपारण में आरोपितों का गांव नेपाल सीमा पर पड़ता है। पुलिस से बचने के लिए अक्सर आरोपित नेपाल भाग जाते हैं। कई बार प्रयास के बाद इनामी हाथ आया है। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। बाकी आरोपितों की तलाश भी की जा रही है।

# 4 को पेशवाई निकालेगा जूना अखाड़ाः श्री महंत


» मदरलैंड संवाददाता

हरिद्वार। जूना अखाड़े और उसके दो सहयोगी आह्वान और अग्नि अखाड़ा ने धर्म ध्वजा की स्थापना, नगर प्रवेश और पेशवाई की तिथियों की घोषणा कर दी है। संरक्षक श्रीमहंत हरिगिरि महाराज ने बताया कि 3 मार्च को जूना अखाड़ा परिसर स्थित तीनों अखाड़ों जूना, आह्वान और अग्नि की दत्तात्रेय चरणपादुका के निकट शाम चार बजे धर्मध्वजा स्थापित की जाएगी। 4 मार्च पूर्वाह्न 11 बजे जूना और अग्नि अखाड़े की पेशवाई जुलूस कांगड़ी गांव में श्री प्रेमगिरि आश्रम से शुरू होगा। जो निर्धारित पेशवाई मार्ग से होते हुए जूना अखाड़े की छावनी में प्रवेश करेगा। पांच मार्च को आह्वान अखाड़े की पेशवाई होगी जो श्रीमहंत प्रेमगिरी आश्रम कांगड़ी से पूर्व निर्धारित पेशवाई मार्ग से होते हुए जूना अखाड़े में छावनी में प्रवेश करेगी। तिथियों की घोषणा के बाद तीनों अखाड़ों के पदाधिकारी अपर मेलाधिकारी हरबीर सिंह के साथ पेशवाई मार्ग का निरीक्षण करने कांगड़ी गांव पहुंचे। पेशवाई मार्ग ग्राम कांगड़ी से प्रारंभ होकर चंडी चैक दुखहरण हनुमान मंदिर बिरला घाट, वाल्मीकि चैक, ललतारौ पुल, दत्तात्रेय चैक होते श्रीआंनद भैरव घाट सेवा सदन मार्ग से होते हुए जूना अखाड़े की छावनी तक निर्धारित किया गया है। प्रतिनिधिमंडल ने पुराने पेशवाई मार्ग पर भी विचार किया। पुराने पेशवाई मार्ग पर फ्लाईओवर, हाईवे बनने से पेशवाई जुलूस निकालने में कुछ अड़चनें आ रही है, इसलिए पेशवाई मार्ग का फाइनल रूट तय नहीं किया गया है। श्रीमहंत हरिगिरि महाराज ने बताया पेशवाई मार्ग के लिए अभी दोनों विकल्प रखे गए हैं। शीघ्र ही कोई एक रूट मेला प्रशासन और अखाड़ों की आपसी सहमति से तय किया जाएगा। उन्होंने बताया मुगल शासन काल से ही पांडेवाला ज्वालापुर से अखाड़ों की पेशवाई निकाली जाती रही है। यह व्यवस्था औरंगजेब के शासनकाल में शुरू हुई थी, तब जारी शाही फरमान के अनुसार पांडेवाला में साधुओं की जमातों के रहने, खाने-पीने और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था मुस्लिम तीर्थ पिरान कलियर के इमाम और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से की जाती थी, लेकिन वर्तमान में यह व्यवस्था लगभग समाप्त हो गई है। अब सारी व्यवस्थाएं अखाड़ों की ओर से निजी स्तर पर की जाती हैं। जूना अखाड़े में आह्वान अखाड़े के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमहंत सत्य गिरि, मंत्री श्रीमहंत राजेश गिरि, श्रीमहंत राजेंद्र भारती, अग्नि अखाड़े के ब्रह्मचारी साधनानंद, जूना अखाड़े के सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज, उपाध्यक्ष श्रीमहंत विद्यानंद सरस्वती, सचिव श्रीमहंत मोहन भारती, श्रीमहंत महेशपुरी, श्रीमहंत शैलेंद्र गिरि, श्रीमहंत पृथ्वी गिरी, श्रीमहंत पूरण गिरि, थानापति नीलकंठ गिरि ने विचार-विमर्श के बाद तिथियों की घोषणा की।

# कान्ता कपूर बनी इनर व्हील क्लब चेयरमैन

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। इनर व्हील क्लब स्पार्कल्स ने होटल में कार्यक्रम कर ड्रिस्ट्रिक चेयरमैन कान्ता कपूर का स्वागत किया। इस दौरान जोनल काउंसलर पीडीसी शशि कीर भी उपस्थित रही। संचालन सीमा भाटिया और गीता गर्ग ने किया। क्लब अध्यक्षा अंजू गौड़ ने चेयरमैन को क्लब के कार्यों की जानकारी दी तथा भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा बताई। सचिव नीलम मदौक ने पूरे वर्ष हुए कार्यो की जानाकरी दी। क्लब कोषाध्यक्ष शूबी मसूद ने हिसाब किताब का ब्योरा दिया। कार्यक्रम में कुछ जरूरतमंदों को एक बच्चे की फीस तथा कंबल दिए गए। इस दौरान सीमा जैन, शिल्पा त्यागी, निशा, तरनजीत, तन्वी हरजीत, महिमा, आरती, रीमा, साक्षी, स्तुति, सुनिती, पूनम आदि मौजूद रहे। क्लब में इशिता, लक्ष्मी, साधना, कुमुद को नया सदस्य बनाया गया।



# भाजपा छोड़ कांग्रेस के हुए उदय सिंह

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। भाजपा नेता उदय सिंह पुंडीर ने सोमवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस पीसीसी सदस्य ठाकुर उदय सिंह पुंडीर ने उन्हे अपने आवास पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। पीसीसी सदस्य ठाकुर उदय सिंह पुंडीर ने कहा कि उनके नाम राशि के ही उदय सिंह पुंडीर की विचारधारा भी उनकी विचारधारा से मेल खाती है। भाजपा और मोदी सरकार जिस तरह से आज हर वर्ग को महंगाई का करंट देने, युवाओ को बेरोजगारी की तरफ धकेलने में लगी है, उससे देश का हर वर्ग त्रस्त है। कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 7 महिने से पैट्रोल, डीजल के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर रखी है। सोमवार को फिर से पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ा दिए गए। कहा कि आम आदमी, किसान और छोटे कारोबारी लॉक डाउन और कोरोना काल में पहले ही टूट चुके हैं, सरकार उनको आर्थिक तौर पर मदद करने के बजाय लगातार महंगाई का करंट देने में लगी है। साफ है कि सबका साथ, सबका विकास की बात करने वाली मोदी सरकार अड़ानी, अम्बानी को छोड़ बाकी सबको भूखों मारने में लगी है। महंगाई से गरीब की रोटी पर असर पड़ रहा है। ऊपर से सरकार ने काले कृषि कानून लाकर किसान, मजदूर, मंडी आढ़तियों पर चोट कर दी है, जिसे लेकर पिछले 3 माह से किसान दिल्ली के बॉर्डरो पर बैठा है और सरकार इसे खालिस्तानी, पाकिस्तानी और चीन का आंदोलन बताकर किसानों को बदनाम करने में लगी है। किसान आंदोलन को तोड़ने के लिए झूठे मुकदमें कराने में लगी है। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वाले उदय सिंह पुंडीर ने कहा कि भाजपा और मोदी सरकार आज देश और लोगों को आपस में बांट रही है।




# शेखपुरी सभासद चला रही पर्यावरण बचाओ को अभियान

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। शेखपुरी वार्ड की पार्षद ने प्लास्टिक का प्रयोग को कम करने तथा पर्यावरण को बचाने के लिए नई मुहिम शुरू की है। उन्होंने प्लास्टिक लाओ, पौधा ले जाओ मुहिम के तहत वार्ड में पौधे दिए। नगर निगम अधिकारियों ने प्लॉस्टिक लाओ इनाम पाओ इनामी योजना शुरू की है। शेखपुरी की पार्षद मीनाक्ष तोमर ने अपने वार्ड में मुहिम की शुरूआत की है। बताया कि वह अपने वार्ड के लोगों से प्लॉस्टिक लेकर बदले में पौधा देंगी। उन्होंने बताया कि सोमवार को उन्होंने 10 लोगों से प्लॉस्टिक लेकर पौधे दिए। नगर निगम की टीम ने ऐसे लोगों को मास्क देकर सम्मानित किया। टीम में सफाई निरीक्षक मृदुल और अमित कुमार मौजूद रहे। इस दौरान संजीव तोतर, सचिन बड़ाकोटी, लक्ष्मीचंद्र, कर्णपाल, अशोक सैनी, नीरज शर्मा, अभिषेक, दिनेश तायल, उषा शर्मा, छवि वर्मा, तारा शर्मा, लता शर्मा, सीमा सक्सेना, कुशमतला, दुर्गेश रावत, अजय मिश्रा मौजूद रहे।

# वित्त मंत्रालय सरकारी क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों को 3000 करोड़ रुपए देगा

**नई दिल्ली ।** वित्त मंत्रालय सरकारी क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों को 3000 करोड़ रुपए की राशि देगा ताकि उनकी माली हालत में सुधार हो सके। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले साल सार्वजनिक बीमा कंपनियों नेशनल इंश्योरेंस, ओरिएंटल इंश्योरेंस और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस को पूंजीगत सहायता देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। मंत्रिमंडल ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की अधिकृत पूंजी बढ़ाकर 7500 करोड़ रुपए करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी थी। इसके साथ ही यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड दोनों की अधिकृत पूंजी भी बढ़ा कर 5000-5000 करोड़ रुपए करने का निर्णय किया गया था। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में छह लाख 28 हजार करोड़ रुपए के सकल अतिरिक्त खर्च के लिए अनुदान मांगों की दूसरी और आखिरी सूची प्रस्तुत की। इसमें 3000 करोड़ रुपए इन बीमा बीमा कंपनियों के पुनर्पूंजीकरण के लिए है। कंपनियों को यह पैसा अनुपूरक अनुदान मांगों को संसद वर्तमान सत्र में पारित किए जाने के बाद मिलेगा। यह सत्र मध्य अवकाश के बाद 8 मार्च को शुरू होने वाला है।

## एशियाई बाजार में मजबूत कारोबार

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों से अच्छे संकेत मिल रहे हैं। एशियाई बाजारों में तेजी देखने को मिल रही है। एसजीएक्स निफटी 45 अंक ऊपर दिख रहा है। वहीं निक्केई करीब 1.2 फीसदी तेजी के साथ 29,870 के आसपास दिख रहा है। स्ट्रेट टाइम्स में भी 0.58 फीसदी की तेजी नजर आ रही है। वहीं कोस्पी में 1.71 फीसदी की मजबूती दिख रही है। हालांकि शंघाई कम्पोजिट सोमवार को बंद है।

# आरबीआई निदेशकों की बजट के बाद बैठक को संबोधित करेंगी वित्त मंत्री



**नई दिल्ली ।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की बजट के बाद पहली बैठक को मंगलवार को संबोधित करेंगी। जानकारी के अनुसार यह बैठक पहली बार वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से होगी। वह केंद्रीय बैंक के निदेशकों को बजट की मूल भावना, मुख्य दिशा और राजकोषीय स्थिति मजबूत करने की योजनाओं की जानकारी दे सकती हैं। सीतारमण ने पहली फरवरी को प्रस्तुत 2021-22 के बजट में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। इस घाटे को मार्च 2026 में समाप्त वित्त वर्ष तक 4.5 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य है। कोविड-19 महामारी से प्रभावित चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 9.5 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। बजट में अगले वित्त वर्ष के दौरान 12 लाख करोड़ रुपए का बाजार से कर्ज जुटाने का लक्ष्य रखा है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास कह चुके हैं कि केंद्रीय बैंक घरेलू बाजार से कर्ज जुटाने के सरकार के कार्यक्रम को संभालेगा। बजट में अगले साल बाजार मूल्य पर जीडीपी की वृद्धि दर 14.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सीतारमण ने राजस्व में अगले साल 16.7 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है। वर्ष के दौरान जीडीपी की वास्तविक वृद्धि दर 10-10.5 प्रतिशत के दायरे में रहने का अनुमान है।

वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए अगले वित्त वर्ष में पूंजीगत खर्च को वर्तमान वर्ष के संशोधित 4.2 लाख करोड़ रुपए से बढ़ा कर 5.54 लाख करोड़ रुपए करने का लक्ष्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### आईएएन की 2021 में स्टार्टअप में 100 करोड़ निवेश की योजना

नई दिल्ली । वेंचर कैपिटल समूह इंडियन एंजल नेटवर्क (आईएएन) की वर्ष 2021 में विभिन्न श्रेणियों की स्टार्टअप कंपनियों में 100 करोड़ रुपए से निवेश की योजना है। समूह की सह-संस्थापक एवं संचालन समिति की एक सदस्य ने इसकी जानकारी दी। आईएएन के एक अधिकारी ने बताया कि समूह के सदस्य जैव प्रौद्योगिकी, संवर्धित वास्तविकता, विनिर्माण और पर्यावरण के क्षेत्र में अवसरों का मूल्यांकन करेंगे। हम निवेश करेंगे और निवेश वापस भी लेंगे। हम रिटर्न भी देंगे। मुझे लगता है कि हमने इस साल जो भी किया है, हम उससे बेहतर करेंगे। मुझे लगता है कि हम 100 करोड़ रुपए से ज्यादा निवेश करने वाले हैं। आईएएन ने अब तक फार आई, फैब एले, हंग्री जोन, स्टैक्यू जैसे स्टार्टअप में निवेश किया है। आईएएन ने निवेश की गई पूंजी में 15 गुना वृद्धि दर्ज करने के बाद 2020 में तीन-चार कंपनियों से निवेश को समेटा भी था।

### सेंसेक्स 500 अंक से अधिक निफ्टी 15,299 के पार

मुंबई । वैश्विक बाजारों की तेजी के बीच बैंकिंग व वित्तीय शेयरों में मजबूती आने से सोमवार को शुरूआती कारोबार में घरेलू शेयर बाजार नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गए। बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में 515.40 अंक की तेजी रही और यह 52,059.70 अंक पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एनएसई का निफ्टी भी 135.90 अंक की बढ़त के साथ 15,299.20 अंक पर चल रहा था। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक में सर्वाधिक करीब दो प्रतिशत की तेजी रही। इसके बाद एक्सिस बैंक, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, कोटक बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी तेजी में चल रहे थे। इनके विपरीत ओएनजीसी, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, सन फार्मा और टीसीएस के शेयर गिरावट में चल रहे थे। इससे पहले शुक्रवार को सेंसेक्स 12.78 अंक की बढ़त के साथ 51,544.30 अंक पर और निफ्टी 10 अंक फिसलकर 15,163.30 अंक पर बंद हुआ था।

### एशियाई बाजार में मजबूत कारोबार

मुंबई । वैश्विक बाजारों से अच्छे संकेत मिल रहे हैं। एशियाई बाजारों में तेजी देखने को मिल रही है। एसजीएक्स निफटी 45 अंक ऊपर दिख रहा है। वहीं निक्केई करीब 1.2 फीसदी तेजी के साथ 29,870 के आसपास दिख रहा है। स्ट्रेट टाइम्स में भी 0.58 फीसदी की तेजी नजर आ रही है। वहीं कोस्पी में 1.71 फीसदी की मजबूती दिख रही है। हालांकि शंघाई कम्पोजिट सोमवार को बंद है।

### रुपया 14 पैसे मजबूत होकर 72.61 डॉलर पर

मुंबई । घरेलू शेयर बाजारों में तेजी तथा सकारात्मक वृहद आर्थिक आंकड़ों के दम पर सोमवार को शुरूआती कारोबार में रुपया 14 पैसे की मजबूती के साथ 72.61 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 72.61 प्रति डॉलर पर खुला, जो पिछले दिवस के स्तर के मुकाबले 14 पैसे ऊपर है। शुक्रवार को रुपया 72.75 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर का सूचकांक 0.16 प्रतिशत गिरकर 90.33 पर आ गया। इस बीच घरेलू मोर्चे पर बीएसई का सेंसेक्स 488.89 अंक की बढ़त के साथ 52,033.19 अंक पर और एनएसई निफ्टी 128.85 अंक की मजबूती के साथ 15,292.15 अंक पर कारोबार कर रहा था।

### मोटो ई-7 पावर स्मार्टफोन को लांच कर सकती हैं मोटोरोला

नई दिल्ली । मोटोरोला अपने नए बजट स्मार्टफोन को लांच करने की तैयारी कर रही है। लीक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी भारत में मोटो ई-7 स्मार्टफोन लांच करेगी। दावा किया जा रहा है कि नए मोटोरोला स्मार्टफोन में 5000 एमएएच बैटरी दी जाएगी। इसके पहले आई एक लीक में भी इसकी जानकारी सामने आई थी। इसके अलावा दावा किया है कि मोटो ई7 पावर को मीडियाटेक हीलियो जी25 चिपसेट के साथ लांच किया जाएगा। फोन में मीडियाटेक हीलियो पी22 प्रोसेसर हो सकता है। फिलहाल डिवाइस की लांच डेट को लेकर कोई जानकारी नहीं है। मोटोरोला ई7 पावर को भारत में लांच करने से जुड़ी कोई जानकारी फिलहाल नहीं है। कंपनी आने वाले दिनों में इस बारे में घोषणा कर सकती है। पिछली कई लीक में मोटो ई7 पावर के स्पेसिफिकेशन्स लीक हुए हैं।

### पेट्रोल की कीमत 26 पैसे और डीजल की 31 पैसे तक बढ़ी

मुंबई । घरेलू बाजार में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने सोमवार को लगातार 7वें दिन पेट्रोल-डीजल के दाम में बढ़ोतरी कर दी है। दिल्ली में पेट्रोल 26 पैसे और डीजल 29 पैसे महंगा हो गया है। कल भी पेट्रोल और डीजल के दाम में 29 और 33 पैसे की बढ़ोतरी हुई थी। देश भर में सोमवार को पेट्रोल के दाम 24 से 26 पैसे तक और डीजल 28 पैसे से लेकर 31 पैसे तक बढ़े हैं। इसी तरह मुंबई में भी पेट्रोल और डीजल के दाम ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। दिल्ली में 15 फरवरी को पेट्रोल कल के भाव में 88.73 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 88.99 यानी 26 पैसे की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह डीजल कल के भाव 79.06 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 79.35 यानी 29 पैसे की छलांग लगा दी है।


# जनवरी 2021 में थोक मुद्रास्फीति की दर 2.03 फीसदी पर

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी कर दिए हैं। जनवरी 2021 में देश की थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 2.03 फीसदी पर आ गई। दिसंबर 2020 में यह 1.22 फीसदी पर थी। वहीं नवंबर 2020 में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 1.55 फीसदी पर थी। खुदरा मुद्रास्फीति की बात करें, तो यह जनवरी में नरम होकर 4.06 फीसदी पर आ गई। इसका मुख्य कारण सब्जियों की कीमतों में कमी आना है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति इससे एक माह पहले दिसंबर 2020 में 4.59 फीसदी थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार खाद्य वर्ग में कीमतों में सालाना आधार पर वृद्धि की दर जनवरी 2021 में 1.89 फीसदी रही। दिसंबर 2020 में खाद्य मुद्रास्फीति 3.41 फीसदी थी। रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति तय करते समय खुदरा मुद्रास्फीति की दर पर गौर करता है। संसद ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को दो फीसदी घट-बढ़ के साथ चार फीसदी रखने की नीतिगत जिम्मेदारी दी है। जनवरी में लगातार दूसरे महीने खुदरा मुद्रास्फीति इस दायरे में रही है। इक्रा की प्रधान अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति में व्यापक आधार पर नरमी से जनवरी 2021 में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति 16 महीने के निचले स्तर पर आ गई। फरवरी 2021 में अब तक खाद्य मुद्रास्फीति ने मिलाजुला रुख प्रदर्शित किया है। प्याज की कीमतों में तेजी तथा कच्चे तेल के बढ़ते दाम के चलते ईंधनों के खुदरा भाव में वृद्धि कुछ ऐसे चिंताजनक क्षेत्र हैं, जिनके ऊपर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। जनवरी 2021 में सब्जियों की कीमतों में और नरमी आई है।

## टीवीएस ने नेपाल में उतारा एनटॉर्क 125 सुपरस्क्वॉयड संस्करण


**नई दिल्ली ।** कंपनी ने सोमवार को कहा कि मार्वल के एवेंजर्स से प्रेरित एनटॉर्क 125 सुपरस्क्वॉयड संस्करण स्कूटर को नेपाल में लांच किया है। एक बयान में कहा कि नेपाल में इस संस्करण को पेश करने के लिए डिज्नी इंडिया के उपभोक्ता उत्पाद कारोबार से गठजोड़ किया है। सुपरसक्वॉयड संस्करण में तीन नई पेशकश इंविसिबल रेड, स्टील्थ ब्लैक और कॉम्बैट ब्लू होगी, जो क्रमशः आयरन मैन, ब्लैक पैंथर और कैप्टन अमेरिका से प्रेरित हैं। टीवीएस मोटर कंपनी के कार्यकारी उपाध्यक्ष आर दिलीप ने कहा कि हम नई पीढ़ी के अपने उपभोक्ताओं को प्रसन्न करने के लिए लगातार अपने आप को बेहतर बना रहे हैं।

# सोने और चांदी की चमक बढ़ी



**मुंबई ।** सोने और चांदी की कीमतों में बढ़त दर्ज की गई है। सोना करीब 118 रुपए की मामूली तेजी के साथ 47,436 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर खुला है। इससे पिछले सत्र में सोना 47,318 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। शुरूआती कारोबार में सोने में काफी उतार- चढ़ाव देखने को मिला और सोना अपने दायरे में ही चढ़ता-उतरता रहा। वहीं दूसरी ओर चांदी 183 रुपए की तेजी के साथ 69,117 रुपए प्रति किलो के स्तर पर खुली है, जो पिछले सत्र में 69,300 रुपए प्रति किलो के स्तर पर बंद हुई थी। सोने ने अगस्त के महीने में अपना सर्वकालिक उच्च स्तर छू लिया था। सोना 56,200 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर तक जा पहुंचा था। तब से अब तक सोना 9300 रुपए सस्ता हो चुका है। चांदी ने भी अगस्त में अपना उच्च स्तर छुआ था और वह 77,840 रुपए प्रति किलो के करीब जा पहुंची थी। तब से अब तक चांदी 9900 रुपए सस्ती हो चुकी है।

# स्नैपचैट के उपयोक्ताओं की संख्या भारत में छह करोड़ के पार



**नई दिल्ली ।** फोटो मैसेजिंग ऐप स्नैपचैट के उपयोक्ताओं की संख्या भारत में छह करोड़ को पार कर गई है। ऐप के दैनिक सक्रिय उपयोक्ताओं की संख्या में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई है। कंपनी के एक शीर्ष कार्यकारी ने इसकी जानकारी दी। स्नैप इंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य उत्पाद विकास, साझेदारी और ऑगमेंटेड रियलिटी एक्सपीरियंस के खंडों में वृद्धि की गति को बनाए रखना है। स्नैप इंक स्नैपचैट की मातृ कंपनी है। यह ऐप लोगों को तय समय के लिए दोस्तों के साथ तस्वीरें व वीडियो साझा करने की सुविधा देता है। वैश्विक स्तर पर स्नैपचैट के दिसंबर 2020 की तिमाही में 26.5 करोड़ दैनिक सक्रिय उपयोक्ता थे।

# 50 हजार डॉलर का नया रेकॉर्ड बना सकता है बिटकॉइन


**मुंबई ।** दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरंसी बिटकॉइन लंदन में 49,593 डॉलर के स्तर पर पहुंच गई। इस साल में ही बिटकॉइन ने 70 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है। वही बिटकॉइन की विरोधी क्रिप्टोकरंसी इथर ने भी शनिवार को रेकॉर्ड स्तर छू लिया था। अगर सिर्फ इस साल की ही बात करें तो इसमें लगभग 150 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है। हाल ही में दुनिया के सबसे रईस शख्स एलन मस्क की कंपनी टेस्ला की तरफ से बिटकॉइन में 1.5 अरब डॉलर के निवेश के बाद इसकी कीमत में और तेजी आई है। अभी



एक बिटकॉइन भारतीय करंसी में 36 लाख रुपए के करीब है। बिटकॉइन एक तरह की क्रिप्टोकरंसी है। क्रिप्टोह्व का मतलब होता है गुप्त। यह एक डिजिटल करंसी है, जो क्रिप्टोग्राफी के नियमों के आधार पर काम करती है। इसकी सबसे खास बात ये है डिजिटल होने की वजह से आप इसे छू नहीं सकते। बिटकॉइन की शुरूआत 2009 में हुई थी। बिटकॉइन की कीमत लगातार बढ़ रही है। बिटकॉइन विशेषज्ञ बताते हैं कि बिटकॉइन वर्चुअल कॉइन हैं, जो अपनी कीमत बनाने और बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इस तरह पैसों के लेन-देन के लिए आपकों बैंकों तक जाने की जरूरत नहीं है। अगर किसी भी व्यक्ति के पास बिटकॉइन है, तो इसकी कीमत और वैल्यू ठीक उसी तरह मानी जाएगी जैसे ईटीएफ में कारोबार करते समय सोने की कीमत मानी जाती है। इस बिटकॉइन से आप ऑनलाइन शॉपिंग भी कर सकते हैं और इसे निवेश के रूप में भी संभाल कर रख सकते हैं। गौरतलब है कि ये बिटकॉइन एक पर्सनल ई-वॉलेट से दूसरे पर्सनल ई-वॉलेट में ट्रांसफर भी किए जाते हैं। ये ई-वॉलेट्स आपका निजी डेटाबेस होते हैं, जिसे आप अपने कंप्यूटर, लैपटॉप, स्मार्टफोन, टैबलेट या किसी ई-क्लाउड पर स्टोर करते हैं।

# जनवरी में गैर-जीवन बीमा कंपनियों का प्रत्यक्ष प्रीमियम 6.7 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ।** गैर-जीवन बीमा कंपनियों का सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम संग्रह जनवरी में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 18,488.06 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बीमा नियामक इरडा के आंकड़ों में इसकी जानकारी मिली। भारतीय बीमा विनियामक प्राधिकरण (इरडा) के आंकड़ों के अनुसार सभी गैर-जीवन बीमा कंपनियों ने पिछले साल इसी महीने में 17,333.70 करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष प्रीमियम जमा किया था। आंकड़ों के अनुसार




25 सामान्य बीमा कंपनियों ने 2021 के पहले महीने में अपने सामूहिक प्रीमियम में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और यह 16,247.24 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो जनवरी 2020 में 14,663.40 करोड़ रुपए रहा था। हालांकि निजी क्षेत्र के पांच स्वास्थ्य बीमाकताओं के प्रीमियम अंडरराइटिंग में जनवरी में 1.34 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई और यह 1,510.20 करोड़ रुपए पर आ गया। जबकि एक साल पहले यह 1,530.70 करोड़ रुपए था। उल्लेखनीय है कि साल भर पहले निजी क्षेत्र की सात स्वास्थ्य बीमा कंपनियां थीं। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस द्वारा रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस पोर्टफोलियो के अधिग्रहण और एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस के साथ एचडीएफसी एर्गो हेल्थ इंश्योरेंस के विलय से गिनती पांच हो गई है।

# गैस कारोबार की अलग कंपनी बनाएगी ओएनजीसी

**नई दिल्ली ।** सरकारी क्षेत्र की कंपनी तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) गैस कारोबार के लिए एक अलग अनुषंगी कंपनी का गठन कर रही है। यह कंपनी उसकी (ओएनजीसी की) परियोजनाओं की गैस खरीद सकती है। ओएनजीसी के निदेशक मंडल ने नई कंपनी के गठन के प्रस्ताव को 13 फरवरी को मंजूरी दी। इसके शत प्रतिशत शेयर ओएनजीसी के पास होंगे। यह जानकारी कंपनी की तिमाही वित्तीय रिपोर्ट में दी गई है। यह कंपनी गैस, एलएनजी, बायोगैस, मीथेन जैसे ईंधनों की खरीद, विपणन एवं व्यापार करेगी। इस घटनाक्रम के जानने वाले लोगों ने कहा कि ओएनजीसी की यह अनुषंगी केजी बेसिन की उनकी केजी-डी5 जैसी परियोजनओं की गैस खरीदने के लिए भी बोली लगा सकती है। सरकार ने अक्टूबर 2020 के एक नीतिगत निर्णय के तहत गैस उत्पादकों से जुड़ी कंपनियों को उनसे खुली बोली के तहत गैस की खरीद की छूट दे दी है।

# एमएक्स प्लेयर लेकर आया इंटरैक्टिव शॉर्ट फिल्म 'द राइट क्लिक'

## दर्शकों को कहानी का मोड़ खुद से चुनने का मौका मिलेगा

**चंडीगढ़।** एक दर्शक के तौर पर क्या यह बहुत अच्छी बात नहीं होगी कि आप परदे पर किसको देखना चाहते हैं, उसका निर्णय आपका हो? जरा इस बात की कल्पना कीजिये कि आपकी पसंदीदा फिल्म का अंत चुनने का विकल्प आपको मिले, जिससे कि पूरी कहानी का स्वरूप बदल जाये? ऐसा असली में होने जा रहा है, एंटरटेनमेन्ट सुपर एप्प- एमएक्स प्लेयर, एएक्सई की प्रस्तुति वाली इंटरैक्टिव शॉर्ट फिल्म 'द राइट क्लिक' रिलीज करने जा रहा है। इसमें आपको कहानी का स्वरूप तय करने का मौका दिया जायेगा। यह दर्शकों के सामने कहानी कहने का नया अंदाज पेश करने वाला पहला देसी ओटीटी प्लेटफॉर्म बनने जा रहा है।




'द राइट क्लिक' कॉलेज जाने वाले दो स्टूडेंट्स की कहानी है। यह कहानी 2020 के न्यू नॉर्मल की पृष्ठभूमि पर बनी है।


यशस्विनी दयामा कहती हैं, मुझे इस इंटरैक्टिव फिल्म का हिस्सा बनने में बहुत मजा आया। यह दर्शकों को कहानी की दिशा तय करने का मौका दे रही है कि वह कहानी को क्या मोड़ देना पसंद करेंगे! साथ ही कॉलेज के दिनों के रोमांस की पुरानी यादों को ताजा करने के साथ-साथ कुछ नया शुरू करने का अनुभव हमेशा ही मुझे रोमांचित कर देता है। एक ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना, जोकि भविष्य में नये तरह के कंटेंट के लिये रास्ता तैयार करे, वाकई कमाल की बात है। प्रीत के साथ काम करना काम को और भी शानदार बना देता है, क्योंकि वो काफी अच्छे हैं।

इस फिल्म के बारे में बात करते हुए, प्रीत कमानी आगे अपनी बात रखते हुए कहते हैं, 'युवा दिलों का प्यार, ऑनलाइन क्लासेस और एक डिजिटल रोमांस, जैसे शब्द आज हम जिस तरह की जिंदगी जी रहे हैं, उसमें सुनने में बिलकुल सही लगते हैं।

'द राइट क्लिक' में दिखाया गया है कि अजय के सामने हर तरह की अनिश्चितताएं हैं, जोकि इस स्थिति के कारण पैदा हुई हैं। इससे यूजर्स खुद को किरदार की जगह रखकर अनुभव कर सकते हैं और उसके लिये निर्णय ले सकते हैं कि उसे आगे क्या करना चाहिये, आगे क्या बोलना चाहिये। यह ऐसी जगह है, जिसे हम ज्यादा से ज्यादा जानने के लिये अपनी पूरी जान लगा रहे हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शकों को काफी मजा आयेगा।

# भारत में जल्द लॉन्च होगा माइक्रोमैक्स का सस्ता 5जी स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** माइक्रोमैक्स के को-फाउंडर राहुल शर्मा ने कंफर्म किया है कि माइक्रोमैक्स जल्द 5जी-इनेबल्ड फोन, वायरलेस हेडफोन लॉन्च करने वाला है। इसकी घोषणा क्यू एंड ए वीडियो के माध्यम से की गई है। राहुल शर्मा ने बताया है कि कंपनी के बैंगलोर रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर की आर एंड डी टीम 5जी फोन के डेवलपमेंट पर बड़े पैमाने पर काम कर रही है। कंपनी के इंजीनियर भारत में होमग्रोन कंपनी माइक्रोमैक्स का पहला 5जी मोबाइल फोन लॉन्च करने की लगातार कोशिश करने में लगे हुए हैं। अगर ऐसा होता है तो माइक्रोमैक्स निश्चित रूप से मोटोरोला, शियोमी, रियलमी, वीवो, ओप्पो, सैमसंग जैसी कंपनियों की तुलना में सबसे सस्ता



5जी स्मार्टफोन बना देगी। हालांकि लॉन्च के लिए अभी तक कोई टाइमलाइन फिक्स नहीं किया है। शर्मा ने खुलासा किया है कि कंपनी स्मार्टफोन एक्सेसरीज को डेवलप करने पर काम कर रही है।

शर्मा ने ये भी हिंट दिया की कंपनी जल्द ही वायरलेस ईयरबड्स को लॉन्च कर सकती है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि इन ऑडियो प्रोडक्टस का डिजाइन यूनिक होगा और इन्हे पावर देने वाली टैक्नीक भी नई होगी। कंपनी ने हाल ही में नोट1 लॉन्च किया है, जिसकी शुरूआती कीमत 10,999 रुपये है।

# तीसरे दिन दूसरी पारी में इंग्लैंड के गिरे 3 विकेट, 482 रन का विशाल लक्ष्य

**नई दिल्ली।** मेजबान भारत और इंग्लैंड के बीच आइसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत चार मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। चेन्नई के चेपक स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच का सोमवार 15 फरवरी को तीसरा दिन है। तीसरे दिन 54/1 से आगे खेलते हुए भारत की दूसरी पारी 286 रन पर सिमटी। आर अश्विन ने दूसरी पारी में शानदार शतक बनाया और भारत ने इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 482 रन का विशाल लक्ष्य रखा। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 19 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 53 रन बनाए थे। जो रूट 2 रन जबकि लॉरेंस 19 रन बनाकर खेल रहे थे। इंग्लैंड की दूसरी पारी, सिब्ले - बर्न्स आउट भारत से मिले विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम को पहला झटका 9वें ओवर में लगा। अक्षर पटेल ने डॉम सिब्ले को 3 रन पर छइह कर वापस भेजा। आर अश्विन ने दूसरी पारी में रोरी बर्न्स को आउट कर विकटों का खाता खोला। 25 रन पर बल्लेबाजी कर रहे इस बल्लेबाज को अश्विन ने स्लिप में कप्तान विराट कोहली के हाथों कैच करवाया। नाइट वॉचमैन के तौर पर उतरे जैक लीज को अक्षर पटेल ने रोहित शर्मा के हाथों कैच कराकर वापस भेजा। भारत की दूसरी पारी, अश्विन का शतक तीसरे दिन भारत की दूसरी पारी 286 रन पर सिमटी और आर अश्विन सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 148 गेंद पर 14 चौके और 1 छक्के की मदद से 106 रन की पारी खेली।




दूसरी पारी में भारत को दूसरा झटका चेतेश्वर पुजारा के रूप में लगा जो 7 रन के स्कोर पर रन आउट हो गए। भारत को दिन का दूसरा और पारी का तीसरा विकेट रोहित शर्मा के रूप में गिरा जो जैक लीच की गेंद पर 26 रन बनाकर स्टंप आउट हो गए। भारत का चौथा विकेट रिषभ पंत के रूप में गिरा जो 8 रन बनाकर जैक लीच की गेंद पर बेन फोक्स के हाथों स्टंप आउट हुए। भारतीय टीम को पांचवां झटका उपकप्तान अजिंक्य रहाणे के रूप में लगा। रहाणे 10 रन बनाकर मोइन अली की गेंद पर ओली पोप के हाथों कैच आउट हुए। भारत को दूसरी पारी में छठा झटका अक्षर पटेल के रूप में लगा। अक्षर पटेल अपने डेब्यू टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 7 रन बनाकर मोइन अली की गेंद पर आउट हो गए। विराट कोहली ने स्पिनरों की मददगार पिच पर अर्धशतक जड़ा। आर अश्विन ने अपने करियर का 12वां अर्धशतक जड़ा। उन्होंने विराट कोहली के साथ अच्छी साझेदारी भी की। हालांकि, विराट कोहली 62 रन के कुल स्कोर पर मोइन अली की गेंद पर आउट हुए। मोइन अली ने कुलदीप यादव को छइह कर वापस भेजा तो लीच ने इशांत शर्मा को ओली स्टोन के हाथों कैच करवाया। भारत को आखिरी झटका अश्विन के रूप में लगा।

106 रन पर ओली स्टोन ने उनको बोल्ड किया। दो दिन के खेल के बाद भारतीय टीम ड्राइविंग सीट पर है और रोहित शर्मा और चेतेश्वर पुजारा चाहेंगे कि भारतीय टीम को विशाल बढ़त दिलाई जाए। भारत ने दूसरी पारी में 18 ओवर में 1 विकेट खोकर 54 रन बना लिए हैं। भारत के पास इस समय 249 रन की बढ़त है। मुकाबले की बात करें तो इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने अपनी पहली पारी में रोहित शर्मा के शतक और अजिंक्य रहाणे और रिषभ पंत के अर्धशतकों के दम पर 329 रन बनाए थे। इसके जवाब में पहली पारी में इंग्लैंड की टीम सिर्फ 134 रन बनाकर ढेर हो गई। मेहमान टीम के लिए बेन फोक्स ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। भारत की तरफ से आर अश्विन ने अपनी स्पिन गेंदबाजी से इंग्लैंड की कमर तोड़ी और पहली पारी में 5 विकेट लेकर मेहमानों को बैकफुट पर धकेल दिया। मैच का तीसरा दिन इस मुकाबले के नतीजे के लिए अहम है।

# युवराज के खिलाफ एफआईआर दर्ज




**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह को पिछले साल इंस्टाग्राम लाइव के दौरान दलितों के खिलाफ की गई कथित टिप्पणी भारी पड़ती दिख रही है। युवराज के खिलाफ हरियाणा के हिसार में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। यह प्राथमिकी दलित ह्यूमन राइट्स के संयोजक रजत कलसन की शिकायत पर दर्ज की गई है। उन्होंने पिछले साल दो जून को युवराज के खिलाफ एक शिकायत देकर मुकदमा दर्ज करने और गिरफ्तारी की मांग की थी। युवराज पर आरोप है कि सोशल मीडिया पर अपने साथी क्रिकेटरों से बातचीत के दौरान उन्होंने कथित रुप से दलित समाज को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की थी। एक रिपोर्ट के अनुसार युवराज के खिलाफ यह एफआईआर हिसार के हांसी शहर थाने में आठ महीनों पहले की एक शिकायत पर दर्ज हुई है। गौरतलब है कि लॉकडाउन में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के साथ इंस्टाग्राम चैट के दौरान युवराज ने आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। युवराज ने यहां युजवेंद्र चहल के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया था जिसको लेकर आपत्ति जतायी गयी है। उन्हें इस प्रकार की बयानबाजी पर सोशल मीडिया पर प्रशंसकों द्वारा आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा था जिसके लिए युवराज ने सार्वजनिक रुप से माफी भी मांगी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### थोर्प ने चेन्नई की पिच को कठिन करार दिया

चेन्नई। इंग्लैंड के सहायक कोच ग्राहम थोर्प ने पहली पारी में 134 रनों पर आउट होने के बाद यहां की पिच को बेहद कठिन बताया है। थोर्प ने कहा, "मैं यही कहूंगा कि यह बहुत ही चुनौतीपूर्ण पिच है। जहां तक पिच पर टिप्पणी करने की बात है तो मुझे लगता है कि मुझसे ऊपर ही कोई इस बारे में कुछ कहेगा।" थोर्प ने कहा, "दूसरे दिन इस पिच पर खेलना हमारे लिये बेहद कठिन था। भारतीय टीम का स्पिन आक्रमण बहुत ही शानदार रहा है। घरेलू हालातों में टॉस जीतकर खेलना उनके लिए अच्छा रहा है।" इससे पहले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन ने दूसरे टेस्ट के लिये चेपॉक की पिच की आलोचना की थी पर अब उन्होंने अपनी टीम के खिलाड़ियों की ही आलोचना की है। वहीं मैच में अंपायर के एक पफैसले पर विवाद को लेकर थोर्प ने कहा कि हमें अंपायर के फैसलों को मानना होगा और तकरीनक पर भी भरोसा करना होगा। थोर्प ने यह बात भारतीय बल्लेबाज रोहित शर्मा को रिव्यू में नाटऑउट करार दिये जाने पर की है।

### अश्विन ने हरभजन को पीछे छोड़ने के बाद माफी मांगी

चेन्नई। अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन देश में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। इससे पहले दूसरे नंबर पर दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह थे पर अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शानदार गेंदबाजी करते हुए भज्जी को पीछे छोड़ दिया। अश्विन ने बेन स्टोक्स को आउट करने के साथ ही हरभजन को पीछे छोड़ा जिनके नाम 28.76 के औसत से 265 विकेट हैं। घरेलू मैदान पर अश्विन ने 266 विकेट लिये हैं। अश्विन ने कहा, " जब मैंने 2001 श्रृंखला में हरभजन को खेलते देखा था तब मैंने यह सोचा थी नहीं था कि देश के लिए ऑफ स्पिनर के तौर पर खेलूंगा। मैं उस समय अपने राज्य के लिए खेल रहा था और बल्लेबाजी में अपना करियर बनाना चाहता था।" 76 टेस्ट में 25.26 के शानदार औसत से कुल 391 विकेट लेने वाले अश्विन ने कहा कि कि शुरूआती दौरे में टीम के उनके साथी खिलाड़ी हरभजन की तरह गेंदबाजी करने पर उनका मजाक उड़ाते थे। उन्होंने कहा," उस उम्र के मेरे साथी खिलाड़ी मेरा मजाक उड़ाया करते थे, क्योंकि मैं हरभजन भाई की तरह गेंदबाजी करता था। वैसे स्थिति से आने के बाद उनके रिकार्ड को तोड़ने के लिए आपको अविश्वसनीय रूप से विशेष होना चाहिए। मुझे इसके बारे में पता नहीं था, अब जब मुझे इसके बारे में पता है, तो मुझे खुशी हो रही है। माफ करें, भज्जू भाई।"

### कोमल पाल ने पैदल चाल में रजत और बजरंगी प्रजापति ने मध्य प्रदेश को दिलाया कांस्य पदक

भोपाल। रांची में 13-14 फरवरी, 2021 को आयोजित 8वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स पैदल चाल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश एथलेटिक्स अकादमी की खिलाड़ी कोमल पाल ने बालिका वर्ग अंडर-18 की 10 किलोमीटर पैदल चाल स्पर्धा में मध्यप्रदेश को रजत पदक दिलाया। कोमल ने यह पदक 55 मिनट 04 सेकण्ड का समय लेकर अर्जित किया। इसी तरह बालक वर्ग अंडर-20 में एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ी बजरंगी प्रजापति ने 10 किलो मीटर पैदल चाल 44 मिनट 16 सेकेण्ड के समय में पूरी कर मध्य प्रदेश को कांस्य पदक दिलाया। मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हमारे खिलाड़ी प्रदेश की खेल और युवा कल्याण मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया ने राष्ट्रीय पैदल चाल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने और पदक जीतकर मध्य प्रदेश का मान बढ़ाने वाले अकादमी के खिलाड़ी कोमल पाल और बजरंगी प्रजापति को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और पदक जीत कर मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। संचालक खेल और युवा कल्याण पवन जैन ने अकादमी के एथलीट कोमल पाल और बजरंगी प्रजापति के प्रदर्शन की सराहना की है। उक्त दोनों खिलाड़ियों ने अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक एस. के. प्रसाद और सहायक प्रशिक्षक गोविन्द जाट के मार्गदर्शन में भाग लेकर पदक अर्जित किए।

### पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में भारत को 23 पदक

दुबई। ऊंची कूद के युवा खिलाड़ी प्रवीण कुमार और निषाद ने अपने सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन से 12वीं फाजा अंतरराष्ट्रीय विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में एशियाई रिकार्ड कायम करने के साथ अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किये। प्रवीण और निषाद के स्वर्ण पदक से भारत ने प्रतियोगिता में अपने अभियान को 23 पदकों के साथ खत्म किया। थाईलैंड ने 34 जबकि तुर्की, कीनिया और भारत के नाम एक समान 23 पदक रहे। मेजबान संयुक्त अरब अमीरात के नाम 14 पदक रहे। प्रवीण ने पुरूषों के एफ 42/44/64 ऊंची कूद प्रतियोगिता में 2.05 मीटर की कूद लगाकर एशियाई रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने भारत के पूर्व एशियाई पैरा खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी शरद कुमार (1.76 मीटर) और हमादा हसन (1.76 मीटर) को पछाड़ दिया। दिन के आखिरी प्रतियोगता में 2019 में तोक्यो ओलंपिक का कोटा हासिल कर चुके निषाद ने 2.06 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ टी 46/47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया।

## ऋषभ से बेहतर प्रदर्शन चाहिये तो उनकी तुलना बंद करें: अश्विन

**चेन्नई।** अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को लेकर कहा है कि उनसे बेहतर प्रदर्शन चाहते हैं तो उनकी तुलना बंद कर दें। इसकी जगह उन्हें अपने अनुसार खेलने थे। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और वह उनका प्रदर्शन और भी बेहतर होता जाएगा। गौरतलब है कि ऋषभ की विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी की तुलना आमतौर पर पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी सहित कई दिग्गज खिलाड़ियों से की जाती है जिससे ऋषभ पर अनावश्यक दबाव बन जाता है। अश्विन ने ऋषभ की बल्लेबाजी की तुलना पूर्व कप्तानी धोनी जबकि विकेटकीपिंग की तुलना अनुभवी रिधिमान साहा से की जा रही है जो सही नहीं है। इस अनुभवी स्पिनर ने कहा है कि इस प्रकार की तुलनाओं को बंद करने की जरूरत होती है तभी खिलाड़ी का मनोबल बढ़ता है। अश्विन ने कहा कि ऋषभ लगातार अच्छी बल्लेबाजी करने के साथ ही विकेटकीपिंग पर भी काफी मेहनत कर रहे है। उन्होंने कहा, कई बार वर्षों तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी से आपकी तुलना की जाती है, यह आपके लिए काफी कठिन हो सकता है। मैं इस मामले में ऋषभ के बारे में सोचता हूं।ऋषभ के पास क्षमता है और इसलिए वह टीम में है और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं कि वह अपने प्रदर्शन में और सुधार करेंगे।इससे पहले स्वयं ऋषभ ने कहा था कि धोनी जैसे महान खिलाड़ी के साथ तुलना पर गर्व होता है पर वह अपनी अलग पहचान बनाना चाहते हैं।

## श्रीलंका का यह घातक गेंदबाज बनाना चाहता था पादरी

**नई दिल्ली।** 14 फरवरी का दिन क्रिकेट इतिहास के सबसे खास दिनों में से है। पिछले 18 सालों से हर साल ये दिन एक ऐसी उपलब्धि के लिए याद किया जाता है, जो क्रिकेट के लगभग डेढ़ सौ साल के इतिहास में न पहले कभी हुई थी और न अभी तक दोबारा किसी को नसीब हुई है। आज से 18 साल पहले 14 फरवरी 2003 को द.अफ्रीका के पीटरमैरिट्जबर्ग में दोपहर का वक्त एक करिश्मे का गवाह बना। उस स्टेडियम में पहली बार कोई अंतरराष्ट्रीय मैच होने जा रहा था और मौका था वर्ल्ड कप के मैच का। इतने बड़े टूनामेंट के लिए एक ऐसा स्टेडियम, जिसमें पहले कभी कोई मैच नहीं हुआ था। हैरानी जरूर हो सकती है, लेकिन इतिहास कहीं भी बन सकते हैं। 14 फरवरी 2003



को श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें आमने-सामने थीं। श्रीलंका के कप्तान सनथ जयसूर्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और पहले ओवर में ही उनका फैसला सही हो गया। श्रीलंका के हाथ में पहले ही ओवर में मैच आ गया और इतिहास बन गया। श्रीलंका के महानतम तेज गेंदबाज चमिंडा वास ने मैच की पहली 3 गेंदों में ही हैट्रिक जमा दी। वास ने हन्नान सरकार, मोहम्मद अशरफुल और एहसानुल हक को खाता खोले बिना पवेलियन लौटा दिया। क्रिकेट इतिहास में आजतक ऐसा कारनामा उससे पहले कभी नहीं हुआ था। क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट में पहले ही ओवर की पहली 3 गेंदों में हैट्रिक का कमाल आज तक नहीं हो पाया है। चमिंडा वास यहीं नहीं रुके, उन्होंने इस ओवर की पांचवीं गेंद पर चौथा विकेट भी झटक लिया। मैच में उन्होंने 9.1 ओवरों में 25 रन देकर 6 विकेट अपने नाम किए। इसके साथ ही वह उन चुनिंदा गेंदबाजों में शामिल हो गए, जिनके नाम वनडे क्रिकेट में 2 हैट्रिक हैं। 8 दिसंबर 2001 को कोलंबो में वास ने जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच की पहली ही गेंद पर विकेट झटककर एक के बाद एक लगातार 8 ओवर गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 19 रन देकर 8 विकेट अपने नाम कर डाले। इसमें से एक हैट्रिक भी शामिल थी। वनडे क्रिकेट के इतिहास में ये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हालांकि, अगर वास के बचपन का सपना पूरा हो जाता, तब वहां कभी भी ये करिश्मे नहीं कर पाते। वास श्रीलंका के एक कैथलिक परिवार में पैदा हुए थे। क्रिकेट में खुद को समर्पित करने से पहले वास के बचपन का सपना चर्च का पादरी बनने का था। एक इंटरव्यू में वास ने बताया भी था कि वह पादरी बनने को लेकर काफी गंभीर थे, लेकिन उसके लिए 12 से 14 साल तक की कड़ी पढ़ाई जरूरी थी और इस सबके बीच क्रिकेट का जादू उन पर चलने लगा।

## आईपीएल 2021 में हरभजन सिंह पर मेहरबान हो सकती हैं तीन फ्रेंचाइजी

**नई दिल्ली।** लंबे समय से टीम इंडिया से बाहर चल रहे अनुभवी स्पिन गेंदबाज हरभजन सिंह आईपीएल 2021 के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। 18 फरवरी को आईपीएल के 14वें सीजन की नीलामी होगी। खबरों के मुताबिक, इस नीलामी में हरभजन सिंह पर ये तीन फ्रेंचाइजी मेहरबान हो सकती हैं। दरअसल, इस साल की नीलामी में हरभजन सिंह का खुद का बेस प्राइस दो करोड़ रुपये रखा है। पांच बार की आईपीएल चैंपियंस मुंबई इंडियंस मुंबई इंडियंस नीलामी में हरभजन सिंह को अपने साथ जोड़ सकती है। इस टीम से भज्जी का पुराना नाता है। हरभजन सिंह 2008



से लेकर 2017 तक आईपीएल में मुंबई का हिस्सा रहे हैं।दूसरी फ्रैंचाइजी, जो हरभजन की तिजोरी भर सकती है, वहां किंग्स इलेवन पंजाब है। पंजाब में अनुभवी स्पिन गेंदबाज की दरकार है। पंजाब में रवि विश्नोई (एक सीजन) और मुरुगन अश्विन (31 मैच) दो स्पिन गेंदबाज हैं, जो पिछले सीजन में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। ऐसे में हरभजन सिंह के आने से स्पिन विभाग में मजबूती मिलेगी। बता दें कि हरभजन पंजाब के लिए घरेलू क्रिकेट खेले हैं। कोलकाता नाइटराइडर्स भी नीलामी में हरभजनपर बड़ा दांव खेल सकती है। कोलकाता को अनुभवि स्पिन गेंदबाज की जरूरत है। हालांकि, टीम में चाइनामैन कुलदीप यादव के अलाना वरुण चक्रवर्ती हैं। यादव पिछले सीजन में प्लॉफ रहे थे जबकि चक्रवर्ती ने अपनी गेंदबाजी से कमाल का प्रदर्शन किया था। हरभजन पर दांव खेलकर नाइटराइडर्स अपने स्पिन विभाग को और मजबूत करना चाहेगी। बता दें कि पिछले सीजन में भज्जी चेन्नई सुपरकिंग्स का हिस्सा थे, लेकिन उन्होंने किसी वजह से खेलने से इनकार कर दिया था। वहीं, चेन्नई ने इस साल की नीलामी से पहले भज्जी सहित छह खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया था। बता दें कि आईपीएल 2021 की नीलामी में 292

## इन्दौर फिर अंतर्राष्ट्रीय टेनिस टूनार्मेंट के लिए तैयार

- **कई देशों के खिलाड़ी लेंगे भाग, जूनियर खिलाड़ी दिखाएंगे जौहर**
- **इंटरनेशनल वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर आईटीएफ ग्रेड-5 टेनिस चैंपियनशिप 22 फरवरी से**

**इन्दौर।** कोरोना काल के बाद देश में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय टेनिस शुरू हो गया है। शहर में कई राष्ट्रीय व स्थानीय स्तर की स्पधाएं हो रही है। अब एक बार फिर शहर में अंतर्राष्ट्रीय टेनिस देखने को मिलेगा।

मध्यप्रदेश टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित एवं यलो डायमंड द्वारा प्रायोजित 'इंटरनेशनल वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर आईटीएफ ग्रेड-5 टेनिस चैंपियनशिप' का भव्य आयोजन 22 फरवरी से 27 फरवरी तक किया जा रहा है। भारतीय टेनिस संघ व मध्यप्रदेश टेनिस संघ के महासचिव अनिल धूपर ने बताया कि देश में अंतर्राष्ट्रीय टूनार्मेंट शुरू हो गए है और इन्दौर में भी एक बार फिर देश-विदेश के खिलाड़ी इन्दौर टेनिस क्लब पर अपना जौहर दिखाए हुए नजर आएंगे। यह स्पर्धा का लगातार 13वां वर्ष है।

जूनियर स्तर की इस अहम स्पर्धा के मुख्य दौर के मुकाबले 22 फरवरी से शुरू होंगे। उसके पहले 20 व 21 फरवरी को क्वालीफाइंग दौर के मुकाबले खेले जाएंगे। स्पर्धा में अब तक कई देशों की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी है। कई नामी जूनियर भारतीय खिलाड़ी भी इस स्पर्धा में अपना परचम फरराएंगें। मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों के लिए भी यह टूनार्मेंट काफी अहम होगा। 18 वर्ष बालक व बालिका वर्ग में होने वाले इस टूनार्मेंट में एकल व युगल मुकाबले खेले जाएंगे। धूपर ने बताया कि टूनार्मेंट में कोविड-19 की गाइड लाइन का पूरा पालन किया जाएगा। देश-विदेश के जो भी खिलाड़ी आएंगे उनसे कोरोना की जांच रिपोर्ट ली जाएगी। साथ ही खिलाड़ियों के हर बार प्रवेश पर थर्मल स्क्रीनिंग, सेनिटाइजेशन व मास्क अनिवार्य रहेगा। साथ ही खिलाडिों को सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही शहर में दो और अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के टूनार्मेंट भी शहर में होंगे।

## फिलिप आईलैंड ट्रॉफी के दूसरे दौर में पहुंची अंकिता

**मेलबर्न।** भारत की महिला टेनिस स्टार अंकिता रैना फिलिप आईलैंड ट्रॉफी के दूसरे दौर में पहुंच गयी हैं।

अंकिता ने पहले दौर में एलिसबेट्टा कोकिएरेटो को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराया। अंकिता ने फिलिप आईलैंड ट्रॉफी के इस मैच के पहले सेट मे पिछडे के बाद शानदार वापसी करते हुए 5-7 6-1 6-2 से जीत हासिल की है। दो घंटे 11 मिनट तक चले इस



मुकाबले में जीत के साथ ही अंकिता की रैंकिंग भी बेहतर हुई है। वह 181 वें स्थान से 156वें रैंकिंग पर पहुंच गयी हैं। इससे पहले अंकिता डब्ल्यूटीए टूर पर यारा वैली क्लासिक और थाईलैंड ओपन में हार गयी थीं। अंकिता ने जीत के बाद कहा कि यहां हालात काफी कठिन थे पर। तेज हवा के कारण खेलना कठिन हो रहा था। मेरी शुरूआत अच्छी रही जिसका मुझे लाभ मिला।

## नीलामी में इन युवा और अनुभवी खिलाड़ियों पर दांव लगा सकती हैं केकेआर

**मुंबई।** आईपीएल 2021 का ऑक्शन 18 फरवरी को आयोजित होना है। हर बार की तरह इस बार फिर केकेआर की टीम ऑक्शन में उन खिलाड़ियों को खरीदने की कोशिश करेगी जो लंबे समय तक टीम के साथ जुड़े रहे। केकेआर ने 7 खिलाड़ियों को रिलीज किया है। कोलकाता के पास पर्स में 10.75 करोड़ रुपए हैं। देखना होगा कि केकेआर की टीम किन-किन खिलाड़ियों को खरीदने की कोशिश करती है। वैसे केकेआर बेहतरीन ओपनर को टीम के साथ जोड़ना चाहेगी तब शुबमन गिल के साथ सफल ओपनिंग जोड़ी बना सके। केकेआर के पास शुबमन गिल के तौर पर एक बेहतरीन ओपनर हैं। लेकिन दूसरे ओपनर के लिए टीम को संघर्ष करना पड़ा है। पिछले सीजन में भी केकेआर को इस परेशानी से गुजरना पड़ा था। इसका कारण रहा कि पिछले सीजन में केकेआर ने टॉम बैंटन राहुल त्रिपाठी और नरेन को ओपनर के तौर पर बल्लेबाजी कराई थी लेकिन ओपनर के तौर पर यह उपयोग सफल नहीं हो पाया था। इसके बाद ऑक्शन में केकेआर एक बेहतरीन ओपनर की तलाश कर सकती है। इसके बाद केकेआर एरोन



फिंच या एविन लुईस पर बोली लगा सकती है। दोनों ही ओपनिंग कर सकते हैं। शुरूआत में तेजी से रन बनानें की काबिलियत भी रखते हैं। केकेआर की ऑक्शन में मध्यक्रम बल्लेबाज की भी तलाश कर सकती है। दिनेश कार्तिक, इयोन मॉर्गन और आंद्रे रसेल जैसे खिलाड़ी होने के बाद भी केकेआर का मध्यक्रम पिछले सीजन में फ्लॉप रहा था। इस बार के ऑक्शन में केकेआर जेम्स नीशम जैसे ऑलराउंडर को खरीदकर टीम में शामिल कर सकता है। वैसे केकेआर की टीम युवा खिलाड़ियों को खरीदने की कोशिश ज्यादा करती हैं। इसकारण उम्मीद हैं कि केरल के युवा सुपरस्टार मोहम्मद अजहरुद्दीन के लिए भी बोली लगा सकती है। मोहम्मद अजहरुद्दीन ने मुश्ताक अली ट्रॉफी में उन्होंने 194.54 की औसत से 214 रन बनाकर धुआंधार शतक भी जमाया था। वहीं केकेआर क्रिस मौरिस जैसे गेंदबाज को ऑक्शन में बोली लगाकर खरीदने की कोशिश कर सकता है। क्रिस ग्रीन का सही रिप्लेसमेंट क्रिस मॉरिस हो सकते हैं। मॉरिस गेंदबाजी के अलावा बल्लेबाजी भी कर सकते हैं टी-20 क्रिकेट में मॉरिस लोअर ऑर्डर में बल्ले से भी खतरनाक साबित हो सकते हैं। इतना ही नहीं केकेआर जेसन बेहरेनडॉर्फ और मिशेल मैक्लेनघन जैसे गेंदबाज पर भी बोली लगाने में पीछे नहीं रह सकता है। केकेआर की टीम स्पिनर्स को भी टीम में शामिल करने के लिए बोली लगा सकती है। अभी केकेआर के पास वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव और सुनील नरेन जैसे स्पिनर हैं जो काफी काफी साबित हो सकते हैं। लेकिन ऑक्शन में केकेआर अपने पुराने स्पिनर पीयूष चावला को फिर से वापस ला सकता है। बता दें कि सीएसके ने पीयूष चावला को रिलीज कर दिया है।



newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# बिपाशा की नजरों में रुबीना बिग बॉस 14 की मजबूत प्रतियोगी



बॉलीवुड अभिनेत्री बिपाशा बसु ने रुबीना दिलैक को बिग बॉस 14 की मजबूत प्रतियोगी बताया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर रुबीना की एक फोटो शेयर की है। शेयर फोटो के साथ उन्होंने लिखा कि 'हैशटैग बिगबॉस 14 देखा ! यह लड़की रुबीना दिलैक एक बहुत ही मजबूत लड़की है। उसे निश्चित रूप से जीतना चाहिए। उसे शुभकामनाएं।' यह पहली बार नहीं है जब बिपाशा ने बिग बॉस की किसी प्रतियोगी को चीयर किया है। पिछले साल वे अपनी दोस्त आरती सिंह को सपोर्ट करती नजर आईं थीं, जो विवादास्पद रियलिटी शो के 13 वें सीजन की प्रतियोगी थीं। बता दें कि शो बिग बॉस 14 में रुबीना, राखी सावंत, एली गोनी, निक्की तम्बोली, राहुल वैद्य और देवोलीना भट्टाचार्जी शामिल हैं।

# सोनू सूद 'जय हो' शो के पहले गेस्ट बने



बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद नए टेलीविजन टॉक शो जय-हो के पहले गेस्ट बने हैं। अभिनेता ने कहा कि शो के होस्ट जय कुमार उनके पुराने दोस्त हैं, और एक ऐसे शो का हिस्सा बनकर खुश हैं, जो लोगों को आध्यात्मिक रूप से मानवीय रूप से प्रेरित करता है। होस्ट जय कुमार ने कहा, 'यह शो दर्शकों को उनकी पसंदीदा हस्तियों के एक अलग पक्ष को देखने का मौका देने वाला है। इसमें हस्तियों से फीजिकल फीटनेस के अलावा आध्यात्मिक फीटनेस के बारे में भी सवाल किए जाएंगे। मुझे यकीन है कि सभी जवाब आडियंस को प्रेरित करेंगे।' शो के बारे में बात करते हुए, सोनू ने कहा, 'जय मेरा पुराना दोस्त है। मैं 'जय-हो !' पर उसका पहला मेहमान बनकर बहुत खुश हूं। मुझे यकीन है कि यह शो लाखों लोगों को सर्वश्रेष्ठ जीवन जीने के लिए प्रेरित करेगा।'

# सोनाक्षी बोली प्रकृति को किसी फिल्टर की जरूरत नहीं



हाल ही में अभिनेत्री सोनाक्षी ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में वे लाल सुर्ख फूलों के साथ दिन के उजाले में पोज देते हुए नजर आ रही हैं। इसके साथ सोनाक्षी ने लिखा, 'प्रकृति को किसी फिल्टर की जरूरत नहीं है, बल्कि वह खुद एक बढ़िया फिल्टर हो सकती है।' सोनाक्षी सिन्हा को लगता है कि प्रकृति खुद एक बेहतरीन फिल्टर हो सकती है और उन्होंने अपनी बात साबित करने के लिए एक तस्वीर भी शेयर की है। इस सप्ताह के शुरू में सोनाक्षी ने किसानों के विरोध को अपना समर्थन दिया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक कविता पोस्ट की थी, जिसे उन्होंने भोजन देने वाले हाथों को समर्पित किया था। इस कविता का शीर्षक 'क्यों' है।



# ऋषिकेश में शूटिंग के लिए उत्साहित हैं भूमि

## अगली फिल्म 'बधाई दो' का देहरादून शेड्यूल हुआ पूरा

मुंबई। बालीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ऋषिकेश में शूटिंग करने के लिए उत्साहित हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि यह पवित्र शहर हमेशा उनके लिए भाग्यशाली साबित हुआ है। भूमि अपनी अगली फिल्म 'बधाई दो' का देहरादून शेड्यूल पूरा करने के बाद अब ऋषिकेश जा रही हैं। बता दें कि 'बधाई हो' फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म 'बधाई दो' है। पहले पार्ट में आयुष्मान खुराना और सान्या मल्होत्रा थे, वहीं नई फिल्म में भूमि के साथ राजकुमार राव नजर आएंगे।

इस फिल्म का निर्देशन हर्षवर्धन कुलकर्णी कर रहे हैं। इसे सुमन अधिकारी और अक्षत घिल्डियाल ने लिखा है, उन्होंने ही इस फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म लिखी थी। भूमि ने आगे कहा, 'ऋषिकेश मेरे दिल में एक बहुत खास जगह रखता है और यह मेरे लिए अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली रहा है ! मैंने अपनी पहली फिल्म 'दम लगा के हईशा' के लिए इस खूबसूरत जगह पर शूटिंग की। इसके बाद 'शुभ मंगल सावधान' की शूटिंग की और दोनों बड़े पैमाने पर हिट हुईं। अब मैं 'बधाई दो' के लिए फिर से ऋषिकेश में शूटिंग करूंगी और मुझे यकीन है कि यह तीसरी बार मेरे लिए भाग्यशाली साबित होगा !' उन्होंने आगे कहा, 'मैं वास्तव में इस शहर में पहुंचने के लिए उत्साहित हूं, क्योंकि इसके साथ मेरी बहुत सारी यादें जुड़ी हुई हैं। मैं जब भी ऋषिकेश गई मुझे हमेशा वहां के लोगों से बहुत प्यार मिला है। मैं फिर से उनके गर्मजोशी भरे आतिथ्य का इंतजार कर रही हूं।'

# अक्षय के साथ फिर दिखेगा जैकलिन का जलवा



मुंबई। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और जैकलिन फर्नांडीस की जोड़ी फिल्म 'रामसेतु' में एक बार फिर पर्दे पर धमाल मचाने के लिए साथ आ रही है। सूत्रों की माने तो जैकलिन को अक्षय के साथ कास्ट कर लिया गया है। मूलरुप से श्रीलंका की रहने वाली जैकलिन फर्नांडिस ने फिल्म अलादीन से बॉलीवुड में एंट्री की थी। 2010 में साजिद नाडियावाला की कॉमेडी फिल्म हाउसफुल में काम किया था। ये फिल्म इतनी सफल रही कि इसके बाद जैकलिन ने पीछे मुड़ कर नहीं देखा। बताया जा रहा है कि फिल्म रामसेतु की शूटिंग अयोध्या में की जाएगी। इस फिल्म को लेकर अक्षय कुमार तब चर्चा में आए थे जब उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। यूपी सीएम योगी से मुलाकात कर अक्षय ने राम की नगरी अयोध्या में फिल्म की शूटिंग करने के लिए इजाजत मांगी थी। अक्षय और सीएम योगी की इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। फिल्म 'रामसेतु' की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है।अक्षय कुमार और अभिषेक शर्मा की फिल्म 'रामसेतु' की कहानी को लेकर अभी भी सस्पेंस बरकरार है। अभिषेक फिल्म में असली अयोध्या दिखाना चाहते हैं इसलिए उत्तर प्रदेश के अलग अलग जगहों पर शूटिंग होगी। अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर जो पोस्टर शेयर किया था उससे तो लगता है कि मयार्दा पुरुषोत्तम राम की कहानी फिल्म रामसेतु में दिखाई जाएगी। पोस्टर के साथ पोस्ट लिखा था कि सभी भारतीयों के अंदर राम के आदर्श को जीवित रखें ताकि हम आने वाली पीढ़ी के लिए एक सेतु बना सके। हमने 'रामसेतु नाम का बीड़ा उठाया है'। इस पोस्टर में अक्षय की फोटो के साथ भगवान राम की फोटो बैकग्राउंड में है। इस पोस्टर के साथ ही पिछले साल दीपावली पर 'रामसेतु' फिल्म की घोषणा अक्षय ने की थी।रामसेतु से पहले अक्षय और जैकलीन एक साथ हाउसफुल, हाउसफुल 2, हाउसफुल 3, ब्रदर्स में साथ काम कर चुके हैं। वहीं साजिद नाडियावाला की फिल्म 'बच्चन पांडेय' में दोनों एक साथ हैं। इस फिल्म का डायरेक्शन फरहाद सामजी करेंगे।

## शहनाज की तस्वीर खूब हो रही वायरल

# सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव नजर आ रही हैं शहनाज



**मुंबई।** आजकल सोशल मीडिया पर शहनाज गिल काफी एक्टिव नजर आ रही हैं। वह अकसर अपनी फोटो और वीडियो शेयर कर फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। सोशल मीडिया पर शहनाज गिल की एक तस्वीर खूब वायरल हो रही है, जिसमें उनका लुक काफी खूबसूरत लग रहा है। बिग बॉस कंटेस्टेंट ने इस फोटो को अपने इंस्टाग्राम एकाउंट से शेयर किया है, जिसे फैंस द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। फोटो को शेयर करते हुए शहनाज गिल ने बताया कि यह मेकअप उन्होंने खुद किया है। शहनाज गिल की इस फोटो को लेकर फैंस भी खूब कमेंट कर रहे हैं, साथ ही जमकर एक्ट्रेस की तारीफें भी कर रहे हैं। शहनाज गिल ने अपनी फोटो को शेयर करते हुए लिखा, 'ये मैंने खुद मेकअप किया है, सुंदर लग रही हूं ना' फोटो को लेकर शहनाज गिल की फैंस भी उनकी जमकर तारीफें कर रहे हैं। मालूम हो कि शहनाज गिल ने बिग बॉस 13 के जरिए खूब लोकप्रियता हासिल की थी। इस शो में शहनाज गिल को काफी पसंद किया गया था। खासकर शहनाज और सिद्धार्थ शुक्ला की जोड़ी को बिग बॉस 13 में दर्शकों ने खूब पसंद किया था। इस शो के बाद शहनाज गिल 'मुझसे शादी करोगे' में भी नजर आई थीं, जिसमें वह अपने लिए दूल्हा ढूंढती हुई दिखाई दी थीं। हालांकि, शो कोरोना वायरस के कारण जल्द ही बंद कर दिया गया था।

कुछ ही दिनों पहले शहनाज गिल का सिद्धार्थ शुक्ला के साथ शोना शोना सॉन्ग रिलीज हुआ था, जिसमें दोनों ने साथ में धमाल मचाकर रख दिया था। बता दें कि शहनाज गिल हाल ही में अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट की शूटिंग के लिए कश्मीर गई थीं। वहां रहते हुए उन्होंने कई फोटो और वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किये थे। अपने एक वीडियो में शहनाज गिल कश्मीरी ड्रेस पर 'बुमरो' सॉन्ग पर डांस करती हुई दिखाई दे रही थीं।

# फिल्म 'अन्नात्थे' की शूटिंग मार्च में शुरू होने की उम्मीद

## सुपरस्टार रजनीकांत की है यह फिल्म



मुंबई। जानलेवा कोरोना वायरस के कारण फिल्म 'अन्नात्थे' की शूटिंग रुक गई थी जो अब अगले महीने मार्च में शुरू होने की उम्मीद है। यह फिल्म सुपरस्टार रजनीकांत की है। रजनीकांत ने दिसंबर 2020 में फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी थी। हैदराबाद में की जा रही शूटिंग में क्रू के 8 लोगों के कोविड पॉजिटिव आने के कारण शूटिंग रोकनी पड़ी थी। रजनीकांत का भी कोरोना टेस्ट हुआ था, लेकिन उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई थी। लेकिन ब्लड प्रेशर में उतार चढ़ाव के चलते उन्हे कुछ दिन हॉस्पिटल में रहना पड़ा था।

हैदराबाद में रजनीकांत का इलाज करने वाले डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने और तनाव न लेने की सलाह दी थी। 'अन्नात्थे' फिल्म के मेकर्स सन पिक्चर्स ने फिलहाल शूटिंग दोबारा शुरू होने की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन खबरों के मुताबिक निमार्ता एक महीने में फिल्म के बचे हिस्सों को पूरा करने के मूड में हैं, जिसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी जल्दी ही कर दी जाएगी। निर्देशक शिव निर्देशक शिव वीरम और विश्वासम फिल्मों से काफी फेमस हुए थे और इस तरह की फिल्में बनाने के लिए लोकप्रिय है। उनके साथ रजनीकांत पहली बार काम करने जा रहे हैं। ऐसे में ये हिट जोड़ी साथ में क्या धमाल करती है ये देखना मजेदार होगा।

फिल्म में रजनीकांत के अलावा प्रकाश राज, कीर्ति सुरेश, सतीश, खुशबू, नयनतारा, मीना, सोरी और रोबो शंकर जैसे अभिनेताओं को भी देखने को मिलेगा। द्वारा अभिनीत कलाकारों की टुकड़ी है। फिल्म का संगीत डी इम्मान ने दिया है ।बताया जा रहा है कि रजनीकांत पहले अपने हिस्से को पूरा कर देगें ताकि पोस्ट प्रोडेक्शन के लिए टाइम मिल सके। मूवी को दीवाली पर रिलीज करने की प्लानिंग की गई है। सन पिक्चर्स ने ट्विटर पर फिल्म की रिलीज की डेट शेयर की थी, जिसके बाद से ही रजनीकांत के फैंस खसा उत्साहित हैं।

# भोजपुरी फिल्म 'विनाशक' को मिली बंपर ओपनिंग, थिएटर के बाहर लगा हाउसफुल का बोर्ड




मुंबई। कोरोना लॉकडाउन की वजह से थिएटर में फिल्मों का प्रदर्शन बंद हो गया था। सरकार द्वारा थिएटर खोले जाने के आदेश के बावजूद बड़ी फिल्में रिलीज नहीं हो रहीं थी। इस बीच एक बड़ी भोजपुरी फिल्म 'विनाशक' रिलीज हुई और लोगों ने इसका स्वागत बम्पर ओपनिंग के साथ किया। फिल्म का प्रीमियर आनंद मंदिर वाराणसी में रखा गया, जहां फिल्म से जुड़ी स्टार कास्ट भी मौजूद थी।

फिल्म के प्रदर्शित होते ही फिल्म को देखने काफी संख्या में लोग पहुंचे और थिएटर के सामने हाउसफुल का बोर्ड लग गया। फिल्म के प्रीमियर में समर सिंह, अयाज खान, संतोष यादव पहलवान, आकांक्षा दुबे, निर्देशक मिठाई लाल यादव, आनंद मंदिर सिनेमाघर के आकाश दुबे सहित फिल्म की टीम से जुड़े कई लोग मौजूद थे। समर सिंह की एक्शन से भरपूर फिल्म 'विनाशक' का ऑटो से काफी प्रचार प्रसार किया गया था। सब के चहेते देसी स्टार समर सिंह की यह फिल्म आनंद मंदिर वाराणसी और कन्हैया टाकीज मुगलसराय में रोजाना 3 शो चल रही है। समर सिंह अभिनीत इस फिल्म में दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे का एक जबर्दस्त आइटम डांस 'पतिदेव' गाने पर है, जो काफी वायरल हो रहा है।

फिल्म का निर्देशन मिठाई लाल यादव ने किया है जबकि श्वेता सिंह और समरजीत सिंह इसके निमार्ता हैं। फिल्म विनाशक में अभिनेता समर सिंह की हीरोइन भोजपुरी की प्रख्यात अभिनेत्री अंजना सिंह है। इस फिल्म में दमदार एक्शन, डायलॉग और ड्रामा सब कुछ है। फिल्म में अभिनेता समर सिंह की दमदार भूमिका है, जो समाज में हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते हैं और लोगों को शांति का पाठ पढ़ा रहे हैं। फिल्म में एक से बढ़कर एक गाने है, जिन्हें बार-बार सुनने का दिल चाहता है। फिल्म में अंजना सिंह एक कॉलेज गर्ल की भूमिका में हैं। रोमांटिक कहानी के साथ-साथ फिल्म सामाजिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर बेस्ड है। फिल्म में समर सिंह महादेव का रोल कर रहे हैं, जो गांव के ठाकुर के विरूद्ध पंचायत का इलेक्शन लड़ता है।

# सोशल मीडिया पर अपने विचार रखे पूजा भट्ट ने



अभिनेत्री-फिल्म निमार्ता पूजा भट्ट को लगता है कि सिर्फ नगर निगम को दोष देना समस्या का कोई हल नहीं है। नागरिकों को अधिक सचेत होने की आवश्यकता है। पूजा ने शहर के बांद्रा इलाके में कचरे के निपटान और अनाधिकृत पार्किंग के बारे में सोशल मीडिया पर अपने विचार रखे। पूजा भट्ट ने ट्वीट कर कहा, 'यह बताने के लिए क्षमा करें, लेकिन बांद्रा पूरी तरह से बेतरतीब हो गया है। नागरिकों को अधिक सचेत रहने की आवश्यकता है कि वे कचरे का निपटान कैसे करें।' एक अलग ट्वीट में, उन्होंने लिखा, 'यदि हर सोसायटी ने कचरे और यहां तक कि अनधिकृत पार्कि ग के संबंध में अपनी इमारत के बाहर लेन/सड़क की जिम्मेदारी ले ली, तो जीवन अलग होगा।'













